आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर

3 राजधानी — छग रेरा की सिंगल विंडो प्रणाली को...

4 रविवारीय — कोरोना के जूझता विश्व...

9 मनोरंजन/खेल — दिहाड़ी मजदूरों की मदद के लिये अपनी प्यारी...

11 व्यापार — निवेश लाकर रोजगार बढ़ाना है - वित्त मंत्री

www.navpradesh.com

बिलासपुर, रविवार 17 मई 2020, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-दशमी , विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-37 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोना न सिर्फ इंसानों को बेमौत मार रहा है बल्कि इंसानों में जो थोड़ी बहुत इंसानियत बची है उसको भी खत्म कर रहा है। कोरोना संक्रमित मरीजों और मजदूरों को न सिर्फ समाज बल्कि अपने परिवार के भी तिरस्कार का सामना करना पड़ रहा है। यह तो चिकित्यक और स्वास्थ्यकर्मी ही है जो कोरोना संक्रमितों के लिए मसीहा बने हुए है। यह ठीक है कि कोरोना संक्रमित लोगों से दूरी बनाई जानी चाहिए लेकिन उन्हे इतनी भी तिरस्कृत नहीं किया जाना चाहिए कि उनमें कोरोना से लड़ने की हिम्मत ही न रह जाए और वे असमय ही काल का ग्रास बन जाएं।

आय और रोजगार के साधन के रूप में विकसित होंगे प्रदेश के जंगल : सीएम

- वृक्षारोपण अभियान: प्रदेश में पांच करोड़ पौधे लगाए जाएंगे: पौधों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश
- गौठानों में लघु वनोपजों के 50 लाख पौधों का होगा रोपण
- स्व-सहायता समूह तैयार करेंगे बांस के 4 लाख ट्री गार्ड, लगभग 16 करोड़ रूपए की होगी आमदनी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वनों को आदिवासियों की आय और रोजगार के साधन के रूप में विकसित करने की रणनीति पर काम करने के निर्देश शुक्रवार को यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित वन विभाग के कामकाज की समीक्षा बैठक में दिए। साथ ही उन्होंने वनों के संरक्षण और संवर्धन के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत रोपित पौधों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। प्रदेश में वन विभाग द्वारा इस वर्ष विभिन्न मदों के अंतर्गत पांच करोड़ एक लाख पौधे के रोपण का लक्ष्य रखा गया है।

ऐसे बढ़ेगी हितग्राही की आमदनी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बैठक में कहा कि जिन हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टे दिए जा रहे हैं उन्हें वृक्षारोपण के साथ जोड़ा जाना चाहिए और इन हितग्राहियों की जमीन पर मनरेगा और वन विभाग की योजनाओं के तहत अभियान चलाकर महुआ, हर्रा, बहेरा, आंवला, आम, इमली, चिरौंजी जैसे अलग-अलग प्रजातियों के फलदार वृक्ष लगाए जाएं, इससे भी जंगल बचेगा और हितग्राही को आमदनी भी होगी। इन हितग्राहियों को तत्काल आय का साधन उपलब्ध कराने उनकी जमीन पर तीखुर, हल्दी और जिमीकांदा भी लगाया जाना चाहिए, जिससे उन्हें इनसे आय मिल सके।

वनों को रोजगार-आय का जरिया बनाए

सीएम बघेल ने कहा कि आज आदिवासी जंगलों से विमुख हो रहे हैं क्योंकि जंगल उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। हमें जंगलों को वनवासियों के लिए रोजगार और आय का जरिया बनाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि फलदार वृक्ष लगाने के साथ-साथ लघु वनोपजों के संग्रहण ■ शेष पृष्ठ 8 पर

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने चौथी किश्त का किया ऐलान

ग्रोथ को बढ़ाने निजी क्षेत्र के लिए खोले द्वार

- रक्षा उत्पादन में एफडीआई की सीमा 49 से बढ़कर 74 फीसदी होगी
- कोयला खनन और स्पेस सेक्टर में खत्म होगा सरकार का एकाधिकार

नवप्रदेश दिल्ली ब्यूरो

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत घोषित 20 लाख करोड़ रुपए के पैकेज की चौथी किश्त की घोषणा शनिवार को की। इसके तहत उन्होंने कई बड़े सुधारों का ऐलान किया। सीतारमण ने निवेश के जरिए ग्रोथ बढ़ाने के लिए प्राइवेट सेक्टर के लिए कई रास्ते खोल दिए हैं। कोयला खनन और स्पेस सेक्टर में सरकार के एकाधिकार को खत्म करके प्राइवेट सेक्टर को आमंत्रित किया है। इसके अलावा खनिज, बिजली, रक्षा उत्पादन, नागरिक विमानन सेक्टर के लिए भी बड़े सुधारों की घोषणा की है। वित्त मंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता लाने के लिए मेक इन इंडिया को बल देना जरूरी है। भारत ने इस दिशा में कई कदम उठाए हैं। रक्षा उत्पादन में एफडीआई सीमा को 49 पर्सेंट से ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हथियारों के आयात पर लगेगा बैन

हथियारों की लिस्ट को नोटिफाई किया जाएगा और आयात पर बैन लगाया जाएगा। साल दर साल भारत में ही हथियारों का उत्पादन बढ़ाया जाएगा और जो पुर्जे आयात करने पड़ते हैं उनका भी उत्पादन देश में ही किया जाएगा। इसके लिए अलग से बजट दिया जाएगा। इससे रक्षा आयात खर्च कम होगा और उन कंपनियों को लाभ होगा जो भारत में सेना के लिए हथियार बनाएंगी। ऑर्डिनेंस फैक्ट्री ऑर्गनाइजेशन को निगमीकृत किया जाएगा। वित्तमंत्री ने जोर दिया कि कामकाज में सुधार के लिए निगमीकृत किया जाएगा, निजीकरण नहीं किया जाएगा। इसे शेयर बाजार में सूचीबद्ध किया जाएगा। आम लोग इसके शेयर खरीद सकेंगे।

निवेश पॉलिसी में सुधार

वित्त मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए निवेश में नीतिगत सुधार किए जाएंगे। सचिवों के अधिकारप्राप्त समूह के जरिए निवेश योजनाओं को जल्द मंजूरी दी जाएगी। हर मंत्रालय में प्रॉजेक्ट डिवेलपमेंट सेल बनाए जाएंगे। ये निवेशकों और राज्य सरकारों से समन्व्य करेंगे। राज्यों की रैकिंग की जाएगी। निवेश के लिए उनकी योजनाएं कितनी आकर्षक हैं इनकी रैकिंग की जाएगी। न्यू चैंपियन सेक्टर को प्रत्साहित किया जाएगा। देश के 3376 औद्योगिक क्षेत्र 5 लाख हेक्टेयर जमीन में हैं। इन्हें मैप किया जाएगा, ताकि निवेशकों को जल्द जमीन उपलब्ध कराए जा सकें।

कोल सेक्टर में कमर्शियल माइनिंग को मंजूरी

वित्त मंत्री ने कहा कि कोल सेक्टर में कमर्शियल माइनिंग को मंजूरी दी जाएगी। कोयला क्षेत्र में सरकार का एकाधिकार खत्म होगा। अभी भी भारत काफी मात्रा में कोयला आयात करता है। हम अपनी क्षमता का दोहन नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए इसमें बदलाव किया जाएगा। कोयला माइनिंग के लिए नीलामी प्रक्रिया होगी। 50 नए ब्लॉक्स नीलामी के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास पर केंद्र सरकार 50 हजार करोड़ रुपए खर्च करेगी।

खनिज खनन में निजी निवेश

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि खनिज खनन सेक्टर में सुधार लाए जाएंगे। निजी निवेश को बढ़ाया जाएगा। एक पारदर्शी नीलामी तरीके से 500 खनिज ब्लॉक उपलब्ध कराए जाएंगे। बॉक्साइट और कोल मिनरल ब्लॉक के लिए संयुक्त निलामी को बल दिया जाएगा। इससे बिजली खर्च में कमी आएगी। इससे खनन बढ़ेगा और रोजगार सृजन होगा। मिनरल इंडेक्स बनाया जाएगा।

सात घंटे में दो सड़क हादसों में 30 प्रवासी मजदूरों ने तोड़ा दम

- उत्तर प्रदेश के औरैया में दो ट्रकों की टक्कर में 24 की गई जान
- मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में ट्रक पलटने से 6 की मौत

औरैया/सागर/नवप्रदेश। लॉकडाउन के बीच देश में शुक्रवार व शनिवार की दरम्यानी रात से शनिवार की सुबह तक करीब 7 घंटे में हुए दो सड़क हादसों में 30 प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई। पहला हादसा उत्तर प्रदेश के औरैया में रात करीब तीन बजे हुआ। जबकि दूसरा मध्य प्रदेश के सागर संभाग के छतरपुर जिले में सुबह हुआ। औरैया में दो ट्रक के टकरा जाने से 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि सागर में प्रवासी मजदूरों को ले जा रहे ट्रक के पलटने से 6 मजदूरों ने दम तोड़ दिया और दो दर्जन से ज्यादा घायल हो गए। ये सभी मजदूर लॉकडाउन के कारण काम बंद होने से अपने-अपने गांवों को लौट रहे थे।

औरैया : चूने से लदा ट्रक टकराया श्रमिकों को ले जा रहे मिनी ट्रक से

औरैया में हादसे का शिकार हुए लोग लॉकडाउन में काम बंद होने के कारण राजस्थान से झारखंड एक मिनी ट्रक में सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान एक चूने से लदे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। चूने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अलर्ट

ओडिशा में तूफान की आशंका, अधिकारी सतर्क

भुवनेश्वर(वार्ता)। ओडिशा सरकार ने बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने और चक्रवाती तूफान की आशंका के मद्देनजर आवश्यक कदम उठाने के लिए संबंधित जिला कलेक्टर को सतर्क कर दिया है। आयुक्त (विशेष राहत) प्रदीप कुमार जेना ने शुक्रवार को कहा कि चक्रवाती तूफान की स्थिति का हालांकि अभी पता नहीं चला है, लेकिन जिला कलेक्टरों को सभी जरूरी कदम उठाने के लिए कहा गया है। इस बीच, राज्य के मुख्य सचिव असित कुमार त्रिपाठी ने पुलिस महानिदेशक, उप महानिरीक्षक ओडिशा आपदा राहत मोचन बल और राष्ट्रीय आपदा राहत मोचन बल समेत विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

कोरोना अपडेट

देश	कंफर्म केस	मौत
भारत	86,667	2,760
अमेरिका	1,486,083	88,557
ब्रिटेन	240,161	34,466
इटली	223,885	31,610
स्पेन	274,367	27,459
फ्रांस	179,506	27,529
ब्राजील	220,291	14,962
बेल्जियम	54,989	9,005
जर्मनी	175,699	8,001
ईरान	118,392	6,937
नीदरलैंड	43,681	5,643
कनाडा	74,613	5,562
मैक्सिको	45,032	4,767
टर्की	146,457	4,055
स्वीडन	29,207	3,646
रूस	272,043	2,537

शेयर बाजार

संसेक्स- 31097.73

निफ्टी- 9136.85

गोल्ड- 47379 (10 ग्रा.)

सिल्वर- 46721 (1 कि ग्रा.)

सरकार को आर्थिक पैकेज पर फिर से विचार करने की सलाह दी

गरीबों-मजदूरों की जेब में पैसे डालिए : राहुल

- कहा- इन्हें कर्ज की नहीं बल्कि सीधी आर्थिक मदद की जरूरत

नई दिल्ली (वार्ता)। कोरोना वायरस संकट और लॉकडाउन के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए स्थानीय पत्रकारों से बातचीत की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार से आग्रह किया कि वह आर्थिक पैकेज पर पुनर्विचार करें और लोगों के खातों में सीधे पैसे डालें क्योंकि इस वक्त उन्हें कर्ज की नहीं, बल्कि सीधी आर्थिक मदद की जरूरत है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 20 लाख करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज की घोषणा पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मैं कोई राजनीतिक बयान नहीं दे रहा हूं, बल्कि पूरे देश की तरफ से बोल रहा हूं। उन्होंने कहा कि सरकार को आर्थिक पैकेज पर दोबारा विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रोत्साहन पैकेज की शुरुआत करके सरकार ने एक अच्छा कदम उठाया है, लेकिन इसमें जरूरतमंदों, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

वानखेड़े स्टेडियम बनेगा क्वारंटाइन सेंटर

मुंबई(वार्ता)। कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्यों में महाराष्ट्र शीर्ष पर है। राजधानी मुंबई में हालात और बेकाबू होते जा रहे हैं। लिहाजा प्रसिद्ध वानखेड़े स्टेडियम को क्वारंटाइन सेंटर में बदलने की तैयारी चल रही है। बृहनमुंबई महानगर पालिका ने इसके लिए मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को पत्र लिखा है और और वानखेड़े स्टेडियम को अपने कब्जे में लेने की गुजारिश की है। इस संबंध में समाचार एजेंसी एएनआई ने भी ट्वीट किया है। इसके मुताबिक महानगर पालिका की ओर से लिखे गए पत्र में कहा गया है कि स्टेडियम में सिर्फ असिंप्टोमेटिक कोरोना पेशेंट को ही रखा जाएगा। इस पत्र पर मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने सकारात्मक संकेत दिए हैं। बता दें कि महाराष्ट्र में सर्वाधिक मरीज मुंबई में ही सामने आए हैं और यहां मरीजों का आंकड़ा अब भी बढ़ता ही जा रहा है।

विस्तृत पेज 9 पर

काम आई दोस्ती, भारत को 20 करोड़ के वेंटिलेटर भेजेगा यूएस

- 3 हफ्ते में करीब 200 वेंटिलेटर आएंगे भारत में
- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्वीट कर बताया

नई दिल्ली (वार्ता)। कोरोना संकट के बीच अमेरिका और भारत की बीच दोस्ती की झलक देखने को मिल रही है। भारत ने जहां कोरोना संकट से जूझ रहे अमेरिका को एंटी मलेरिया दवा हाईड्रोक्सीक्लोरोक्वीन देकर मदद की, वहीं कोरोना से मुकाबला करने के लिए अमेरिका ने भारत को करीब 200 वेंटिलेटर दान करने का ऐलान किया है। माना जा रहा है कि तीन सप्ताह के भीतर अमेरिका से ये 200 मोबाइल वेंटिलेटर भारत आ जाएंगे।

ट्रंप ने मोदी को बताया अच्छा मित्र

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों के बीच नजदीकी साझेदारी का जिक्र किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र को अपना 'अच्छा मित्र' बताया। डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ट्वीट किया, 'मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है कि अमेरिका भारत में हमारे मित्रों को वेंटिलेटर्स दान करेगा। हालांकि व्हाइट हाउस ने अभी यह नहीं बताया कि कितने वेंटिलेटर दान किए जाएंगे।' उन्होंने कहा कि हम इस महामारी के दौरान भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े हैं। हम वैक्सीन बनाने पर भी सहयोग कर रहे हैं। हम मिलकर अदृश्य दुश्मन को हरा देंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'हम भारत में बहुत सारे वेंटिलेटर्स भेज रहे हैं। मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की है। हमारे पास वेंटिलेटरों की बढ़िया आपूर्ति है।

गरमा-गरम

लॉकडाउन 4.0 — कोविड 19 से निपटने के लिए देशभर में करीब 2 माह से गतिविधियां ठप

शॉपिंग मॉल, ऑटो-रिक्शा, घरेलू उड़ानें शुरू होने की संभावना

नई दिल्ली। राष्ट्रव्यापी बंद 4.0 कुछ विशेष शर्तों के साथ सोमवार से शुरू होने वाला है। ये उम्मीद की जा रही है कि इस दौरान ऑटो-रिक्शा की आवाजाही शुरू हो जाएगी, शॉपिंग मॉल खुल जाएंगे और घरेलू उड़ानें भी शुरू हो सकती हैं। कोविड-19 संकट से पार पाने के लिए देशभर में करीब दो महीनों से आर्थिक गतिविधियां ठप पड़ी हुई हैं, जिससे अर्थव्यवस्था चरमराई हुई है। आगामी सप्ताह से अगर कुछ क्षेत्रों को फिर से कार्य संचालित करने की मंजूरी मिल जाती है तो इससे अर्थव्यवस्था को कुछ सहारा जरूर मिल जाएगा।

ग्रीन और ऑरेंज जोन में मिलेगी राहत

मेट्रो, बस सेवा, नाई की दुकानें, रेस्तरां, स्थानीय बाजार और घरेलू उपकरण मरम्मत की दुकानों को चौथे चरण के बंद के दौरान नए दिशानिर्देशों के तहत ग्रीन व ऑरेंज क्षेत्रों में काफी आराम से अनुमति दी जा सकती है, जो एक बार फिर 14 दिनों के लिए विस्तारित हो सकता है। हालांकि, रेड जोन में शनिवार शाम ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कई राज्य लॉकडाउन बढ़ाने के पक्ष में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके सलाहकार पी. के. मिश्रा के साथ ही कैबिनेट सचिव राजीव गौबा के साथ समन्वय के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को इस संबंध में मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद गृह मंत्रालय की शनिवार को भी एक बैठक होने जा रही है। कई राज्यों ने मई के अंत तक बंद जारी रखने की सलाह दी है। गृह मंत्रालय, जो राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम (एनडीएमए) के तहत लॉकडाउन उपायों की घोषणा करता है, निर्णय लेने के लिए प्राप्त विचारों पर विचार कर रहा है। एक सूत्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुरोध पर अधिकांश राज्यों ने शुक्रवार तक लॉकडाउन विस्तार पर अपने विचार साझा किए थे, ताकि गृह मंत्रालय पूरी तरह से अलग लॉकडाउन उपायों के साथ सामने आ सके।

कोरोना : दो-तिहाई समय में चीन के बराबर हुआ भारत का आंकड़ा

नयी दिल्ली (वार्ता)। देश में कोरोना वायरस 'कोविड-19' के संक्रमण की रफ्तार भले ही आरंभ में चीन के मुकाबले काफी कम रही हो लेकिन कुल संक्रमितों के आँकड़े में दो-तिहाई समय में हमने पड़ोसी देश की बराबरी कर ली है। चीन से इस बीमारी की शुरुआत हुई थी। अधिकतर विशेषज्ञों का मानना है कि वहाँ पहला मामला 01 दिसंबर को सामने आया था हालाँकि उस समय यह पता नहीं था कि यह किस तरह की बीमारी है। इसके लक्षण निमोनिया जैसे थे, लेकिन प्रयोगशालाओं में इसके कारण का पता नहीं चल पा रहा था। बाद में इसे नोबल कोरोना वायरस यानी नये तरह के कोरोना वायरस के नाम से पुकारा जाने लगा। आगे चलकर इस वायरस को औपचारिक रूप से सार्स एनकोव-2 तथा बीमारी को कोविड-2 नाम दिया गया। चीन में अब तक 84 हजार से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं।

कोरोना वायरस ने तोड़ दी कमर

80 फीसदी कमाई घटी, इन पांच राज्यों पर सबसे बुरा असर

नई दिल्ली (ए.)। कोरोना संकट के कारण हुए लॉकडाउन के दौरान 80 फीसदी से ज्यादा भारतीयों की आमदनी में कमी आई है। साथ ही काफी लोग हैं जिनका बिना सहायता के ज्यादा दिन तक जीना मुश्किल हो जाएगा। यह खुलासा सेंटर फॉर इंडियन इकोनॉमी (सीएमआई) के 27 राज्यों में किए गए एक सर्वे में हुआ है। सर्वे के मुताबिक, देश के 84 फीसदी लोग महज 3801 रुपये तक कमाते हैं, उनकी आमदनी पर बुरा असर पड़ा है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि देश के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजी-रोजगार पर सबसे बुरा असर पड़ा है, हालांकि इन क्षेत्रों में कोरोना वायरस का प्रसार काफी कम है। देश की 130 करोड़ आबादी में शामिल बड़ा वर्ग चाहे वे हिंदू परिवार हों या मुस्लिम सबकी कमर टूट गई है। इस सर्वे में देशभर के 5800 परिवारों से अप्रैल महीने में बात की गई। इस सर्वे के आंकड़ों का विश्लेषण यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के अर्थशास्त्र के प्रोफेसर मारीन बर्टेंड और सीएमआईई के मुख्य अर्थशास्त्री कौशिक कृष्णन ने किया है।

पांच राज्यों पर सबसे बुरा असर :

लॉकडाउन का सबसे बुरा असर देश के पांच राज्यों पर पड़ा है। ये राज्य हैं पूर्वोत्तर का त्रिपुरा और उत्तर भारतीय राज्य छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड और हरियाणा।

आमदनी गंवाने वालों का अनुपात

- 84 फीसदी लोग 3801 रुपये तक कमाने वाले
- 92 फीसदी लोग 3801 से 5914 रुपये तक कमाने वाले
- 93 फीसदी लोग 5914 से 8142 रुपये तक कमाने वाले
- 85 फीसदी लोग 8142 से 12374 रुपये तक कमाने वाले
- 66 फीसदी लोग 12374 से 101902 रुपये तक कमाने वाले

एक हफ्ते भी जीना मुश्किल

इस सर्वे में 34 प्रतिशत परिवारों ने कहा कि वे बिना अतिरिक्त आर्थिक मदद के एक सप्ताह भी नहीं रह पाएंगे। सर्वे में ऊंचे वेतन वाले लोगों की आय में कमी कम देखी गई हैं, क्योंकि इनमें ज्यादातर लोगों पास स्थायी नौकरी है। वे लॉकडाउन के दौरान घर से काम करने के विकल्प पर काम भी कर पा रहे हैं। कम आय वाले समूह में सिर्फकृषि कार्य से जुड़े लोग और खानपान से जुड़े श्रमिकों को ही काम मिल पा रहा है।

10 करोड़ रोजगार खत्म

सीएमआईई और दूसरी संस्थाओं के आंकड़ों के मुताबिक, देश में 25 मार्च को लॉकडाउन के ऐलान होने के बाद एक महीने में तकरीबन 10 करोड़ भारतीयों का रोजगार खत्म हो गया है। दुनिया भर में बात की जाए तो 1.3 अरब लोगों की आमदनी अलग अलग देशों में चल रहे लॉकडाउन के कारण बड़े पैमाने पर प्रभावित हुई है।

---

185 नर्सों ने दिया इस्तीफा, गृहराज्य का किया रुख

नई दिल्ली। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड 19) से लड़ाई के बीच पश्चिम बंगाल में बड़ी संख्या में नर्सों के काम छोड़कर अपने गृहराज्य लौट जाने से यह राज्य अब एक बड़े संकट में घिरता नजर आ रहा है। प्राप्त रिपोर्टों के मुताबिक, पश्चिम बंगाल में विभिन्न अस्पतालों में सेवारत मणिपुर की कुल 185 नर्सों ने नौकरी से इस्तीफा दे दिया है और अपने गृहराज्य लौट भी गई हैं। रिपोर्ट से यह भी पता चल रहा है कि अन्य पूवोर्त्तर राज्यों और ओडिशा में भी काफी संख्या में नर्सें नौकरी छोड़ सकती है। बहरहाल इतनी तादाद में नर्सों के इस्तीफे के वास्तविक कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। इस बीच कुछ वर्गों से नर्सों के इस्तीफों के मामले में केंद्र से हस्तक्षेप करने की मांग किये जाने की खबरें भी आ रही हैं। पश्चिम बंगाल में कोरोना वायरस से अब तक 2461 लोगों के संक्रमित होने के मामले सामने आए हैं और 225 लोगों की इस बीमारी से मौत हो चुकी है जबकि 829 लोग भी ठीक हुए है। पश्चिम बंगाल में कोरोना संक्रमण से हुई मौतों के आंकड़ों में विरोधाभास को लेकर उपजे विवादों के बीच राज्य सरकार ने 12 मई को एक बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव विवेक कुमार को पद से हटाकर उन्हें पयार्वरण विभाग में स्थानांतरित कर दिया था। राज्य सरकार ने इसे हालांकि 'नियमित स्थानांतरण' की प्रक्रिया बताया है, वहीं राजनीतिक हलकों में इस घटनाक्रम को केंद्र और राज्य की ओर से कोरोना वायरस के संक्रमण से मरने वालों की संख्या के आकलन में विसंगति के परिणाम के रूप में देखा जा रहा है।

ट्रंप के वेंटिलेटर देने की पेशकश पर भारत ने जताया आभार

धन्यवाद राष्ट्रपति, भारत-अमेरिका की दोस्ती और मजबूत हो : मोदी

नई दिल्ली (ए.)। कोरोना वायरस संकट के बीच भारत को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 200 वेंटिलेटर दान करने के फैसले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिक्रिया आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप को धन्यवाद दिया और कहा कि इस महामारी के खिलाफसामूहित तौर पर लड़ाई लड़ी जा रही है। भारत और अमेरिका की दोस्ती को और मजबूती मिले। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका कोरोना वायरस के खिलाफलड़ाई में भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा है। ट्रंप ने अपने ट्वीट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना बहुत अच्छा मित्र बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, 'धन्यवाद राष्ट्रपति ट्रंप। यह महामारी सामूहिक रूप से हम सभी द्वारा लड़ी जा रही है। ऐसे समय में राष्ट्रों को एक साथ काम करने और दुनिया को स्वस्थ बनाने और कोविड-19 से मुक्त करने के लिए जितना संभव हो उतना काम करना जरूरी है। भारत और अमेरिका की दोस्ती को और अधिक शक्ति मिले।' दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ट्वीट कर ऐलान किया था कि अमेरिका, भारत को वेंटिलेटर दान करेगा। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से अपना अच्छा दोस्त बताया। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने ट्वीट में कहा, 'मुझे ये घोषणा करते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत में हमारे दोस्तों को वेंटिलेटर दान करेगा। हम इस महामारी के दौरान भारत और नरेंद्र मोदी के साथ खड़े हैं। हम वैक्सीनि बनाने में भी सहयोग कर रहे हैं। साथ मिलकर हम अदृश्य दुश्मन को हरा देंगे।'

तीन सप्ताह में अमेरिका से आएंगे वेंटिलेटर

सूत्रों की मानें तो अमेरिका ने भारत को करीब 200 वेंटिलेटर दान करने का ऐलान किया है। सरकारी अधिकारी ने कहा कि ऐसे संकेत दिए गए हैं कि वेंटिलेटर की ये खेप इस महीने के अंत या फिर जून पहले सप्ताह तक भारत में आ जाएगी। एक वेंटिलेटर की कीमत करीब दस लाख रुपये (.13,000 यानी 9.6 लाख रुपये) आंकी गई है। इसमें ट्रांसपोर्टेशन की लागत शामिल नहीं है। कुल मिलाकर 200 वेंटिलेटर पर 2.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर (यानी करीब 20 करोड़) की कीमत आएगी।

वैक्सीन पर ट्रंप ने क्या कहा

भारतीय-अमेरिकी को महान वैज्ञानिक और अनुसंधानकर्ता बताते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका साथ मिल कर कोविड-19 का टीका विकसित करने में जुटे हुए हैं। ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा कि इस साल के अंत तक कोविड-19 का टीका विकसित होने की संभावना है।

भारत ने भेजी थी दवा

डोनाल्ड ट्रंप के अनुरोध पर पिछले महीने भारत ने अमेरिका में कोविड-19 के मरीजों इलाज के लिए हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन की पांच करोड़ गोलियां भेजी थीं। इससे पहले ट्रंप ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की थी। उन्होंने फरवरी में अपनी नई दिल्ली, अहमदाबाद तथा आगरा की यात्रा का जिक्र करते हुए कहा, 'भारत महान देश है और आप जानते हैं कि आपके प्रधानमंत्री मेरे बहुत अच्छे मित्र हैं।

भारत के लिए ट्रंप ने क्या कहा

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'मैं कुछ ही समय पहले भारत से लौटा हूं और हम भारत के साथ मिल कर काम कर रहे हैं। अमेरिका में भारतीय बहुत बड़ी संख्या में हैं और आप जिन लोगों के बारे में बात कर रहे हैं उनमे से कई लोग टीका विकसित करने में जुटे हुए हैं। बेहतरीन वैज्ञानिक और अनुसंधानकर्ता।'

भारत में कोरोना वायरस का हाल

देश में कोरोना वायरस के संक्रमितों की संख्या 85940 हो गई है, जो चीन से भी अब अधिक हो गई है। पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस से 103 लोगों की मौतें हुई हैं और कुल 3970 नए मामले सामने आए हैं। शनिवार को जारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, देशभर में कोरोना वायरस के मामले बढ़कर करीब 85940 हो गए हैं और कोविड-19 से अब तक 2752 लोगों की मौत हो चुकी है। कोरोना के कुल 85940 केसों में 53035 एक्टिव केस हैं, वहीं 30153 लोगों को अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है या फिर वह ठीक हो चुके हैं। कोरोना वायरस से अब तक सर्वाधिक 1068 लोगों की मौत महाराष्ट्र में हुई।

कोरोना के बीच आईएमएफ से फिर झूठ बोला पाक

20% तक बढ़ा सकता है अपनी सेना का बजट, भारत बोला- *हमने पहले ही कहा था*

नई दिल्ली (ए.)। 16 अप्रैल की बैठक में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कोरोना वायरस संकट से निपटने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के 1.4 मिलियन डॉलर की सहायता के अनुरोध को मंजूरी दी थी। उस समय बोर्ड के भारतीय प्रतिनिधि सुरजीत भल्ला ने संदेह जताया था। भल्ला का कहना था कि पाकिस्तान इस फंड का प्रयोग अपने रक्षा बजट में कर सकता है। इसलिए आईएमएफको दिए गए फंड का ट्रैक रखना चाहिए।

संसाधनों का कोई विभाजन न हो

आईएमएफको यह सुनिश्चित करने के लिए निगरानी करनी चाहिए कि आईएमएफ की सहायता का उपयोग केवल कोविड-19 के लिए किया जाए और सुरक्षा जैसे अन्य क्षेत्रों में इन संसाधनों का कोई विभाजन न हो। और न ही किसी विशाल ऋण देनदारियों की सेवा के लिए इसका प्रयोग हो। भल्ला ने कहा, पहले भी रिपोर्टें थीं कि पाकिस्तान ने ये सब किया था। एक महीने से भी कम समय में ही देखने को मिल गया है कि भारतीय अर्थशास्त्री पाक के लिए सही कह रहे थे।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय अगले वित्तीय वर्ष के लिए अपने सेना कर्मियों के वेतन में 20त्न की बढ़ोतरी कर सकता है। लीक हुए रक्षा मंत्रालय के एक ज्ञापन में कहा गया है कि सेवा मुख्यालय के परामर्श से संयुक्त कर्मचारी मुख्यालय ने बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा था। भारत में पाकिस्तान पर नजर रखने वालों का कहना है कि पाक मिलिटरी के दबाव में सेना को बजट का सबसे बड़ा हिस्सा मिलता है।

नजर रखने की अपील

इस साल बजट वृद्धि के लिए सेना का जोर तब आया है जबकि पाकिस्तान का वित्तीय संकट, दुनिया में कहीं और अर्थव्यवस्थाओं की तरह, कोविद -19 के प्रकोप के कारण खराब हो गया है। भारत में पाकिस्तान पर नजर रखने वाले जोर देते हैं कि सेना के कमांडरों को खुश रखने के लिए रक्षा बजट में बढ़ोतरी एक गलत प्रस्ताव है, चाहे आप इसे कैसे भी देखें।

बडगाम में लश्कर के ठिकाने का पता चला, 5 आतंकवादी गिरफ्तार

श्रीनगर (ए.)। जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में पुलिस ने शनिवार को पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लश्कर-ए-तैयबा के ठिकाने का भंडाफोड़ किया। बडगाम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अमोद नागपुरे ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर अरिजल गांव में आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना के बाद पुलिस, 53 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और केन्द्रीय रिजव पुलिस बल की 153 बटालियन ने इलाके में संयुक्त घेराबंदी और तलाश अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान लश्कर के एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया जिसकी पहचान जहूर वानी के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों के एक ठिकाने का भी पता चलाया गया है जिसका आतंकवादी छिपने के लिए इस्तेमाल किया करते थे। आतंकवादियों के ठिकाने से हथियार और गोला-बारूद सहित विभिन्न प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई। उन्होंने बताया कि चार अन्य आतंकवादियों यूनिस मीर, असलम शेख, परवेज शेख और रेहमान लोन को भी गिरफ्तार किया गया है। सभी खानसैब के निवासी हैं। नागपुरे ने बताया कि यह समूह पिछले कुछ महीनों से इस इलाके में सक्रिय था।

रोहिणी जेल में 15 कैदियों को हुआ कोरोना, हेड वार्डन भी संक्रमित

नई दिल्ली (ए.)। कोरोना वायरस के कहर के बीच दिल्ली की रोहिणी जेल से बड़ी खबर आई है। रोहिणी जेल के 15 कैदी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। इतना ही नहीं, एक हेड वार्डन भी कोरोना से संक्रमित हो गए हैं। बता दें कि दिल्ली में कोरोना के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है और अब तक करीब 9 हजार मामले सामने आ गए हैं। जेल सूत्रों ने बताया कि रोहिणी जेल में 19 कैदियों का कोरोना टेस्ट कराया गया था, जिनमें से 15 कैदी पॉजिटिव पाए गए हैं। कोरोना संक्रमित कैदी समेत हेड वार्डन को क्वारंटाइन होम में भेज दिया गया है।

दिल्ली में कोरोना की स्थिति

दिल्ली में कोरोना वायरस के संक्रमण की रफ्तार में कमी नहीं आई है। राजधानी में कोरोना वायरस के अब तक 8895 मामले आ चुके हैं। कोविड-19 महामारी से जहां 123 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं 3518 लोग पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं।

देश में कोरोना की स्थिति

देश में कोरोना वायरस के संक्रमितों की संख्या 85940 हो गई है, जो चीन से भी अब अधिक हो गई है। पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस से 103 लोगों की मौतें हुई हैं और कुल 3970 नए मामले सामने आए हैं।

वैज्ञानिकों ने भारत सरकार को दी सलाह

कोरोना वैक्सीन बनने तक बंद रखे जाएं रेड लाइट एरिया, 72 पर्सेंट तक कम आएंगे संक्रमण के मामले

नई दिल्ली (ए.)। कोरोना वायरस केसों को नियंत्रित रखने के लिए कुछ वैज्ञानिकों ने भारत सरकार को रेड लाइट इलाकों (वेश्यावृत्ति वाले इलाके) को बंद रखने की सलाह दी है। एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि भारत इन इलाकों में वैक्सीन बनने तक प्रतिबंध को कायम रखता है तो कोरोना केसों को पीक पर पहुंचने से 17 दिनों के लिए टाल सकता है और संभावित नए 72 फीसदी मामलों को रोक सकता है। अमेरिका में विशेषज्ञों वाली टीम जिसमें येल स्कूल ऑफमेडिसिन के रिसर्चर भी शामिल हैं, ने मॉडलिंग स्टडीज के आधार पर कहा है कि लॉकडाउन में छूट के बाद भारत सेक्स वर्कर्स के इन अड्डों को बंद करके कोरोना वायरस से संभावित मौतों में 63 फीसदी की कमी कर सकता है। टीम ने एक रिपोर्ट में कहा है कि लॉकडाउन के बाद कोरोना वैक्सीन के विकसित होने तक भारत यदि रेड लाइट एरिया को बंद रखता है तो भारतीयों में संक्रमण का जोखिम काफी कम रहेगा। वैज्ञानिकों ने कहा कि उन्हें भारत सरकार और विभिन्न राज्य सरकारों को यह रिपोर्ट सौंपी है। उन्होंने लॉकडाउन में छूट के बाद भी रेड लाइट एरिया को पूरी तरह बंद रखने की सिफारिश की है। वैज्ञानिकों का मानना है कि 45 दिन में 72 फीसदी केस कम रह सकते हैं और कोरोना का पीक 17 दिन देर से आएगा। उनका कहना है कि इस देरी से भारत सरकार को और तैयारी का मौका मिलेगा और जरूरी कदम उठाए जा सकते हैं। यदि लॉकडाउन के बाद रेड लाइट इलाकों को बंद रखा गया तो पहले 60 दिनों में मौतों में 60 पर्सेंट की कमी रहेगी। नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (एनएसीओ) के मुताबिक भारत में करीब 6,37,500 सेक्स वर्कर्स हैं और करीब 5 लाख ग्राहक प्रतिदिन इन तक पहुंचते हैं। इन वैज्ञानिकों का कहना है कि यदि रेड लाइट इलाके खुले तो संक्रमण बहुत तेजी से फैलेगा और बड़ी संख्या सेक्स वर्कर्स और ग्राहक संक्रमित हो जाएंगे।

चक्रवाती तूफान एम्फन दस्तक देने को तैयार, 12 जिले अलर्ट पर

कोरोना संकट के बीच ओडिशा में एक और आफत

भुवनेश्वर (ए.)। कोरोना वायरस संकट के बीच ओडिशा में एक और आफत के रूप में एम्फन तूफान दस्तक देने को तैयार है। कोविड-19 महामारी के बीच ओडिशा में एम्फन तूफान के संभावित खतरे के मद्देनजर 12 तटीय जिलों को रेड अलर्ट पर रखा गया है और चेतावनी जारी की गई है। मुख्य सचिव असित त्रिपाठी ने समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टरों से लोगों के लिए वैकल्पिक आश्रय गृहों की व्यवस्था करने को कहा है।

बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का एक क्षेत्र बन रहा है जिसके तूफान का रूप लेने की प्रबल संभावना है। ओडिशा के राहत आयुक्त पी के जेना ने बताया कि उन्होंने मुख्य सचिव असित त्रिपाठी के साथ तूफान की स्थिति और राज्य पर पड़ने वाले उसके प्रभाव की समीक्षा की है। भारत मौसम विभाग द्वारा प्राप्त प्राथमिक सूचना के अनुसार, संभावित कम दबाव का क्षेत्र उत्तर-उत्तर पूर्व दिशा में घूमते हुए अपने पथ पर लौटेगा और बंगाल की खाड़ी की ओर मुड़ेगा। जेना ने कहा कि कम दबाव वाले क्षेत्र की गति अभी पता नहीं चल पाई है और संभावित तूफान तट पर कहां टकराएगा इसकी जानकारी मौसम विभाग की ओर से दी जाएगी। उन्होंने कहा कि तूफान उत्तर ओडिशा, दक्षिणी बंगाल या बांग्लादेश से भी टकरा सकता है। उन्होंने कहा कि मछुआरों को शुक्रवार से समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। हालांकि मौसम विभाग ने अभी कोई सटीक जानकारी नहीं दी है, लेकिन विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि कम दबाव का क्षेत्र शुक्रवार को और बढ़ जाएगा और बाद में यह तूफान का रूप ले लेगा। भारतीय मौसम विभाग के मृत्युंजय महापात्र ने कहा, 'अभी हम सटीकता से अनुमान नहीं लगा सकते क्योंकि चक्रवात अभी बना नहीं है।

मजदूरों के दर्द ने जगाई ऐसी सेवा कि 'ढाबे' को बना दिया 'लंगर'

छपरा (ए.)। कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए सरकार की तरफ से उठाए गए एहतियाती कदमों के कारण जहां व्यवसायिक गतिविधियां लगभग ठप हैं, वहीं एक ढाबा मालिक प्रवासी मजदूरों के लिए 'मसीहा' के रूप में सामने आया है। ये आने वाले प्रवासी मजदूरों के लिए अपने ढाबे में लंगर चला कर भूखे लौट रहे मजदूरों को खाना और नाश्ता उपलब्ध करवा रहे हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश की सीमा पर सारण जिले के रिविलगंज थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित 'आदित्य राज ढाबा' आज उत्तर प्रदेश से आने वाले प्रवासी मजदूरों के लिए सुकूनस्थली बना हुआ है।

ढाबे के संचालक बसंत सिंह ने इस ढाबे को लंगर का रूप दे दिया है जहां आने वाले 500 से ज्यादा प्रवासी मजदूरों को प्रतिदिन खाना और नाश्ता परोसा जा रहा है। मांझी के पास मझनपुरा गांव में ढाबा के मालिक ने लॉकडाउन के बाद इस होटल में खाने वाले लोगों के लिए कैश काउंटर को बंद कर दिया है। ढाबा के संचालक सिंह समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहते हैं, ऐसा करने से उन्हें आत्मिक संतोष मिलता है। आखिर यही तो मानवता है। इसकी शुरुआत करने के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, लॉकडाउन शुरू होने के बाद उत्तर प्रदेश के रास्ते बड़ी संख्या में मजदूर प्रतिदिन बिहार और झारखंड के लिए आ रहे हैं।

न्यूज गैलरी

दपूमरे की सभी मेल-एक्सप्रेस ट्रेनें रहेंगी 30 जून तक रद्द

रायपुर। यात्री रेल सेवा शुरू होने का इंतजार कर रहे यात्रियों को अभी और लंबा इंतजार करना पड़ेगा। कोरोना वायरस के प्रभाव को कम करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सभी मेल एवं एक्सप्रेस ट्रेनों एवं मेमू लोकल एवं पैसेंजर गाडियों को दिनांक 30 जून तक के लिए रद्द किया गया है। कोरोना वायरस के प्रभाव को कम करने हेतु रेल मंत्रालय के द्वारा यह निर्णय लिया गया है की पूरे भारतीय रेल्वे में दिनांक 30 जून, 2020 तक यात्री ट्रेन सेवाओं को बंद रखा जाएगा। यह आदेश दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे पर भी लागू होगा और बिलासपुर जोन के अंतर्गत संचालित होने वाली सभी तरह की यात्री ट्रेनें बंद रहेगी। इसके अलावा मंडल से होकर गुजरने वाली अथवा जोन व मंडल से संचालित होने वाली सभी तरह की एक्सप्रेस ट्रेनों एवं मेमू लोकल एवं पैसेंजर गाडियों को दिनांक 30 जून, 2020 तक बंद रखा जाएगा। विशेष मार्गों पर 12 मई, 2020 से विशेष रेल सेवाओं की शुरुआत की गई है, इसमें स्पेशल ट्रेन स्पेशल टाइमिंग के साथ चल रही हैं। ये विशेष सेवाएं फंसे हुए लोगों एवं श्रमिकों के लिए चलाई जा रही सेवाएं हैं जो जारी रहेगी।

स्कूल में चोरों का धावा, नगदी सहित 55 हजार के सामान ले गये

रायपुर। लॉकडाउन के दौरान राजधानी में चोरी की घटनाएं भी अब बढ़ने लगी है। लॉकडाउन के पहले तक चोर सूने घरों और दुकानों को ही निशाना बना रहे थे, लेकिन अब स्कूल, कॉलेज में भी चोरियां होनी शुरू हो गई है। रायपुर शहर के समता कालोनी स्थित कीडजी निजी स्कूल में 25 अप्रैल से 02 मई के मध्य अज्ञात आरोपियों ने धावा बोलकर स्कूल का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर वहां रखे दो नग कम्प्यूटर, म्यूजिक सिस्टम, पांच नग टैब, एक अटेंडेंस मशीन, एक नग टीवी, प्रिंटर एवं नगदी 20 हजार रूपये चोरी कर ले गये। नगदी छोड़कर चोरी गये सामान की कीमत लगभग 35 हजार रूपये आंकी गयी है।

जुआ खेलते 6 पकड़ाए, 17 हजार जब्त

रायपुर। लॉकडाउन के दौरान शहर में अलग-अलग दो स्थानों पर जुआ खेलते हुए पुलिस ने 06 लोगों को पकड़कर उनके पास से कुल 17 हजार 20 रूपये एवं तासपत्ती जब्त किया है। आरोपियों में विवेक यूद पिता राजेन्द्र प्रसाद 28 वर्ष एवं उसके अन्य दो साथी को विनायक कंपनी के पास मेटल पार्क थाना उरला से तथा पद्मलोचन पटेल 28 वर्ष एवं उसके अन्य दो साथियों को ग्राम रादाकाट थाना आरंग से पकड़ा गया है।

छग रेरा की सिंगल विंडो प्रणाली को अब केंद्र अपनाएगा

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में छत्तीसगढ़ की हुई तारीफ

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। भारत सरकार द्वारा रेरा दिवस मनाने हेतु तथा कोविड-19 के रियल एस्टेट सेक्टर पर दुष्प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से विभिन्न राज्यों के रेरा अध्यक्षों एवं रेरा अपीलीय अधिकरणा के अध्यक्षों के साथ 16 मई को सुबह 11.30 बजे से 2 बजे के मध्य वेबिनारर आयोजित की गई। जिसमें हरदीप सिंह पूरी केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), विभागीय सचिव डी.एस.मिश्रा, छत्तीसगढ़ रेरा अध्यक्ष विवेक कुमार ढांड एवं अन्य राज्य के प्राधिकरणों के अध्यक्ष व विभिन्न भू-संपदा अपीलीय अधिकरण के चेयरमेन उपस्थित रहे।

श्री ढांड ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा 11 मई से वेबेक्स का उपयोग करते हुए विडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से सुनवाई की जा रही है। प्राधिकरण ने अब तक 50 प्रकरणों में सुनवाई की है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में रियल एस्टेट प्रोजेक्टस हेतु समस्त अनुमतिया एकल खिड़की प्रणाली से प्रदाय की जा रही है। जिससे अनुमतिया प्राप्त करने हेतु लगने वाला समय 2/12 वर्ष के स्थान पर 6 माह हो गया है। इसका विधिवत शुभारंभ आगामी सप्ताह में संभावित है। इस कार्य हेतु सॉफ्टवेयर विकसित करने का काार्य पूर्ण किया जा चुका है। इसी तरह लॉकडाउन के दौरान प्राधिकरण द्वारा रियल एस्टेट प्रोजेक्टस और 1 रियल एस्टेट एजेंट का पंजीकरण किया गया। प्राधिकरण के सुझाव पर रियल एस्टेट प्रोजेक्टस के पूर्णता प्रमाण-पत्र का प्रारुप निर्धारित किया जा चुका है। उन्होंने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ में पूर्णता प्रमाण-पत्र एवं अधिभोग प्रमाण पत्र एक साथ जारी किया जा रहा है। चार्टर्ड एकाउन्टेंट रेरा पोर्टल पर पृथक लॉग इन आईडी की व्यवस्था होने से चार्टर्ड एकाउन्टेंट द्वारा सीधे पोर्टल पर ही त्रैमासिक अद्यतीकरण और वार्षिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट से संबंधित चार्टर्ड एकाउन्टेंट प्रमाण पत्र अपलोड किया जाा सकता है। इससे प्रमाण पत्र जारी करने व अपलोड करने की प्रक्रिया सरल हुई है। सभी प्रतिभागियों ने छ.ग. रेरा द्वारा किये गए कार्यों की सराहना की। भारत सरकार के विभागीय सचिव श्री मिश्रा ने सिंगल विन्डों प्रणाली का मॉडल साझा करने का आग्रह किया ताकि इस बेस्ट प्रेक्टिस को पूरे देश में लागू किया जा सकें।

केन्द्रीय मंत्री पुरी ने छत्तीसगढ़ के रेरा चेयरमेन विवेक ढांड से ली जानकारी

केन्द्रीय शहरी विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हरदीप पुरी ने रेरा के स्थापना दिवस पर छत्तीसगढ़ के रियल स्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) चेयरमेन विवेकं ढांड से प्रदेश में चल रही रेरा की गतिविधियों एवं इससे सरकार को होने वाले लाभ तथा अन्य विभागीय मुद्दों पर विडियो कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से चर्चा की। इस अवसर पर विभिन्न प्रदेशों के अन्य छः प्रतिनिधियों ने भी अपने विभागीय गतिविधियों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

ताली-थाली बजाने, बत्ती बुझाने, दिया जलाने पर भी देश में संक्रमण की गति तेज : मरकाम

- **प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- लॉक डाउन 3 भी खत्म होने को आ गया है लेकिन केंद्र सरकार के पास कोई योजना ही नहीं है**
- **भारत में संक्रमण की दर चीन से भी तेज: मोहन मरकाम**
- **चीन को 80000 संक्रमण संख्या होने में करोना की शुरुआत से 176 दिन लगे थे जबकि भारत में 86000 संक्रमण करोना की शुरुआत के 106 दिनों में ही हो गये**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि आज तक देश ने वह सब किया जो

प्रधानमंत्री जी ने कहा। लॉक डाउन वन लॉक डाउन 2 लॉक डाउन 3 देश ने प्रधानमंत्री जी के कहने पर किया। घंटियां बजायीं, थालिया बजायीं, बत्तियां बुझाई और दीए जलाये। सब कुछ तो किया देश ने। घंटा बजाने थाली बजाने बत्ती बुझाने, दिया जलाने के बावजूद हमारे देश में करोना संक्रमण की गति ज्यादा तेज है। देश में करोना संक्रमितों की संख्या 86000 हो जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि चीन में 80000 संक्रमण संख्या होने में करोना की शुरुआत से 176 दिन लगे थे जबकि भारत में करोना की शुरुआत के 106 दिनों में ही 86 हजार से अधिक संक्रमण हो चुके हैं। चीन की आबादी भारत से अधिक है उसके बावजूद भारत में संक्रमण की दर अधिक होना बहुत ही चिंता और दुख का विषय है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि 24 मार्च से शुरू हुए लाभ डाउन की घोषणा करते हुये करोना के खिलाफलड़ाई 21 दिन में जीतने का प्रधानमंत्री जी ने दावा किया था। वो 21 दिन तो कबके बीत गये। रविवार 17 मई को लॉकडाउन 3 समाप्त होने जा रहा है और आज आंकड़ा 86000 पहुंच रहा है।

नीति आयोग के सदस्य के बयान पर ली चुटकी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि नीति आयोग के सदस्य डॉ एके राय ने कहा था कि 16 मई को भारत में करोना प्रभावितों की संख्या शून्य हो जायेगी। लेकिन आज भारत में करोना संक्रमित की संख्या की संख्या पचासी के आगे 3 शून्य अर्थात 85000 है।

मजदूरों के सामने समस्या, व्यापारी तबाह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि देश के मजदूरों को भूखप्यास बेबसी रहने की जगह का संकट बच्चों के मुंह के निवाले का संकट इलाज की समस्या खेलने के साथ-साथ औरंगाबाद गुना मुजफ्फरनगर और अब औरैया जैसी दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। मजदूर नौकरी पेशा लोग छोटे व्यापारी सब की जमा पूंजी खत्म हो गई है। करोना के परिणामस्वरूप देश का व्यापार छोटे उद्योग धंधे ठेले वाले खोमचे वाले फुटकर व्यापारी लोहार बढ़ई जैसे छोटे-छोटे काम करने वाले सब तबाह हो गये।

मेकाहारा : आधा दर्जन स्टाफ नर्स और अधीक्षक के बीच हुई बहस

- **स्टाफ नर्सो ने की शिकायत**

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल डॉ. भीमराव अंबेडकर चिकित्सालय अर्थात मेकाहारा की व्यथा आए दिन सुनाई देती रहती है। इस सबसे बड़े अस्पताल में सिर्फ छत्तीसगढ़ के ही नहीं बल्कि राज्य के सीमावर्ती राज्यों से भी काफी संख्या में इलाज कराने लोग आते हैं। इस बार बदहाली का मामला नहीं बल्कि अस्पताल में कार्यरत स्टाफ और अधीक्षक के बीच विवाद होने की खबर प्रकाश में आई है।

सरकारी हॉस्पिटल मेकाहारा अधीक्षक और स्टाफनर्स के बीच जमकर विवाद हुआ। अस्पताल की स्टाफ नर्स अधीक्षक डा. विनीत जैन के व्यवहार से नाराज थीं। हालांकि बाद में अधीक्षक ने स्टाफ नर्स से माफी मांगकर मामला शांत किया। स्टाफनर्सो के अनुसार सुबह राउंड के दौरान एक

मरीज के इलाज पर पहले तो अधीक्षक खुश हुए। फिर बातचीत के दौरान अभद्रता कर बैठे।

नाराज नर्सो ने की शिकायत तो अधीक्षक ने मांगी माफी

नाराज नर्सों ने शिकायत का मन बनाया तो अधीक्षक ने माफी मांग ली। इस दौरान माना के कोविड-19 अस्पताल से ड्यूटी कर वापस लौटे नर्सिंग स्टाफ की ड्यूटी का भी मुद्दा उठा। नर्सों की मांग थी कि 6 स्टाफ की ड्यूटी माना के कोविड अस्पताल में लगाई गईं थी लेकिन उन्हें बिना क्वारंटीन किए मेकाहारा में ड्यूटी करवाई जा रही है। जो अन्य स्टाफ के साथ मरीजों के लिए भी खतरनाक है। वहीं इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा है कि मामले में अधिकारियों से बात करेंगे।

राज्यपाल ने कोविड-19 के बचाव में एनसीसी कैडेट्स द्वारा किए जा रहे सहयोग की सराहना की

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने कोविड-19 के बचाव में एनसीसी कैडेट्स द्वारा किए जा रहे सहयोग की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि इस समय देश-प्रदेश कोरोना संकट का सामना कर रहा है। इन परिस्थितियों में एनसीसी कैडेट्स द्वारा लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आम लोगों को सोशल डिस्टेसिंग का पालन कराया जा रहा है। उनके द्वारा यातायात व्यवस्था संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं में राष्ट्रभक्ति का भाव पैदा करता है तथा उन्हें संकटापन्न स्थितियों का सामना करने के लिए प्रशिक्षण भी देता है। ऐसा प्रशिक्षण का ही प्रभाव है कि आज एनसीसी कैडेट्स अंतर्राष्ट्रीय आपदा के समय कंधा से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि अभी कोरोना से लंबी लड़ाई लड़ना है। एनसीसी कैडेट्स अपना स्वयं का ध्यान रखें और आम जनता को कोरोना के प्रति जागरूक करें।

अजीत जोगी की हालत नाजुक

- **ब्रेन स्टेम में गतिविधि होने पर आगे ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल होगा तय**

रायपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की हालत नाजुक ही बनी हुई है। अब तक के उपचार के बाद भी उनके स्वास्थ्य पर कोई विशेष अंतर नहीं आया है, इस बात को लेकर उनका उपचार कर रहे चिकित्सक चिंतित हैं। आज सुबह अस्पताल से जारी मेडिकल बुलेटिनन में बताया गया कि श्री जोगी 9 मई को अस्पताल लाए गए हैं। इसी दिन से वे रस्टिपरेटरी अरेस्ट और कार्डियक अरेस्ट होने के बाद अस्पताल में उपचारार्थ भर्ती हैं।

इसी दिन से वे लगातर कोमा में चल रहे हैं। उन्हें वेंटीलेटर से सांस दी जा रही है, उनका हृदय, ब्लड प्रेशर औरर यूरिन आउटपुट निर्यत्रित है। कल 15 मई को अस्पताल के न्यूरोलॉजिस्ट डा. छत्रपाल सिंह साहू औरर डा. विवेक त्रिपी के अलावा न्यूरोलॉजिस्ट डा. संजय शर्मा, डा. नचिकेत दीक्षित ने अजीत जोगी के मस्तिष्क का परीक्षण किया था। डाक्टरों की टीम ने सिंगापुर के नेशनल यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजिस्ट विभाग के प्रमुख डा. विजय कुमार शर्मा से टेली कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से श्री जोगी के स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस टेली कॉन्फ्रेंसिंग में श्री जोगी की पत्नी डा. रेणु जोगी और उनके पुत्र अमित जोगी भी शामिल हुए।

पूर्ण लॉकडाउन — शनिवार व रविवार को जारी सख्ती का दूसरा सप्ताह, चौक चौराहों पर पुलिस का रहा सख्त पहरा

सख्ती के असर से राजधानी की सड़कें रही सूनी

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। देशभर में जारी लॉकडाउन-3 का कल अंतिम दिन है। देश में जारी लॉकडाउन कल के बाद समाप्त होगा अथवा लॉकडाउन-4 की शुरूआत होगी, इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। दूसरी ओर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश में कोरोना संक्रमण के नियंत्रण के लिए प्रत्येक शनिवार और रविवार को जारी सख्ती का यह दूसरा सप्ताह है।

इस सख्ती का असर आज राजधानी रायपुर में भी देखने को मिला। आम दिनों में भारी चहल-पहल वाली शहर की सड़कें आज पूरी तरह से वीरान नजर आई। चौक-चौराहों पर भी पुलिस की सख्ती चौकसी के चलते सड़कों पर वाहनों की आवाजाही सीमित नजर आई। शहर के सबसे व्यस्त रहने वाले जयस्तंभ चौक, नगरीघड़ी चौक, पंडरी बस स्टैण्ड, कोतवाली चौक, पुरानीबस्ती इलाका, तात्यापारा

चौक, महिला थाना चौक, फाफाडीह, स्टेशन चौक जैसे व्यस्त मार्गों पर भी आज वीरानी छाई रही।

पुलिस की सख्ती का ही असर है कि आज शनिवार को सख्ती के पहले दिन भी लोग अपने-अपने घरों में ही रहे। अतिआवश्यक कार्य होने पर ही लोग अपने घरों से बाहर निकलते दिखे। इस सख्ती में चिकित्सा से जुड़े संस्थानों मेडिकल स्टोर्स, मेडिकल उपकरण की दुकानें, क्लीनिक, पैथालॉजी लैब, छोटे, बड़े अस्पताल आदि अपने निर्धारित शेड्यूल के अनुसार ही चल रहे हैं। वहीं अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों को पूरी तरह से बंद रखा गया है।

आलम यह है कि दूध और दुग्ध उत्पाद से जुड़ी वस्तुओं के विक्रय को छोड़कर किराना आदि दुकानों को भी बंद रखा गया है। लॉकडाउन के दौरान दो दिनों शनिवार और रविवार को जारी इस सख्ती का ही असर है कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण काफी हद तक सीमित है और प्रदेश में स्थिति अभी भी नियंत्रण में बना हुआ है।

टाटीबंध चौक में मजदूर परिवारों को गंतव्य तक पहुंचाने रुपए मांगने की शिकायत

भूखे, प्यासे मजदूरों को नहीं मिल रही सही मदद

रायपुर। लॉकडाउन में फंसे श्रमिकों को उनके गृह जिले तक या राज्यों की सीमा तक पहुंचाने के एवज में मोटी रकम वसूलने की शिकायत अब आम बात हो चली है। कुछ इसी तरह का नजारा आज टाटीबंध चौराहे पर भी नजर आई। यहां महाराष्ट्र और अन्य क्षेत्रों से ओडिशा रूट के लिए जाने वाले मजदूरों को उनके मंजिल तक पहुंचाने के लिए कुछ लोगों द्वारा हजारों रूपए की मांग करते हुए देखा गया। एक-एक श्रमिक परिवार से 4 से 5 हजार रूपए तक की मांग की गई। वहीं टाटीबंध चौक में इन मजदूरों की पूछपरख करने वाला भी कोई नहीं मिला। सूत्रों ने बताया कि राजधानी के टाटीबंध चौराहे में आज सैकड़ों मजदूरों का दल पहुंचा। अधिकांश परिवार किसी न किसी साधन से यहां तक पहुंचे थे तो अधिकतर श्रमिक परिवार पैदल चलकर यहां तक पहुंचे। यहां टाटीबंध चौराहे में इन्हें रोका गया। पूछताछ में पता चला कि अधिकांश श्रमिक परिवारों को ओडिशा रूट पर आगे बढ़ना है। किसी श्रमिक का घर सरायपाली में है तो किसी का बसना क्षेत्र में, कुछ बलांगीर और खरियार रोड के निवासी भी निकले। कुल मिलाकर इन सभी श्रमिकों को ओडिशा रूट पर ही आगे बढ़ना था। सूत्रों की माने तो इसी बीच कुछ लोग यहां अपनी सक्रियता दिखाते हुए मजदूरों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए सौदेबाजी शुरू कर दी। मजदूरों को उनके गंतव्य तक छोड़ने के एवज में न केवल हजारों रूपए की डिमांड की गई, बल्कि कुछ लोगों ने तो मजदूर परिवारों को धमकाना भी शुरू कर दिया कि यदि वे रूपए नहीं देते तो उन्हें आगे बढ़ने नहीं दिया जाएगा। बेहाल और भूखे-प्यासे मजदूर यहां सरकारी मदद की आश लिए बैठे हुए थे मगर उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं मिला।

आज भारतीय तट से टकराएगा चक्रवाती तूफान अम्फान

- **राज्य में कहीं-कहीं बदली-बारिश के आसार**

रायपुर। भारतीय मौसम विभाग ने आज शाम दक्षिण-पश्चिम और इससे लगे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवाती तूफान के टकराने का पूर्वानुमान जारी किया है। केन्द्रीय मौसम विभाग से जारी अलर्ट के अनुसार यह चक्रवाती तूफान आज देर शाम दक्षिण पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी से टकराने का पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया कि दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। यह अवदाब में तब्दील होकर आज शाम चक्रवाती तूफान का रूप ले लेगा और इसके बाद यह भारतीय समुद्री तट से टकराएगा। केन्द्रीय मौसम विभाग ने देश के आठ राज्यों में अलर्ट जारी करते हुए इस तूफान से होने वाली आशंका के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक उपाय करने का निर्देश पहले से ही जारी कर दिया था। इसके अलावा मछुवारों को भी समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है, वहीं जिन मछुवारों की नाव या बोट समुद्र में हैं, उन्हें तुरंत तट पर लौटने कहा गया है। इस तूफान का नाम अम्फान रखा गया है।

इधर रायपुर स्थित मौसम विभाग केन्द्र ने पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया कि आज पश्चिम-मध्य प्रदेश के ऊपर एक चक्रीय चक्रवाती घेरा 0.9 किमी की ऊंचाई पर बना हुआ है। इसके प्रभाव से कल 17 मई को छत्तीसगढ़ के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने तथा आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। प्रदेश के अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा।



कोरोना से जूझता विश्व

आज दुनिया में कोरोना संक्रमितों की संख्या 45 लाख के पार हो चुकी

कैसे करें कोरोना से बचाव

कोरोना से बचाव करने में ही समझदारी है, क्यों की यह एक संक्रामक रोग है जो बहुत ही तेजी से एक दूसरे में फैलता है। डब्लू एच ओ ने कुछ सावधानियों की सूची निकाली है और यह भी बताया है की कोरोना से बचाव के ये मूल मंत्र हैं। आइये इन्हें विस्तार में जानते हैं।

सदैव बहार से आने के बाद अपने हाथों को साबुन से करीब 20-30 सेकंड तक अवश्य धोएं। अपने हाथों को अपने मुख से दूर ही रखें, जिससे की संक्रमण होने पर भी आपके अंदर न जा पाए। लोगों से 5 से 6 फीट की दूरी सदैव बनाये रखें। जरूरी न हो तो बाहर न जाये। सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचें। सदैव मास्क और ग्लव्स पहने। संक्रमण की स्थिति में खुद को दूसरों से अलग कर लें और नजदीकी अस्पताल में सूचित करें।

पुरे दुनिया के वैज्ञानिक कोरोना वायरस से निपटने के लिए वैक्सीन की खोज में जुट गए है लेकिन कोई ख़ास सफलता हाथ नहीं लगी लेकिन खोज अभी जारी है। अभी तक के लिए सारे देशो में दो लोगो का एक साथ निकलना मना कर दिया गया है और धारा 144 लागु कर दी गयी है। दुकाने, दफ्तर, स्कूल, रेस्टोरेंट, होटल सब बंद कर दिए गए है। भारत हर संभव कोशिश कर रहा है ताकि इस महामारी से छुटकारा मिल जाए। ज़्यादातर बुजुर्ग लोग 60 से ऊपर लोग अपने जान गवा रहे है जिनमे डायबिटीज, हृदय रोग जैसी बीमारी है। कोरोना वायरस से जहाँ बहुत से लोगो की जान गयी हैं वहां बहुत सारे लोग ठीक भी हुए है लेकिन उनका आंकड़ा मरने वालों की तुलना में कम है। अभी देखा जा रहा है जो 37 मरीज़ कोरोना वायरस से ठीक हुए है वह फिर से पॉजिटिव पाए गए है। कोरोना मरीज को अस्पताल में एक अलग कमरे में रखा जा रहा है जिससे संक्रमण न फैले। डॉक्टर और नर्स दिन रात मरीज़ों की सेवा कर रहे है, हम तहे दिल से उन्हें सलाम करते है। डॉक्टर और नर्स भी इस जानलेवा वायरस से संक्रमित हो गए है। देखा जा रहा है जहाँ मरीज़ों का इलाज चल रहा है वहां के हर चीजों में वायरस का प्रकोप है।



दुनिया भर में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) का प्रकोप निरंतर बढ़ता ही जा रहा है और अब तक 45 लाख से अधिक लोग इससे संक्रमित हो चुके हैं जबकि तीन लाख से अधिक लोगों की इस महामारी से मौत हो चुकी है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी किए गए ताजा आंकड़ों के मुताबिक विश्व में 45,31,811 लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं जबकि 307001 लोगों की इस महामारी से मौत हो चुकी है। अमेरिका में कोरोना से मरने वालों की संख्या 87 हजार को पार कर 87427 पहुंच गयी है जबकि संक्रमितों की संख्या 14 लाख का आंकड़ा पार कर 14,41,172 हो गयी है। इसके अलावा रूस, ब्रिटेन, स्पेन, इटली और ब्राजील ऐसे देश हैं जहां कोरोना संक्रमितों की संख्या दो लाख से अधिक है। वुहान कोरोना वायरस विश्वमारी की शुरुआत एक नए किस्म के कोरोनवायरस के संक्रमण के रूप में मध्य चीन के वुहान शहर में 2019 के मध्य दिसंबर में हुई। बहुत से लोगों को बिना किसी कारण निमोनिया होने लगा और यह देखा गया की पीड़ित लोगों में से अधिकतर लोग वुहान सी फ़ूड मार्केट में मछलियाँ बेचते हैं तथा जीवित पशुओं का भी व्यापर करते हैं। चीनी वैज्ञानिकों ने बाद में कोरोनावायरस की एक नई नस्ल की पहचान की जिसे 2019-दृष्टश्ङ्क प्रारंभिक पदनाम दिया गया। इस नए वायरस में कम से कम 70 प्रतिशत वही जीनोम अनुक्रम पाए गए जो सार्स-कोरोनावायरस में पाए जाते हैं। संक्रमण का पता लगाने के लिए एक विशिष्ट नैदानिक पीसीआर परीक्षण के विकास के साथ कई मामलों की पुष्टि उन लोगों में हुई जो सीधे बाजार से जुड़े हुए थे और उन लोगों में भी इस वायरस का पता लगा जो सीधे उस मार्केट से नहीं जुड़े हुए थे। पहले यह स्पष्ट नहीं था कि यह वायरस सार्स जितनी ही गंभीरता या घातकता का है अथवा नहीं।

20 जनवरी 2020 को चीनी प्रीमियर ली केकियांग ने नावेल कोरोनावायरस के कारण फैलने वाली निमोनिया महामारी को रोकने और नियंत्रित करने के लिए निर्णायक और प्रभावी प्रयास करने का आग्रह किया। 14 मार्च 2020 तक दुनिया में इससे 5,800 मौतें हो चुकी हैं। इस वायरस के पूरे चीन में, और मानव-से-मानव संचरण के प्रमाण हैं। 9 फरवरी तक व्यापक परीक्षण में 88,000 से अधिक पुष्ट मामलों का खुलासा हुआ था, जिनमें से कुछ स्वास्थ्यकर्मी भी हैं। 20 मार्च 2020 तक थाईलैंड, दक्षिण कोरिया, जापान, ताइवान, मकाऊ, हांगकांग, संयुक्त राज्य अमेरिका, सिंगापुर,[14] वियतनाम, भारत, ईरान, इराक, इटली, कतर, दुबई, कुवैत और अन्य 160 देशों में पुष्टि के मामले सामने आए हैं।

23 जनवरी 2020 को, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय चिंता का एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करने के खिलाफ फैसला किया। डब्ल्यूएचओ ने पहले चेतावनी दी थी कि एक व्यापक प्रकोप संभव था, और चीनी नव वर्ष के आसपास चीन के चरम यात्रा सीजन के दौरान आगे संचरण की चिंताएं थीं। कई नए साल की घटनाओं को संचरण के डर से बंद कर दिया गया है, जिसमें बीजिंग में निषिद्ध शहर, पारंपरिक मंदिर मेलों और अन्य उत्सव समारोह शामिल हैं। रोग की घटनाओं में अचानक वृद्धि ने इसके उद्गम, वन्यजीव व्यापार, वायरस के प्रसार और नुकसान पहुंचाने की क्षमता के बारे में अनिश्चितताओं से संबंधित प्रश्न उठाए हैं, क्या यह वायरस पहले से अधिक समय से घूम रहा है, और इसकी संभावना प्रकोप एक सुपर स्प्रेडर घटना है। पहले संदिग्ध मामलों को 31 दिसंबर 2019 को ड्ड॥ह्र को सूचित किया गया था, रोगसूचक बीमारी के पहले उदाहरणों के साथ 8 दिसंबर 2019 को केवल तीन सप्ताह पहले दिखाई दिया था।

11 जनवरी को चीन ने पहले 61 वर्षीय आदमी के मौत की जानकारी दी। जिसने युहान के पशु बाजार से सामान ख़रीदा था। दिल का दौड़ा पड़ने पर उसकी मौत हो गयी। 16 जनवरी को एक दूसरे मौत की खबर युहान से आयी। इसी तरह देखते ही देखते नेपाल, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, मलयिसिया, सिंगापुर, फदक्षिण कोरिया, विएतनाम, ताइवान, अमेरिका, इटली, भारत आदि देशो को अपने पंजो में जकड लिया।

चीन ने जनवरी के आखरी दिनों में यह दावा किया की यह एक मनुष्य से दूसरे मनुष्यों में फेलता है जो की काफी भयानक है, लेकिन बहुत देर हो गयी थी। पूरा विश्व इसकी चपेट में आ चूका था। जनवरी 22, चीन में 17 लोगों की मौत हो गयी और 550 लोग संक्रमित थे। फरवरी 8 को यूएस नागरिक की युहान शहर में मौत हो गयी। 10 फरवरी तक 108 लोगों की चीन में मौत हो गयी थी और यह आंकड़ा रोज तेज़ी से बढ़ रहा था और थमने का नाम नहीं ले रहा। 11 मार्च को वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन ने कोरोना वायरस को एक भयानक महामारी घोषित कर दिया।

चीन अभी कोरोना वायरस से उभर ही रहा था और सामान्य जीवन व्यतीत

करने की कोशिश कर रहा था की अचानक कोरोना वायरस के 108 केसेस फिर से दर्ज हो गए। स्पेन में 510 लोगों की जान गयी। इटली में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या 11468 हो गयी है हलाकि यह संख्या फिर से बदल सकती है। हर घंटे हर एक देश में कोरोना वायरस लोगों की जान ले रहा है और मानव जाति के लिए घातक साबित हुआ है। पूरी दुनिया में कुल 167 मिलियन केसेस दर्ज हुयी है। चीन में कोरोना के दूसरे चरण का पता चला है जिसमे मरीज़ो को कोरोना के कोई लक्षण नहीं मिल रहे जबकि खून की जांच में वह कोरोना पॉजिटिव पाए गए है।

देश एक परिवार

विजय गुप्ता

नया भारत परीक्षा देता,भय मरण महामारी है
विश्व प्रणेता बना भारत सतत मदद तैयारी है।
सतर्क रहें,घर पर ही रहें,नियमों से ही यारी है
कुछ लोगों की गुमराह वजह,बनी चिंता हमारी है
झगड़े पत्थर गाली थूक सब,कुछ की रायशुमारी है।
नया भारत परीक्षा देता,भय मरण महामारी है।
अब खौफके दंगल से इंसा, देखता अंधियारी है
साधनों के निर्माण कार्य अब, अंतिम हद तक जारी है
आस विश्वास संग भारत पग,साथ खड़ी बंजारी है।
नया भारत परीक्षा देता,भय मरण महामारी है।
अटकी भटकी बिखरी जनता,कठिन काल की मारी है
अर्थ श्रम नियम संयम मार्ग , देश धर्म बलिहारी है
भिन्न योद्धा कर्म निभा रहे, व्याप्त जब लाचारी है
नया भारत परीक्षा देता,भय मरण महामारी है।
एक सौ तीस करोड़ परिवार, देश बहुत ही भारी है
घर रहकर ही 'परिवार दिवस',परिवार संगवारी है
न्यायप्रिय एकनिष्ठ परिवार,भारत माता नारी है
नया भारत परीक्षा देता, भय मरण महामारी है।
सनातन धर्म की अनुशंसा,करे सदा बेचारी है
घर परिवार समाज देश एक, सम्मान स्नेह खुमारी है
सोचे समझे परिवार देश, उत्तम कारगुजारी है
नया भारत परीक्षा देता, भय मरण महामारी है
विश्व प्रणेता बना भारत सतत मदद तैयारी है।

रमजान की इस जुमां को अल्लाह करते हैं गुनाहों को माफ

जुमे की नमाज का खास वजूद

इस्लामिक समुदाय में जुमें की नमाज का खास वजूद है। कहते हैं कि इस दिन खुदा का दूत बंदगी करने वालों की फरियाद सुनता है और उनकी तकलीफें को दूर करता है। ऐसे में रमजान के दौरान पड़ने वाला आखिरी जुमां (शुक्रवार) काफी खास होता है। इस दिन अल्लाह सभी के गुनाहों को माफ करता है।

जमात-उल-विदा का अर्थ

जमात-उल-विदा एक अरेबिक शब्द है। इसका मतलब जुमें की विदाई यानि आखिरी शुक्रवार होता है। अरबी में इसे अल-जुमूह-अल-यदीम भी कहते है। वहीं उर्दू में इसे अलविदा जुमा के नाम से भी बुलाते है। जिसका मतलब ईद-उल-फित्र से पहले रमजान महीने का आखिरी शुक्रवार है।

कुरान के 62 वें अध्याय में है जिक्र

मुस्लिम समुदाय में जमात-उल-विदा एक खास दिन है। पाक महीने के आखिरी शुक्रवार यानि जुमें के दिन काफी भीड़ होती है। सभी रोजेदार मिलकर खुदा को याद करते हैं। ऐसे धार्मिक सभा का जिक्र कुरान के 62 वें अध्याय में भी देखने को मिलता है।

अल्लाह की याद में होती है नमाज

रमजान के दौरान कई लोग पांच वक्त की नमाज पढ़ते हैं, लेकिन आखिरी जुमें को खास तौर पर नमाज अदा की जाती है। इसमें नमाजी अल्लाह को याद करते हैं और अपने किए हुए बुरे काम को माफकरने की फरियाद करते हैं। इस दौरान सभी नमाजी अपने दोनों हाथों को उठाते हुए अल्लाह-हू-अकबर बोलते हैं।

शुक्रवार (जुमें) का महत्व

इस्लाम धर्म में शुक्रवार का दिन बेहद अहम होता है। गौरतलब है कि इस दिन खुदा से जो भी कुछ मांगे, वो जरूर मिलता है। कहते हैं कि इस दिन अल्लाह ने आदम को बनाया था। इस दिन जो कोई भी मस्जिद में इमामों के कहे उपदेशों को सुनता है, उसके सभी गुनाह हफ्तेभर के लिए माफहो जाते हैं। कहते हैं कि दूसरें दिनों के मुकाबले शुक्रवार का दिन ज्यादा अहम होता है। इसलिए इस दिन जरूरतमंदों व गरीबों को दान देने से पुण्य मिलता है। साथ ही इसका महत्व भी ज्यादा होता है।

जब मै ना रहूं



तबस्सुम परवीन

जब लिखना तुम कहानी अपनी ।
मेरी जिंदगी का सफर को भी लिखना ।
अपनी जब भी बेताबी को लिखना ।
मेरे चेहरे की मायूसी को मत भूलना ।।
अपनी राहों के कांटे जब भी गिन्ना ।
मेरे पांव के छालों को भी लिखना ।।
जब तुम अपनी अच्छाई को लिखना ।
मेरी वफा की सच्चाई को भी लिखना ।।
अपनी जब उदासी लिखना
मेरी पत्थराई आंखो को मत भूलना ।।
जब तुम अपनी तन्हाई को लिखना ।
हर पल बनी तेरी मै परछाई को भी लिखना ।।
अपनो का जब भी तुम जिक्र को लिखना ।
सभी ने ठुकराया है मुझको ये मत भूलना ।।
जब भी तुम अपने मंजिल को लिखना ।
मेरे बिखरे हुए ख्वाबो को भी लिखना ।।
जब भी तुम अपनी मुश्किलो को लिखना ।
मेरे बूलंद इरादे भी लिखना ।।
जब भी तुम अपनी कहानी लिखना ।
मै हर कदम साथ ही ये भी लिखना ।।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कुछ नहीं खुद को



कुछ नहीं खुद को आइने में रखकर देखते तो जरा तब पता चलता कैसे उस मगरूर सड़क को पैदल नाप गए मजदूर यूं ही नहीं किराए पर लिए रिक्शे मजगुरी ही थी साहब मगरूरी नहीं हिसाब तो बहुत लगाया गया है अब पर ये जमीनी-ए-हकीकत कब के होने थे और आज भूना रहे हों ।

- सोनू कुमार आकाश

हमारीमीठी खट्टी तीखी नमकीन और

हमारीमीठी खट्टी तीखी नमकीन और कड़वी भी दुनिया बची रहेगी आप मैं हम हम सब जीते रहेंगे और वह सब भी दुनिया बची रहेगी एक की याद दूसरे के मन में दोनों की तीसरे और नहीं तो यूँ ही दुनिया बची रहेगी।

- अमित कुमार नेमा

ख़ास पाती | तुमने कहा था भला अपनी

तुमने कहा था भला अपनी स्वांसों को भी भुला सकता है कोई पर यह तो बताओ कि याद भी कहां रख पाते हैं उन्हें दो घड़ी आंख मूंदकर जब जब उन्हें गिनने की कोशिश की मुट्ठी की रेत सी न जाने कहां खो जातीं हैं फिर उन्हें ढूंढने का प्रयास फिर से वही फिसलाव बस इसी ढूंढने और फिसलने के क्रम में खो जाती हूं मैं और मेरा अस्तित्व और रह जाते हैं कुछ रंगीन तो कुछ बदसूरत पत्थर और मन बहलाने कोयादों के कुछ टूटे फूटे खिलौने और और क्या जीने के लिए इतना सब कम है क्या? **- देवयानी भारद्वाज**

चली जाओगी जब तुम इक

चली जाओगी जब तुम इक दिन याद बहुत आओगी कोरोना वो दिन भी कितने अच्छे थे घर की ड्योढ़ी और बिछोना खाकर सोना, उठकर खाना अपने बर्तन खुद ही धोना एकसाथ सबके संग रहकर कितना कुछ आनंदित होना ना आने-जाने का झंझट अपनी मनमर्जी का होना हुई पुरानी यादें ताजा बच्चों संग वो खेल-खिलोना हर सौ वर्षों में अक्सर ही होता आया जादूटोना पर अबके पूरी दुनियां को खेल दिखाया बड़ा घिनौना।

- जे डी कुदाल

नामालूम सी शिकायत कोई तोड़ गई

नामालूम सी शिकायत कोई तोड़ गई दिल की झीनी सी तार नज़रो से दूर होकर भी जुड़ गये थे एक बार लगने लगी थी अपनी सी अपना ही जैसे अक्स हो नादान दिल ने जाना नही ये तो इस दुनियाँ की चाल देर आये दुरुस्त आये अब न कोई मलाल है न है शिकवे शिकायतें अश्कों से भीगा सिरहाना भी धुल गया खुशनुमा बारिश के बाद। **- शिखा लाहिरी**

अपना वर्तमान बचाने के लिए तुमने

अपना वर्तमान बचाने के लिए तुमने छिन लिए उनके सिक्के अब भविष्य तुम्हें रूलायेगा वह छाले जो रिस रहे हैं सड़क पर उनका मवाद तुम्हें लील जायेगा। चला लेना कल कारखाने अपने वह मजदूर लौटकर अब न आयेगा खो दिया धैर्य जिन्होंने बुरे वक्त में यही वक्त अब तुम्हें सतायेगा। **- दिव्या राकेश शर्मा**

दो पल के गूस्से से प्यार भरा

दो पल के गूस्से से प्यार भरा रिश्ता बिखर जाता हैं होश जब आता हैं तो वक्त निकल जाता है उचित समय पर पिए गये कड़वे घूँट सदैव जीवन मीठा कर दिया करते है इंसान वही श्रेष्ठ है जो बुरी स्थिति में फिसले नहीं एवं अच्छी स्थिति में उछले नहीं।

- अरूणा राव

किसी ने कहा आज कल आपके

किसी ने कहा आज कल आपके मिज़ाज बदले ,बदले से है । मैंने कहा - - जब सत्ता पाते ही नेताओं का मिज़ाज बदल सकता है। तो में तो हमतदाता हूँ !! मिज़ाज भी नही बदल सकता क्या।

- विक्की शर्मा

अँधेरा है घना इतना, हाथ को हाथ सूझे

अँधेरा है घना इतना, हाथ को हाथ सूझे ना ! सन्नाटा पसर चुका इतना, कि साँसें शोर करती हैं ! ऐसे में सफर करना, बड़ा मुश्किल सा लगता है ! मुझे खोने का डर है बहुत मुश्किल डगर है ! न कोई हमसफ़र है मेरे आगे भँवर है।

- यू एस मिश्रा स्वप्निल

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) सोंग्राम संगमा विद्रोह कहां हुआ?
(क) असम (ख) राजस्थान (ग) दिल्ली (घ) पश्चिम बंगाल
2) लोकसभा में 'अविश्वास प्रस्ताव' पहली बार किस वर्ष लाया गया? (1962 / 1963)
3) वस्तुओं के वैश्विक संकेत (पंजीकरण और सरंक्षण) अधिनियम कब लागू हुआ?
4) हिंदू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम कब पारित किया गया था?
5) बंदूक का नाम बताए?

उत्तरमाला- (1) असम (2)1963 (3) 1999 (4) 1856 में (5) पुक्ल गन

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1498 - पुर्तगाल का प्रसिद्ध खोजी नाविक वास्कोडिगामा पहली बार कालीकट के निकट पहुंचा। 1749 - प्रसिद्ध चिकित्सक एवं 'चेचक' के टीके के आविष्कारक एडवर्ड जेनर का जन्म। 1756 - ब्रिटेन ने फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1782 - ब्रिटेन की संसद ने आयरलैंड अधिनियम की निर्भरता को सुरक्षित करने के लिए अधिनियम पारित किया। 1792 - न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज की शुरुआत। 1814 - नॉर्वे के संविधान पर हस्ताक्षर किए गए और संविधान सभा द्वारा क्रिश्चियन फ्रेडरिक को नॉर्वे का नया राजा चुना गया। 1857 - बहादुर शाह द्वितीय मुगल सम्राट घोषित हुए। 1865 - विश्व संचार दिवस मनाने की शुरुआत हुई। 1865 - इंटरनेशनल टेलीग्राफयूनियन की स्थापना की गयी।

दर्जनों मजदूर, साथ में महिला और रोते-बिलखते बच्चे घंटो चौक में भूखे-प्यासे बैठे रहे, नहीं ली किसी ने सुध

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। कोरोना वायरस के डर के कारण अधिकारीगण भी अपने कर्तव्य, कार्य से बचते नजर आ रहे, शायद ऐसा लगता हैं मानो उन्हें कोरोना का डर अन्य लोगों से ज्यादा बना हुआ है । जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन ने आवश्यकतानुसार पर्याप्त क्वारंटाईन सेंटर बना दिये हैं, परंतु उनमें कितने मजदूर आ रहे, कितने मजदूर कब तक रुक रहे, उनके लिए क्या-क्या व्यवस्था की गई, शायद इसका सही आंकडा उपलब्ध नही हो पा रहा है।

जानकारी के अनुसार तो जिला प्रशासन द्वारा क्वारंटाईन सेंटर बना दिया गया है, परन्तु उस क्वारंटाईन सेंटर मे कितने मजदूर रूक रहे कौन भोजन दे रहा स्पष्ट जानकारी नही मिल पा रही है और सेटर मे अगर व्यवस्था है तो, उसके बाद भी मुंगेली शहर के भीतर मजदूर लोग अपने परिवार वालों के साथ दर-दर क्यों भटक रहे हैं ? और उनकी सुध लेने वाला कोई नही, आज दाऊपारा में लगभग 45-50 मजदूर जिनमें महिला और छोटे-छोटे रोते हुए देखा गया, वहाँ उपस्थित मुंगेलीवासियों ने उन मजदूरों से पूछताछ किया गया, देखते ही देखते वहाँ कुछ पत्रकार पहुँच गए, दाऊपारा पहुँचे मजदूरों ने पत्रकारों और मुंगेलीवासियों को बताया कि

वे महाराष्ट्र से आ रहे है वहाँ से बस से प्रदेश के बॉर्डर तक आये और वहाँ से पैदल पंडरिया रोड से मुंगेली पहुँचे, मुंगेली जिला पहुँचने पर भी उनकी कोई जांच नही की गई, और न ही कहीं उन्हें रुकवाया गया, और अभी तक हमें खाना और पानी नही मिला, गोद में बच्चे बहुत रो रहे थे, जिसे देख वहाँ भीड़ लगी, परंतु काफी देर हो जाने के बाद भी कोइ सुध लेने नही पहुचा, मुंगेलीवासियों ने यह प्रश्न उठाया कि क्वारंटाईन सेंटर होने के बाद भी मजदूरों को शहर अंदर आसानी से कैसे प्रवेश किया जा रहा हैं और बार्डर में उनकी जांच क्यों नही की जा रही, बिना जांच किये शहर के बीच मे पहुँचे मजदूरों से लोगों में दहशत बना हुआ है वही कई जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण को लेकर जिला प्रशासन को जितना सक्रिय होने चाहिए नही हैं, अधिकारियों द्वारा सतत निगरानी करने की आवश्यकता हैं।मजदूर, महिला और बच्चे भूखे-प्यासे उदास रहे और शासन-प्रशासन पर अपनी नाराजगी जता रहे थे। वहाँ उपस्थित लोगों ने बताया कि और बहुत मजदूर थे जो अपने अपने व्यवस्था कर चले गए, कई लोग पैदल चले गए, फिर भी अभी बड़ी संख्या में मजदूर वहाँ उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

हाईटेंशन तार की चपेट में आकर मासूम की हुई मौत

बिलासपुर । सरकंडा थाना क्षेत्र के एक 12 वर्षीय मासूम की सिम्स हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। चिल्हाटी के पुराना बस्ती में हाईटेंशन लाइन के चपेट में आने से गभीर बच्चे शुक्रवार शाम सिम्स हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। गौरतलब है कि चिल्हाटी में रहने वाला 12 वर्षीय जाकिर मोहम्मद शुक्रवार दोपहर को बकरी चराने घर से निकला था। इस बीच करीब 4.30 बजे वह बकरी के लिए चार लेने की मंशा से पुरानी बस्ती स्थित एक बाउंड्रीवाल मे चढ़ रहा था। कि बाउंड्रीवाल से लगे 11 केवी के हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। जिससे वह दूर छिटक जा गिरा। महज चंद मिनटों में ही मासूम का पूरा शरीर बिजली से झुलसा गया, जिसकी आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण सहित परिजन भी मौके पर पहुँचे। जिन्होंने जागीर मोहम्मद को आनन फानन में सिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। लेकिन शनिवार सुबह इलाज के दौरान जागीर की मौत हो गई। जिसकी जांच को लेकर सरकंडा पुलिस कर रही है। आपको बता दे जाकीर मोहम्मद के सर से पहले ही उसके पिता समीर मोहम्मद का साया उठ चुका है। जागीर की माँ अपने चार बच्चो के सहारे ही अपनी जिन्दगी जी रहती थी, लकिन शनिवार को सबसे छोटे बेटे जागीर के मृत्यु की सूचना ने पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।

बस स्टैंड में सैनिटाइजेशन के दौरान प्रवासी मजदूरों पर भी छींटे पडें , प्रशासन ने लिया संज्ञान

बिलासपुर। तिफरा बस स्टैंड में सैनेटाइजेशन के दौरान वहां रुके प्रवासी मजदूरों पर सैनेटाइजर के छींटे पड़ गये थे। जिला प्रशासन ने इसे तुरंत संज्ञान में लेकर नगर निगम आयुक्त को जांच एवं उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। कल दोपहर क़रीब 300 मजदूर तिफरा बस स्टैंड में आए जिन्हें खाना खिलाकर बसों के माध्यम से उनके गंतव्य की ओर रवाना किया गया। इसके बाद वहां कुछ मजदूर रुके हुए थे। नगर-निगम के स्वच्छता प्रभारी द्वारा तिफरा बस स्टैंड परिसर को सैनेटाइज कराया जा रहा था। वहां बैठे मजदूरों को परिसर से अलग बैठने के लिए कहा गया लेकिन वे मजदूर अपने सामान के साथ वहीं बैठे रहे। स्वच्छता प्रभारी का कहना है कि प्रेशर मशीन से छिड़काव के कारण भूलवश कुछ पानी मजदूरों के सामान की तरफ चला गया। इस पर तत्काल उन्हें वहां से हटाया गया । आयुक्त ने इस सम्बन्ध में वहां उपस्थित एक मजदूर से बात की तो उन्होंने भी कहा कि भूलवश कुछ पानी उनकी तरफ पड़ गया था। इससे उनका सामान थोड़ा गीला हो गया, जिसे सुखाकर हम अपने गंतव्य के लिए रवाना हो रहे हैं। यह कार्य जान-बूझकर नहीं किया गया तथा हमें कोई भी परेशानी नहीं हुई।

एपीएल कार्डधारकों को 1 जून से मिलेगा 2 किलो नमक

बिलासपुर । सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जारी किये गये सामान्य एपीएल राशनकार्डधारकों को 1 जून से 10 रूपये प्रति किलो की दर से अधिकतम 2 किलो नमक प्रति राशनकार्ड प्रति माह दिया जाएगा। राशन दुकानदारों द्वारा नमक के व्यपवर्तन अथवा दुरूपयोग अथवा निर्देशों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधितों के विरूद्ध तत्काल छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेष 2016 के अंतर्गत आवश्यक दण्डनात्मक कार्यवाही की जायेगी। खाद्य संचालनालय द्वारा वर्तमान में प्रचलित सामान्य एपीएल राशनकार्डो की संख्या के अनुसार नमक का जून हेतु जिलेवार एवं दुकानदार आबंटन जारी किया गया है।

कोविड-19 संक्रमित व्यक्तियों के संपर्क में आने वाले लोगों की ट्रेकिंग के लिए दल गठित

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री जनक प्रसाद पाठक ने जांजगीर-चांपा जिले की चांपा तहसील के ग्राम खपरीडीह में 5 लोगों को कोविड-19 संक्रमित पाए जाने पर इस गांव के संपूर्ण क्षेत्र को कंटोनमेंट जोन घोषित किया गया है। जिला दंडाधिकारी ने कोविड-19 के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के लिए सभी संक्रमित व्यक्तियों के संपर्क में आने वाले लोगों की ट्रैकिंग और संपर्क की जानकारी उपलब्ध कराने अधिकारियों कर्मचारियों का दल गठित किया गया है ।

झूठी शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग ने पूरे परिवार को कर दिया होम क्वारंटाइन

बिलासपुर । मनचले युवकों ने युवतियों के हैदराबाद से लौटने की झूठी अफवाह फैलाने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने बिना जांच कर कर दिया होम क्वारंटीन । वार्ड पार्षद ने बंद करवा दिया दीगर सिविधाएँ बन्द ।

मामला तखतपुर के वार्ड क्रमांक सात गुप्ता मोहल्ला का है। इस मोहल्ले में रहने वाली तीन युवतियां बिलासपुर में थी। हाल ही में लॉक डाउन में छूट के दौरान यह तीनो अपने घर पहुंची, लेकिन मोहल्ले के कुछ शरारती तत्व के युवकों ने कुछ रंजिश रखने वाले पड़ोसियों ने प्रशासनिक अधिकारियों को तीनों युवतियां को हैदराबाद से लौटने की झूठी खबर दे दी ।

प्रशासन ने इस उद्देश्य से हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं कि अगर कोई भी बाहर से आए तो वह स्वयं इससे प्रशासन को अवगत कराएं या फिर आस पड़ोस के लोग भी प्रशासन को इसकी जानकारी दें । लेकिन इसका कुछ लोग दुरुपयोग भी कर रहे हैं ।

इसी तरह का दुरुपयोग करते हुए कुछ लोगों ने संबंधित विभाग को यह झूठी खबर दे दी कि तीनों युवतियां हैदराबाद से आई है और प्रशासनिक अधिकारियों की भी कार गुजारी देखिए कि उन्होंने बिना किसी जांच या पूछताछ के ही उन आरोपों को सच भी मान लिया और बिना किसी आधार और जांच के ही तीनों युवतियों को होम कोरेन्टीन कर दिया ।

युवतियों ने वार्ड की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन आशा को बार-बार बताया कि वो लोग बिलासपुर से आई है जो ग्रीन जोन है और जिले के भीतर आवाजाही पर इस तरह की कार्यवाही नहीं की जा रही। लेकिन उनकी बातों को अनसुना करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अनसुना कर दिया ।

वार्ड के पार्षद ईश्वर देवांगन पर भी आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि उनके ही इशारे पर उनके घर पानी की सप्लाई भी रोक दी गई है दिया गया है। घर के बाहर होम आइसोलेशन का पोस्टर चस्पा कर दिए जाने के बाद से उन्हें परिवार को दीगर सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है।

किसान खुद टेस्ट कर सकते हैं उर्वरकों की गुणवत्ता, सीएफसीएल ने उर्वरक की शुद्धता की जांच का बताया आसान तरीका

बिलासपुर । किसान अब सहजता से रासायनिक उर्वरकों की गुणवत्ता का परीक्षण खुद कर सकते हैं। भारत सरकार के सेंट्रल फर्टिलाईजर क्वालिटी कंट्रोल टेस्टिंग इंस्टीट्यूट फरीदाबाद द्वारा रासायनिक उर्वरकों में मिलावट की जांच के लिये बहुत ही आसान तरीका बताया गया है। जिसके जरिए कृषक रासायनिक उर्वरकों की गुणवत्ता की जांच त्वरित रूप से कर सकते हैं।

रासायनिक उर्वरक यूरिया में साधारण नमक, म्यूरेट ऑफ पोटाश, एस.एस.पी., रॉक फास्फेट, चिकनी मिट्टी आदि का अंदेशा रहता है। इसी तरह डीएपी में क्ले मिट्टी, जिप्सम की गोलियां तथा एसएसपी, एमओपी उर्वरकों में बालू एवं साधारण नमक, उर्वरक एनपीके में एसएसपी, रॉक फॉस्फेट, एनपीके मिश्रण, जिंक सल्फेट में मैग्नीशियम सल्फेट तथा कापर सल्फेट उर्वरक में बालू व साधारण नमक की मिलावट की अंदेशा रहता है। इसकी जांच कृषक सीएफसीएल द्वारा विकसित विधि से स्वयं कर सकते हैं।

उप संचालक कृषि बिलासपुर ने बताया कि शुद्ध यूरिया चमकदार, लगभग समान आकार के दाने वाला, पानी में पूर्णतः घुलनशील होता है। शुद्ध यूरिया को पानी घोलकर छूने पर ठंडेपन का एहसास होता है। गर्म तवे पर रखने पर यह पूरी तरह पिघल जाता है और आंच तेज करने पर कोई अवशेष नही बचता।

अंचल में लगातर हो रही बिजली कटौती

मुंगेली। अंचल में लगातर हो रही बिजली कटौती ने इन दिनों लोगो को हलाकान कर दिया है । लाकडाउन में समय बेसमय होने वाले इस अघोषित कटौती को लेकर लोगो में अब आक्रोश बढने लगा है नगरीय क्षेत्रों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में अमूमन मध्य रात्रि के बाद होने वाली इस बिजली की इस आख मिचैली ने दिन के चैन के साथ रातो की नींद भी हराम कर दी है। लोड शेडिंग के नाम पर चार से पांच घण्टे बिजली काटी जाती है। बिजली के कई उपकरण खराब हैं, इससे आए दिन समस्या होती रहती है।

अंचल के उपभोक्ताओं व युवाओं ने शासन से बिजली व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है। ऐसा नहीं किए जाने पर उन्होंने आंदोलन करने की चेतावनी दी है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि नगर के विभिन्न इलाकों के ट्रांसफार्मरों में सर्किट खुले पड़े हैं। इसे अभी तक सुधारा नहीं गया है। नगर में इन दिनों किसी भी समय एक घण्टे से भी ज्यादा समय तक बिजली काटी जा रही हैं नगर सहीत आसपास के क्षेत्रों में कई बार रात मे 11 बजे लाइट कटकर एक घण्टे बाद आती है, और कई दिनो सुबह से शाम तक चार से पांच बार एक-एक घण्टे के लिए बिजली काटी दी जाती है। इस संबंध में विद्युत विभाग के कार्यालय से संपर्क करने पर बाहर से बंद है,लोड सेटिंग चल रहा है का रटा-रटाया जवाब दिया जाता है। कुछ ही दिन पूर्व रात एक बजे से बंद होकर सुबह आठ बजे बिजली आई। जानकारी लेने पर बड़ी लाईन में खराबी होना बताया गया। नगर के युवा व्यवसायी राकेश साहू, चतुरसिंह क्षत्रिय गुरूचरण आदि ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि विद्युत विभाग की लापरवाही से ही लाईन में खराबी आती है। उन्हें जल्दी खराब होने वाले बिजली सामग्री का पहले से ख्याल रखना चाहिए। नगर न जाने कितने वर्ष पुराने तार व अन्य उपकरण लगे है। ये आए दिन खराब होते रहते है। इसे समय रहते ही बदल देना चाहिए। नगर के उपभोक्ता योगेन्द्र नारायण, रविकांत साहू आदि ने बताया कि उनके घर के पास जो ट्रांसफार्मर लगा है। उसे लगाने के समय विद्युत विभाग ने सभी ठीक होने बात कही थी पर उसमें न ता सर्किट बाक्स लगा है और न ही सर्किट। इसे सीधे तार से जोड़ दिया गया है। वह भी खुले रूप में इसकी जमीन से उंचाई मात्र तीन फिट है। इसे 2-3 साल का कोई भी बच्चा आसानी से छू सकता है। इससे हादसा हो सकता है। पुराना बस स्टैण्ड के पास ट्रांसफार्मर में सर्किट बॉक्स नहीं लगे है। यहां 24 घण्टे खतरा मंडरा रहा है।ब्लाक के कई ग्राम में बिजली खम्भा झुक गया है तथा कभी भी गिर सकता है, कोई दुर्घटना हो सकती है, इस बात की जानकारी ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को दे दी है, लेकिन अब तक खम्भे को बदलने किसी तरह की कार्यवाही नहीं की गई है। ग्रामीणों ने मांग की है, इस बिजली के पोल बदला जाए।विभाग से बिजली उपकरणों की सप्लाई में कमी होने से सर्किट बॉक्स नहीं लगे हैं।

विभाग से सर्किट, फ्यूज तार, सर्किट बाक्स एवं अन्य सामग्री की मांग की गई है। आते ही सभी ट्रांसफार्मरों में लगा दिया जाएगा।

आवारा कुत्ते से मारपीट करना पड़ा भारी

केन्द्रीय मंत्री मेनका गांधी का थानेदार को फोन, कहा-आरोपी पर करें सख्त कार्रवाई

बिलासपुर । पशु प्रेमी की शिकायत पर केन्द्रीय मंत्री मेनका गांधी ने बिलासपुर सिविल लाइन थानेदार को फोन कर आवारा कुत्ता के साथ मार पीट करने वाले आरोपी पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने आवारा कुत्ता से मारपीट किए जाने की शिकायत पर सिविल लाइन थानेदार से फोन पर बातचीत की है। थानेदार परिवेश तिवारी ने बताया कि एक दिन पहले अज्ञेय नगर निवासी किसी महिला ने कुत्ता को दौड़ा कर पीटा। मामले में जमकर विवाद हुआ। पशु प्रेमी एक एनजीओ संस्था ने मामले की शिकायत केन्द्रीय मंत्री मेनका गांधी से की। शिकायत करने वाली कोई मैडम वर्तिका पिल्लई हैं। केन्द्रीय मंत्री मेनका गांधी ने निर्देश दिया है कि मामले को गंभीरता से लिया जाए। बेवजह मूक जानवरों के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

सिविल लाइन थानेदार ने बताया कि शिकायत कर्ता वर्तिका की बातों को लिखित में लिया गया है। अब तालापारा अज्ञेयनगर क्षेत्र के सभी सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। पता लगाया जा रहा है कि कुत्ता के साथ मारपनीट करने वाली महिला या पुरूष कौन है। कुर्ते की तलाश हो रही है। जल्द ही पतासाजी के बाद पेटा कानून के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कार्रवाई की जानकारी आलाधिकारियों के माध्यम से केन्द्रीय मंत्री तक पहुंचा दी जाएगी। इस्टाग्राम में अश्लील बातें और गाली गलौच करने वालों पर भी कार्रवाई होगा

मामला तालापारा अज्ञेयनगर क्षेत्र में पिल्लई परिवार रहता है। पिल्लई परिवार के सामने एक खान परिवार रहता है।एक परिवार की महिला आवरा कुत्तों से परेशान थी। और उसने उसे दौड़ाकर मारा। परिवार की लड़की ने ऐसा करने से रोका।इसके बाद कुत्ता से नाराज परिवार ने परिवार से नाराजगी जाहिर की। कुछ घंटे बाद दोनों परिवार में कहा सुनी शुरू हुई। मामला गाली गलौच तक पहुंचा

देर शाम कुत्ता मारपीट घटना को एनजीओ के संज्ञान में लाया। करीब आठ बजे रात्रि के इन्स्टाग्राम में किसी ने जान से मारने की धमकी और अश्लील गाली गलौच किया। साथ ही उठा लेने की धमकी भी दी।इस बात से नाराज ने पेट एनजीओ के माध्यम से शिकायत केन्द्रीय मंत्री मेनका गांधी से की।

मेनका गांधी की फोन के बाद मामला गंभीर हुआ। सिविल लाइन थाने में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत वर्तिका ने अपराध दर्ज करने की मांग की। साथ ही इंस्टाग्राम में जान से मारने की धमकी दिए जाने के साथ अश्लील गाली गलौच की भी शिकायत की है। जानकारी के अनुसार फेक आईडी से वर्तिका को धमकी दी गयी है। बहरहाल शिकायत के बाद आईडी को डिलीट कर दिया गया है। पुलिस जांच की बात कह रही है।

कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रोटोकॉल का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करें - कलेक्टर

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक ने कोविड 19 के संक्रमण की रोकथाम के लिए गठित जिला स्तरीय कोर कमेटी की बैठक ली। कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित कर कहा कि जिले के क्वारेंटीन केंद्र में कोरोना के 05 संक्रमित व्यक्ति मिले हैं। उनके संपर्क में आने वाले सभी लोगों का सैंपल लेकर उनकी जांच के लिए यथा शीघ्र भिजवाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिले के सभी क्वारेंटीन सेंटर जहां अन्य प्रांतों के श्रमिकों को रखा गया है, वहां ड्यूटी में संलग्न अधिकारियों कर्मचारियों को कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करें। बैठक में सीएमएचओ से जिले से अब तक लिए गए सैंपल तथा जांच हेतु प्रेषित सेंपल की जानकारी ली गई। उन्होंने जिले के कंटोनमेंट क्षेत्र में कानून व्यवस्था, सैनिटाइजेशन, घरों का एकीकृत सर्विलेंस, स्वास्थ्य टीम को आवश्यकता अनुसार मास्क व पीपीई कीट उपलब्ध कराने और प्रोटोकॉल के अनुरूप मेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन की कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए बैठक में दिए।

अतिथि श्रमिकों के सहयोग के लिए जिला कांग्रेस ने शुरू किया सहायता केंद्र

- पीसीसी चीफ मरकाम ने खुद संभाला मोर्चा

कोंडागाँव। लगातार लॉक डाउन के चलते घरों को श्रमिको को जो दूसरे प्रान्तों को जिले से होकर जा रहे हैं,उनकी भूख मिटाने व उन्हें घर पहुचाने का जिम्मा अब जिला कांग्रेस कमेटी ने उठाया है।

विभिन्न प्रान्तों को लौटते श्रमिको के लिए स्थानीय रेस्ट हाउस के पास कोंडागांव में कांग्रेस कमेटी द्वारा सहायता केंद्र प्रारम्भ किया गया, जिसकी सुरुवात छ ग प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम ने किया।

पीसीसी चिफ़ ने कहा कि सहायता केंद्र प्रारम्भ करने का उद्देश्य विभिन्न प्रान्तों से आवागमन कर रहे श्रमिक की सहायता के लिए है ।ताकि कोई भूखा प्यासा ना रहे इस हेतु उनके लिए पानी चाय बिस्कुट टोस्ट आदि की व्यवस्था की गई है जो भी श्रमिक मार्ग से जा रहे है उन्हें सहायता केंद्र में सेनेटाइज कर उन्हें आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है। वही जो भी श्रमिक बन्धु पैदल चलकर जा रहे है उनको भी सहायता केंद्र के माध्यम से सहायता उपलब्ध करवा उनके गन्तव्य तक पहुचाने की व्यवस्था की जाएगी।आज दोपहर इसी दरम्यान गीदम से मोटरसाइकिल से सीहोर मध्यप्रदेश के लिए निकले श्रमिक परिवार जिसमे छोटे छोटे बच्चे भी शामिल थे, सहायता केंद्र पहुचे जहा उन्होंने घर तक पहुँचने के लिए राशि की कमी होना बताया जिसके बाद कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम ने उन्हें आर्थिक सहायता व अपना मोबाइल नम्बर देकर रवाना किया व उनका मार्गदर्शन करते रहे।

गुजरात के नाडियाड से श्रमिक स्पेशल ट्रेन से चांपा पहुंचे 543 श्रमिक-यात्री

- सुरक्षित गृह जिला वापसी पर श्रमिकों ने जताया मुख्यमंत्री के प्रति आभार
- तालियां बजाकर किया गया श्रमिकों का स्वागत

जांजगीर-चांपा। गुजरात में कोविड- 19 के कारण लाकडाऊन में फंसे जांजगीर-चांपा जिले के 534 श्रमिक, यात्रियों का आज अपराह्न 3.50 बजे श्रमिक स्पेशल ट्रेन नाडियाड (गुजरात) से चांपा आगमन हुआ। इस ट्रेन में कुल 543 श्रमिक यात्री पहुचें थें, जिनमे रायगढ जिले के 8 और बलरामपुर जिले के 01 श्रमिक यात्री शामिल हैं। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों ने इस ट्रेन से चांपा पहुंचने पर श्रमिकों और यात्रियों का ताली बजाकर खैरमकदम किया गया।

लाक डाऊन में गुजरात में फंसे श्रमिकों ने गृह जिला जांजगीर-चांपा पहुंचाने की संवेदनशील श्रमिक स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था करने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके प्रति आभार जताया।

इसके पूर्व इस ट्रेन के चांपा पहुंचने के पहले रेलवे प्लेटफार्म को सेनेटाइज किया गया। आगंतुक सभी यात्रियों को बाजोरिया फाऊंडेशन चांपा द्वारा ट्रेन में ही भोजन उपलब्ध कराया गया। इसके बाद दो-दो बोगियों के अंतराल क्रमशः श्रमिकों को उद्घोषणा कर ट्रेन से शारीरिक दूरी का पालन करते हुए उतारा गया और विकासखंडवार स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में उनका थर्मल स्केनिंग कर श्रमिकों को नियत बसों में बैठाया गया और गंतब्य के लिए रवाना किया गया।

कलेक्टर ने किया स्टालों का निरीक्षण, श्रमिकों का किया मार्गदर्शन

श्रमिक स्पेशल ट्रेन नाडियाड (गुजरात) से चांपा पहुंचने और मजदूरों के ट्रेन से उतरने के बाद कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक, एसपी श्रीमती पारूल माथुर और जिला पंचायत सीईओ श्री तीर्थराज अग्रवाल ने गांव और विकास खंड का नाम पूछते हुए श्रमिकों को प्लेट फार्म में उनके निर्धारित स्थान पर जाने और शारीरिक दूरी का पालन करने उनका मार्गदर्शन करते रहे।

कोटमीसोनार, जैजैपुर और बलोदा के श्रमिकों ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवादः गुजरात के खेड़ा जिले के रिछोल में ईंट निर्माण मजदूरी का काम करने गए जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा विकासखंड के ग्राम कोटमीसोनार के संतोष जोगी, कविता जोगी, सुनील, राजकुमार, जैजैपुर विकास खंड के ग्राम अमोदा की बबीता, खिलेश्वर, दिलेश्वर, उर्मिला आदि ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा उनके सुरक्षित गृह जिला पहुंचाने मदद के लिए मुख्यमंत्री के इस संवेदनशील कार्रवाई के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर उनके प्रति आभार जताया।

न्यूज गैलरी

जंगल में मिली लाश की शिनाख्त

महासमुंद। कोल्दा नाला में शुक्रवार शाम एक महिला की लाश मिली। शिनाख्त निवासी झारा निवासी फूलबाई पति बृजलाल भुजिया (60) के रूप में की गई। महिला के परिजनों ने बताया कि वह मानसिक रूप से बीमार थी और अचानक बिना बताए घर से कहीं चली गई। पुलिस ने बताया कि गुरूवार शाम 7 बजे की कोल्दा जंगल में नाला के नीचे शव मिलने की सूचना पर टीम पहुंची। मृतिका की शिनाख्त हो गई है। पीएम कराकर शव परिजनों को दे दिया गया। थाना प्रभारी दीपा केंवट ने बताया कि पीएम रिपोर्ट में स्वाभाविक मौत की बात चिकित्सक ने कही है। मृतिका के परिजनों के कथनानुसार वह कुछ दिन पहले घर से निकली थीं। इससे संभावना व्यक्त की जा रही है कि भूख-प्यास के कारण वह जंगल में भटक गई होगी। शरीर पर चोंट के निशान नहीं मिले हैं।

मिर्गी का दौरा, मौत

महासमुंद। मिर्गी का दौरा पडने़ से 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम लाखागढ़ निवासी संतोष पिता पीलू राम साहू को 13-15 मई की दरम्यानी रात मिर्गी का दौरा पड़ा जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए विवेचना में लिया है।

जंगल में मिली युवक की लाश

महासमुंद। बैतारी के जंगल में फांसी पर एक युवक की लाश मिली है। बसना पुलिस के मुताबिक गुरूवार सुबह करीब 10 बजे देवतरई के जंगल में युवक की लाश मिली। जिनकी पहचान बैतारी निवासी सन कुमार पिता श्रीचंद बरिहा (20) के रूप में की गई।

दो पक्षों में मारपीट, काउंटर केस दर्ज

महासमुंद। गांव में चल रहे वाटर शेड निर्माण स्थल पर आरआई द्वारा बुलाए जाने की बात पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। कोमाखान पुलिस ने वृंदावन की इस घटना में काउंटर केस दर्ज कर विवेचना में लिया है। पहली शिकायत केशराम पाड़े ने की है, उनके मुताबिक उनके खेत के पास वाटर शेड का काम हो रहा है। इसके लिए सरपंच और आरआई ने बुलाया था, जिस पर उन्होने आरोपी युगल पांड़े को तुम नहीं जा रहे हो कहा। इस बात पर युगल ने उसकी पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी। इस तरह युगल ने शिकायत दर्ज कराई है कि केशराम पांड़े और लोकनाथ पांड़े ने वाटर शेड निर्माण के संबंध में मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी।

मछली खाने पर हो गई युवक की पिटाई

महासमुंद। मछली खाने की बात पर बेमचा में दो लोगों ने युवक की पिटाई कर दी। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी बेमचा निवासी पंकज सोनी ने शिकायत दर्ज कराई है कि गुरूवार रात 8 बजे मछली खाने की बात पर पीची उर्फ राज सोनी और नकुल सोनी ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी।

मजदूरों को क्वारेंटाइन में रखा

बिरकोनी। शुक्रवार को पलायन से आने वाले 21 लोगों को ग्राम अछरीडीह नयापारा के मिडिल स्कूल में 14 दिन के लिए क्वारेंटाइन में रखा गया है। जिले में पहुंचने पर परिजनों ने सरपंच व सचिव आत्माराम साहू को सूचना दी थी। इनमें से 13 मजदूर कोंडागांव से आए हैं, जिसमें 10 पुरुष व एक महिला और दो बच्चे हैं। वहीं 8 मजदूरों में चार महिलाएं हैं। ये ओडिसा के पुरी अंतर्गत निमापारा में ईंट बनाने गए थे। कोटवार और सरपंच प्रतिनिधि के अनुसार पूरी तरह निगरानी की जा रही है। सभी को मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंस का पालन करने कहा गया है।

हाईस्कूल को बनाया क्वारेंटाइन सेंटर

महासमुंद। बेलसोंडा में हाईस्कूल को क्वारेंटाइन सेंटर बनाया गया है। यहां अलग-अलग हिस्सों में 44 लोग रखे गए हैं। इनमें 34 लोग भंडारा महाराष्ट्र से लौटे हैं। शेष लोग भिलाई, बिलासपुर, कोरबा जिले से आए हैं। उनका कहना है कि यहां उन्हें कोई तकलीफनहीं है। सुबह पोहा-चाय, शाम को बिस्किट चाय और दोनों टाइम खाना मिलता है। मजदूरों ने बताया कि उन्हें दैनिक आवश्यकता की चीजें दी गई हैं। मजदूरों को उनके ब्लॉकों में लॉक करके रखा जाता है, ताकि बाहर के किसी भी व्यक्ति से इनका फिजिकल संपर्क न हो सके। पुलिस और कोटवारों के अलावा यहां के सभी महिला-पुरुष सरपंच-पंच भी निगरानी के लिए तैनात रहते हैं।

रेत का अवैध परिवहन, पांच हाईवा पकड़ाया

महासमुंद। पुलिस ने देर रात रेत का अवैध परिवहन करते हुए पांच हाईवा को पकड़ा है। इनमें दो हाइवा में रेत लोड है वहीं तीन खाली है। भरे हुए हाइवा को कार्रवाई के लिए माइनिंग विभाग के सुपुर्द कर दिया है। वहीं तीन हाइवा पर मोटरव्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है। रेत माफिया दिन रात घाट में पहुंचकर उत्खनन कर रहे हैं। समय निर्धारित होने के बावजूद शासन के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। माइनिंग विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं करने के कारण रात में अवैध उत्खनन व परिवहन बढ़ गया है। थाना प्रभारी शेरसिंह बंदे ने बताया कि सूचना पर टीम रेत घाट पहुंची, जहां रेत से भरे दो एवं खाली तीन हाइवा को पकड़ा।

'मवेशियों को न खिलाएं बासी भोज्य पदार्थ'

महासमुंद। पशु चिकित्सा सेवाएं के उपसंचालक डॉ. डीडी झारिया ने भीषण गर्मी को देखते हुए पशुओं के बचाव और उनकी देखभाल के लिए पशुपालक कृषकों को समसामयिक सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि इस समय तेज गर्मी के कारण गर्म हवाएं चल रही है। तापक्रम लगभग 40 डिग्री सेंटीग्रेड के आस-पास है। ऐसे में पशुओं को लू लगने एवं उनके बीमार होने की संभावना बनी रहती है। पशुओं को आहार लेने में अरूचि, तेज बुखार, हाफना, नाक से स्राव बहना, आंखों से आंसू गिरना एवं आंखों का लाल होना, पतला दस्त होना और शरीर में पानी की अत्यधिक कमी होने से लडखड़ाकर गिरना आदि लू लगने के प्रमुख लक्षण हैं।

20 लाख करोड़ का पैकेज आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करेगा : संदीप जैन

- **डौंडीलोहारा सांसद प्रतिनिधि नगर पंचायत संदीप लोढा ने कहा कि लघु व कुटीर उद्योगों के लिए किए गए प्रावधानों से देश के औद्योगिक परिदृश्य में क्रांतिकारी बदलाव आएगा, आत्मनिर्भरता के संकल्प से देश एक मज़बूत अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा**

डौंडीलोहारा। सांसद प्रतिनिधि संदीप जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के मद्देनज़र घोषित 20 लाख करोड़ रुपए के आर्थिक पैकेज को नए भारत की रचना की नई ऊर्जा से सराबोर बताया है, बीजेपी नेताओं ने कहा है कि इस बारे में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पहले चरण में प्रस्तुत विवरण आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करेगा, केंद्र सरकार की इस घोषणा ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति के धनी प्रधानमंत्री मोदी बड़े निर्णयों के लिए जाने जाते हैं.

संदीप जैन सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने घोषित आर्थिक पैकेज में सूक्ष्म, मध्यम व लघु कुटीर तथा गृह उद्योगों (एमएसएमई) को संजीवनी प्रदान की है. इस आर्थिक पैकेज से न केवल भारत की अर्थ व्यवस्था को नई दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा अपितु उत्पादन के क्षेत्र में भारतीय कंपनियों को वैश्विक पहचान मिलेगी और भारत आत्मनिर्भरता के मामले में दुनिया के सामने अपनी मिसाल पेश करेगा. उसेंडी ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर के लिए 03 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान करके इन उद्योगों के विस्तार का धरातल तैयार किया गया है.

मुश्किलों से जूझते लघु व कुटीर उद्योगों के लिए किए गए प्रावधानों से देश के औद्योगिक परिदृश्य में क्रांतिकारी बदलाव आएगा. व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा में इन उद्योगों को बराबरी का अवसर देने के लिए केंद्र सरकार ने 200 करोड़ रुपए तक के सरकारी टेंडर को गलोबल की श्रेणी से हटाकर एमएसएमई सेक्टर के लिए आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया है।

सूक्ष्म-मध्यम लघु व कुटीर तथा गृह उद्योगों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से यह पैकेज प्रधानमंत्री मोदी के व्यापक दृष्टिकोण का परिचय देने वाला है. भारत को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प ने देश को एक मज़बूत अर्थ व्यवस्था वाला देश बनने की दिशा में आगे बढ़ाने का काम किया है. केंद्र सरकार ने निजी व सरकारी क्षेत्र के कर्मचारियों के भविष्य निधि खातों में 24 प्रतिशत के अंशदान को अगले तीन माह के लिए बढ़ाकर कर्मचारियों के साथ ही नियोक्ताओं को भी राहत प्रदान की है, इससे 3.66 संस्थानों के 72 लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे, एमएसएमई सेक्टर के लिए किए गए प्रावधान स्वतंत्र भारत के इतिहास की बड़ी उपलब्धि हैं, सन 1991 के बाद अब लेबर लैंड सेक्टर में इससे सुधार नज़र आएगा। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने उन बैंकों को भी फायदा पहुँचाने के लिए 30 हज़ार करोड़ रुपए के प्रावधान की घोषणा की है जो ऋण वितरण के कारण तनाव में थे और नकदी की समस्या से जूझ रहे थे।

खरोरा नगरवासियों ने किया कोरोना वारियर्स का सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। माँ महामाया की नगरी खरोरा में देशव्यापी कोरोना वॉरियर्स सम्मान व पुष्प वर्षा के साथ कार्यक्रम के तहत आज नगर खरोरा में पुलिस प्रशासन चिकित्सक अधिकारी एवम नर्स स्टाफऔर सफाई कर्मचारियों , तहसीलदार एवम उनके स्टाफका सम्मान कार्यक्रम रखा गया था भारत माता के जयकार के साथ समस्त वॉरियर्स पर फूलों के माध्यम से स्वागत और श्री फल शॉल, स्कार्फ भेंट कर सम्मान किये । इस अवसर पर तहसीलदार कृष्ण कुमार जसवाल ,टीआई रमेश मरकाम , सीएमओ नगर पंचायत सतीश यादव , डॉ विनायक सिंह ठाकुर ने उपस्थित जनों को संबोधित कर इस अवसर

विकट परिस्थितियों में सावधान रहने का आग्रह किया ।कोरेना वायरस इतनी जल्दी खत्म नहीं होने वाली अभी बहुत लड़ाई लड़नी पड़ेगी। समाज को जागरूकता पूर्वक अपना कार्य करने की आवश्यकता है। यह महामारी जो विश्व के लिए घातक है भारतीय परिवेश ,संस्कार , संस्कृति ,हमारी परंपराओं में इतनी शक्ति है की हम सब के प्रयास से महामारी से छुटकारा पाएंगे ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल सोनी अध्यक्ष नगर पंचायत खरोरा, नरेंद्र सिंह ठाकुर मंडल अध्यक्ष भाजपा ,ईश्वरी देवांगन , सूरज सोनी, विकास ठाकुर सुश्री दीप्ति अग्रवाल , आर के शर्मा(एएसआई) रविंद्र कुमार ध्रुव(एस आई) बीआर वर्मा(ए एसआई) अमित अदानी , अनंत कुमार वरिष्ठ प्रधान आरक्षक ,युधिष्ठिर बुडेक , अश्वनी पाटकर ,चेतन प्रसाद द्विवेदी , सुमित सेन ,भोला यादव, यशवंत वर्मा , भुवनेश्वर सारथी , दुष्यंत साहू सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन नगर के प्रथम नागरिक अनिल सोनी एवं सफल संचालन चंद्रकुमार डड़सेना प्रांत समन्यक विद्या भारती द्वारा किया गया। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसमें नगर खरोरा एवम केशला के वरिष्टजन युवाजन एवम नगरवासी उपस्थित रहे ।

जीवदया के लिए जैन युवा शक्ति दल्लीराजहरा लगातार कर रहा काम

दल्लीराजहरा। पिछले कुछ दिनों से जैन युवा शक्ति दल्लीराजहरा के सदस्यों द्वारा पूरे दल्लीराजहरा शहर मे गाय को चारा एवं बेजुबान जीव जन्तुओ को रोटी पानी दिया जा रहा है, और जगह जगह में उनके पानी के लिए कोटना रखा गया है, ताकि लॉकडाउन में बेजुबा जानवर भूखे व प्यासे न रहे, पंछियों के लिए दानापानी के लिए सकोरा वितरण किया गया है ताकि कोई बेजुबा जानवरो की भूख -प्यास के कारण इनकी मृत्यु न हो।

भाटापारा में हुआ पांच रूपये किलो में नमक का वितरण

भाटापारा। नगर में नमक ख़त्म होने और काला बाजारी की अफ़्वाह के बीच नगर मे पिछले दो दिनो से 10 हजार किलो नमक का विक्रय पांच रूपये किलो में किया गया। इस दौरान लगभग,1850 लोगो को नारायण उदयोग एवं गुरूकुल विदयालय में शासकीय वितरण मूल्य से भी आधे दर पर समाज सेवी श्याम रतन मूंधड़ा के व्दारा नमक का वितरण किया गया है । बताया जाता है की आने वाले दो दिनों तक भी इसी प्रकार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नारायण उदयोग पटपर में उसी मूल्य पर खादयान्न नमक का विरतण किया जावेगा । लोगो ने इस कार्य के लिये प्रशंसा करते हुए बाजार में उच्चदर से नमक खरीद रहे लोगो से नारायण उदयोग संस्थान में आकर ,कम मूल्य पर खाद्यान्न नमक प्राप्त करने की अपील की है।

मनरेगा से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पटरी पर : सोनु कुमार साहू

खरोरा। जनपद पंचायत आरंग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सँकरी (कोरासी) में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत श्रमिको को रोजगार दिया जा रहा है जिसमे ग्राम पंचायत संकरी में वार्ड क्रमांक 01 से लेकर कुल 20 वार्ड तक 900 मजदूर मनरेगा के तहत कार्य कर रहे है। और मनरेगा की तहत कार्य मिलने से ग्रामीण में हर्ष व्याप्त है। कार्य प्रणाली एकदम उचित ढंग से किया जा रहा है ग्राम के सरपँच,उपसरपंच व पंच एवं उनके टीमो द्वारा बार-बार कार्यस्थल का निरक्षरण भी किया जा रहा है ,

छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हु ,ग्रामीणो को रोजगार मिलने से सभी खुश है , शासन के कार्यप्रणाली के आधार पर गहनता पुर्वक कार्य किया जा रहा है,एवं हमारी पुरी टीमों द्वारा गहराई की जाँच भी किया जा रहा है,।

भूपेश बघेल और सिंहदेव के उपकार को हम नहीं भुला पायेंगे-सुशील शर्मा

भाटापारा। देश के विभिन्न प्रदेशो में अपने परिवार सहित जीवन यापन करने गये छत्तीसगढ़ के मेहनत कस मज़दूरों ने शकुशल भाटापारा वापसी पर इन छत्तीसगढ़िया मज़दूरों से रूबरू होने पर सैकड़ो मज़दूरों ने प्रदेश कांग्रेस सचिव सुशील शर्मा से कहा कि हम लोग हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री के इस घर वापसी अभियान और सहयोग को जीवन पर्यन्त नही भुला पायेंगे। कोविड-19 कोरोना वायरस के चलते हुये लॉक डाउन में अपने परिवार सहित फँसे गरीब छत्तीसगढ़ के मज़दूरों के रेलगाड़ी, बस,मेटाडोर तथा अन्य साधनों से वापस अपने अपने गाँव मे पहुँचे मज़दूरों से मिलने सुशील शर्मा ग्राम मोपका,धनेली,पासीद, बिटकुली,करहिबजार, मेकरी,केशला गांवो के स्कूलों में बने कोरेन्टीन सेंटर में मज़दूरों से रूबरू हुये।इस अवसर पर ग्राम के सरपंच,सचिव और कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

प्रवासी मजदूरों को जिपं उपाध्यक्ष सरिता ने दी खाद्य सामग्री

भाटापारा। देश के विभिन्न राज्यो से वापस आये मजदूरो से जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता सत्यनारायण ठाकुर ने मुलाकत करते हुए उन्हें खादय सामगी और बच्चों के लिए चॉकलेट वितरण किया। उपाध्यक्ष ने कहा की मानव सेवा करने का अभी सही समय है। जिला पँचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता सत्यनारायण ठाकुर अपने नियमित दौरे के दौरान आज ग्राम तरेंगा पहुँच कर वहा आये प्रवासी मजदूरो से मुलाकत की। मुलाकात के दौरान श्रीमती ठाकुर ने उन्हें शासन प्रशासन के द्वारा दिए गए निर्देशो का अनिवार्य रूप से पालन करने को कहा। वही उन्होंने श्रमिक मजदूरो से क्वार टाईन सेंटर में किसी भी प्रकार की तकलीफके बारे में जानकारी ली तथा सभी मजदूरो को मास्क,साबुन,तेल,फल बिस्किट आदि समानो का वितरण किया। इस अवसर पर इस प्रतिनिधि से अनोपचारिक चर्चा में श्रीमती सरिता ठाकुर ने कहा की अभी वर्तमान समय ही मानव सेवा करने का सबसे उत्तम समय है।बाहरी राज्यो से आये भाई बहनो को 14 दिनों तक इसी सेंटर पर रहना है और उन्हें प्रशासन की तरफसे सुविधा तो मिल रही है लेकिन उसके बाद भी धर्मावलम्बी लोगो को इस और ध्यान देते हुए अपनी इक्षा शक्ति के अनुरूप प्रवासी मजदूरो की सेवा दान स्वरुप करनी चाहिए। इस अवसर पर उपसरपंच दशरथ आडिल,सतीश सोनी,दिलीप चक्रधारी,रोबेन्द्र निषाद,धनेश साहू सूरज आडिल,बलदाऊ निषाद सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

गौठान में पैरादान के लिए स्ट्रा बेलर से पैरा एकत्र करने प्रदर्शन

महासमुंद। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना सुराजी गांव नरवा, गरूवा, घुरूवा, बारी के तहत जिले में चयनित ग्रामों के स्थापित गौठानों में पशुओं के चारे की व्यवस्था के लिए हार्वेस्टर से फसल कटाई के बाद खेत में बचे हुए पैरा को स्ट्रा बेलर की सहायता से एकत्रित कर समीपस्थ गौठानों में पहुंचाने का कार्य कृषि विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य को सुचारू रूप से सम्पन्न करने के लिए कृषि विभाग के उप संचालक द्वारा प्रदर्शन कार्ययोजना प्रस्तावित किया गया है। कार्य योजना के अनुसार महासमुंद विकासखण्ड के गौठान ग्राम शेर के लिए ग्राम धनसुली में 11 मई 2020 को प्रदर्शन प्रस्तावित है। इसी प्रकार 13 मई को गौठान ग्राम कौंदकेरा, 15 मई को लोहारडीह, 17 मई को कोना, 19 मई को खट्टी, 21 मई को बम्हनी एवं 23 मई को ग्राम भुरका में प्रदर्शन प्रस्तावित है।

ज्येष्ठ माह की भीषण गर्मी में शरीर में ठंडकता बनाने के लिए सीत्कारी और शीतली प्राणायाम करें- दीपक वर्मा

अर्जुनी। गर्मी में ठंडक का अहसास जरूरी है अन्यथा तेज धूप से हमारी त्वचा सुखी और चेहरा मुरझाया सा लगेगा। पानी की कमी से जहाँ गला व होंठ सूखने लगता है वहीं पानी व नमक की कमी होने से डी-हाइड्रेशन भी हो सकता है। इस सबके कारण बेचैनी, घबराहट, सुस्तपन और उल्टी-दस्त आदि गर्मी से संबंधित रोग बढ़ जाते हैं। तो इससे बचने के लिए जानें दीपक कुमार वर्मा पतंजलि प्रथम योग प्रचारक जिला बलौदा बाजार ने बताया योगा टिप्स।

प्राणायाम करें : शीतली और शीतकारी प्राणायाम आपके शरीर को ठंडा बनाए रखने में सक्षम है। आप इसे कभी भी, कहीं भी कर सकते हैं। बस ध्यान रखें कि जहाँ भी कर रहे हैं वहाँ की वायु शुद्ध हो। इससे शरीर में भरपूर ऑक्सीजन का संचार होगा। फेफड़े और पेट में किसी भी प्रकार की गर्मी नहीं रहेगी।

शीतली : इसमें मुख खोलकर जुबान की नाली बनाकर नाली के द्वारा श्वास धीरे-धीरे लय में अंदर खींचे फिर मुख बंद कर कुछ देर तक श्वास अंदर रोके रखने के बाद नाक से निकाल दें। इसे आठ या दस बार करें। इससे शरीर में ठंडक बढ़ती है।

शीतकारी : शीतकारी में दाँतों को भींचकर होंठों से श्वास खींचें। कुछ देर तक रोके रखने के बाद नाक से निकाल दें। इसे भी आठ से दस बार करें और तेज गर्मी में भी भरपूर ठंडक का मजा लें।

मुद्रा का लाभ लें : गर्मी में आमतौर पर सुस्तपन छा जाता है। ऐसे में शून्य, वायु और वरुण मुद्रा गर्मी में लाभदायक है। शून्य मुद्रा आपके शरीर के सुस्तपन को कम कर स्फूर्ति जगाती है। वरुण मुद्रा शरीर के जल तत्व के संतुलन को बनाए रखती है।

मजदूरों को पिलाया जा रहा है काढ़ा दी जा रही है आयुर्वेद औषधि

भाटापारा। जिले का एक मात्र रेलवे स्टेशन भाटापारा में विशेष रेलगाड़ियों से उतरने वाले श्रमिकों को शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) बढ़ाने के लिए आयुर्वेद औषधियां और काढ़ा पिलाया जा रहा है। आयुष विभाग द्वारा स्टेशन के निकास द्वार पर एक विशेष स्टाल सजाया गया है। उन्हें काढ़ा पिलाने के साथ ही लगभग महीने भर की काढ़ा बनाने कीऔषधियां प्रदान की जा रही हैं। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल एवं एसपी श्री प्रशांत ठाकुर ने स्टेशन में आयुर्वेद काढ़ा पीये और कोरोना से बचाव के लिए सभी लोगों को इम्युनिटी बढ़ाने के लिए काढ़ा पीने की सलाह दी।आयुष विभाग के डॉक्टर भैना के नेतृत्व में आयुर्वेद विभाग की टीम इस काम में सेवा भाव से जुटी हुई है। डॉ भैना ने बताया कि पिछले तीन दिनों में हज़ारों श्रमिकों को काढ़ा पिलाया जा चुका है।

सतर्कता जिले में दो लाख 46 हजार पशुओं को गलघोंटू एवं एक लाख 31 हजार पशुओं का एक टंगिया टीकाकरण किया जाएगा

पशुओं में सघन टीकाकरण, गौठान ग्रामों में सौ फीसदी का लक्ष्य

महासमुंद। बरसात के समय में अक्सर होने वाले गलघोंटू एवं एकटंगिया भूजन्य संक्रामक रोग से पशुओं को बचाने के लिए जिले में सघन टीकाकरण कार्यक्रम 10 मई 2020 से प्रारंभ किया गया है जो आगामी 15 जून 2020 तक चलेगा। जिसमें 75 प्रतिशत पशुओं में टीकाकरण करने का लक्ष्य रखा गया है वहीं शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना गरूवा कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के गौठान ग्रामों में शतप्रतिशत पशुओं में टीकाकरण किया जाएगा।

पशु चिकित्सा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड महासमुंद में 69 हजार 185 पशुधन गलघोंटू टीकाकरण के लिए लक्षित है वहीं एकटंगिया टीकाकरण के लिए 36 हजार 932 पशुओं का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कार्य के लिए 39 अमलों को जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार विकासखण्ड बागबाहरा में गलघोंटू टीकाकरण के लिए 61 हजार 431 पशुधन वहीं एकटंगिया टीकाकरण के लिए 32 हजार 718 पशु लक्षित है एवं 23 अमलों को जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार विकासखण्ड पिथौरा में गलघोंटू टीकाकरण के लिए 51 हजार 122 एवं एकटंगिया टीकाकरण के लिए 27 हजार 187 पशुओं का टीकाकरण लक्ष्य निर्धारित करते हुए 34 मैदानी अमलों को तैनात किया गया है। बसना विकासखण्ड में गलघोंटू टीकाकरण 28 हजार 626 एवं एकटंगिया टीकाकरण हेतु 15 हजार 270 पशु लक्षित है। इस कार्य को 27 अमलें को पूर्ण करेंगे।

कोरोना काल में भी खाते से लेनदेन में नहीं हुई कोई परेशानी, बैंक सखियों ने निभाई जिम्मेदारी

- दो माह में बीस हजार से अधिक खातों से हुआ दो करोड़ रूपये का लेनदेन
- घर-घर पहुंच 63 बैंक सखियां दे रही बैंकिंग सुविधायें, घर बैठे मिल रही पेंशन, मजदूरी की राशि

कोरबा ।कोरोना संक्रमण के कारण एक ओर जहां बैंकों में कामकाज सीमित हो गया है, बैंकों में भीड़ लगाने पर मनाही है, एटीएम मशीन काउंटरों पर सोशल डिस्टेंसिंग और सेनेटाइजेशन के मानक जरूरी किये गये हैं तो वहीं दूसरी ओर ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों में भी लोगों को बैंकिंग सुविधाओं के लिए किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो रही है। ऐसी परिस्थितियों में भी पिछले दो महिनें में कोरबा जिले के ग्रामीण इलाकों के बीस हजार 467 लोगों ने दो करोड़ दो लाख रूपये से अधिक का लेनदेन अपने बैंक खातों से घर बैठे कर लिया है। किसी ने पेंशन निकाली है, तो किसी ने मनरेगा की मजदूरी पाई है। कोरबा जिले में गांव-गांव तक बैंकिंग सेवाओं को पहुँचाने के लिये 63 बैंक सखियों द्वारा लगातार काम किया जा रहा है।

घर-घर पहुँचकर लेपटॉप या छोटी सी हाथ से चलने वाली कियोस्क टाइप मशीन से यह बैंक सखियॉ किसी महिला को वृद्धावस्था पेंशन की राशि दे रही हैं, तो किसी ग्रामीण को मनरेगा की मजदूरी का भुगतान भी कर रही हैं। बैंकों में जमा ग्रामीणों के रूपये उनके घर में पहुँचकर उन्हें आसानी से मिल जा रहे हैं। कोरबा जिले में वर्तमान में पॉच बैंकों की 63 बैंक सखियॉ ग्रामीणों को नगद राशि निकालने, जमा करने, एक खाते से दूसरे खाते में ट्रांसफर करने जैसी सेवायें घर पहुँचकर दे रही हैं। इन बैंक सखियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के नये खाते खोलने और उनके खाते में बचत राशि की जानकारी भी तत्काल दी जा रही है। जिले में पिछले दो महिनों में इन बैंक सखियों द्वारा 20 हजार 467 लोगों के बैंक खातों का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है।

कोरोना काल में शिवकुमारी बनीं बैंक आईकॉन

विकासखण्ड करतला के ग्राम पंचायत कलगामार में बैंक सखी के रूप में श्रीमती शिवकुमारी राठिया कार्यरत् हैं। शिव-शक्ति महिला स्व सहायता समूह की सदस्य श्रीमती राठिया ओरिएन्टल बैंक ऑफकॉमर्स की बैंक सखी हैं। वे सितम्बर 2019 से बैंक सखी के रूप में काम कर रही हैं और कलगामार सहित आसपास की ग्राम पंचायतों के 1431 बैंक खातों की देखरेख और उनसे रूपयों का लेनदेन की पूरी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभा रही हैं। श्रीमती राठिया बताती हैं कि कोरोना संक्रमण से बने हालातों में बैंकों में भीड़ नहीं होने के निर्देष है। लोगों को अपने खातों से पैसा निकालने के लिए बैंकों में देर-देर तक इंतजार करना पड़ रहा है। साथ ही कोरोना फैलने का डर अलग सता रहा है। श्रीमती शिवकुमारी ने बताया कि वे अपने कियोस्क मशीन के साथ घर-घर जाकर लोगों को उनके खातों से पैसा निकालकर दे रहीं हैं। शिवकुमारी लोगों को सबसे पहले अपने हाथों को सेनेटाइज करने के लिए सेनेटाइजर देती हैं। एक व्यक्ति का अंगूठा बायो मैट्रिक पहचान के लिए मशीन पर लगाने के बाद मशीन को सेनेटाइज किया जाता है। लेनदेन के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का भी पूरा पालन किया जाता है।

न्यूज गैलरी

कोरोना की रोकथाम के लिए सीआरपीएफ 170 बटा. ने निकाला कोरोना संक्रमण रथ

बीजापुर। नक्सल प्रभाभित जिले में तैनात सीआरपीएफ170 बटा. द्वारा बीजापुर जिला मुख्यालय मैं जिला अस्पताल प्रांगण मैं ग्रामीणों को कोरोना वायरस(कोविड 19) महामारी से बचाव के लिए स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधीत समान का वितरण करने हेतु सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर डीआईजी कोमल सिंह,सीआरपीएफ 170 बटा. के कमांडेंट आलोक भटाचार्य,सीआरपीएफ डॉक्टर एमएल गांगटे, सीएमओ नगरपालिका पॉवन मेरिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बीआर पुजारी,डॉक्टर विजय,डॉक्टर नागुलन,द्वितीय कमांडेंट अधिकडी जतिन किशोर,उप कमांडेंट अश्वनी कुमार एवं अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या मे जवान उपस्थित थे। जिला अस्पताल प्रांगण मैं सीआरपीएफ170 बटा. द्वारा कोरोना वायरस संबंधी सिविक एक्शन कार्यक्रम मैं सीआरपीएफ170 बटा. द्वारा जिला मुख्यालय के सभी वार्डों मैं कोरोना से बचने सोडियम हाइड्रोक्लोराइड का घोल छिड़काव करने कोरोना संक्रमन रोधी रथ को डीआईजी कोमल सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया।

स्वास्थ्य मंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए यूनिसेफ प्रतिनिधियों से की बात

किरंदुल। दंतेवाड़ा स्टेट हेल्थ मिनिस्टर छत्तीसगढ़ शासन माननीय श्री टी.एस सिंहदेव जी ने शुक्रवार शाम यूनिसेफ स्ष्टष्क्र के जिला प्रतिनिधिओ से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बातचीत की।उन्होंने दंतेवाड़ा जिला में कोरोना काल पर स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास परिवार कल्याण विभाग की कार्य विधि की जानकारी ली। साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के बुजुर्ग, छोटे बच्चों के सुपोषण आहार व इम्युनिटी पावर बढ़ाने पर बल दिया ताकि कोरोना कोविड 19 जैसे खतरनाक बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखा जा सके। स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा के दौरान यूनिसेफ चाइल्ड केयर के प्रतिनिधि आजाद सक्सेना,संजीव दास ने हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा आरम्भ की गई बच्चों का चकमक कार्यक्रम की जानकारी दी की इस कार्यक्रम के जरिए बच्चे घर में रहकर पेंटिंग और खेल खेल में उनका मानसिक शारीरिक और बौद्धिक विकास हो रहा है।उन्हने पूरे जिले के स्वास्थ्य अमला व बाल विकास समाज कल्याण विभाग की टीम द्वारा अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्र में जाकर जो लगातार स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं उस दल की मंत्री जी से सराहना की।।

नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन ने कोरोना योद्धाओं को लीची जूस वितरण किया

बचेली। लौहनगरी में कोरोना वारियर्स लगातार नगरवासियो की सुरक्षा कर रहे है। इन कोरोना योद्धाओं को आज नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन के पदाधिकारियों ने भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने हेतु,एक छोटी सी पहल के तहत लीची जूस का वितरण कर स्वास्थ्य कर्मी,पुलिस कर्मी,सफाई कर्मी एवं नगरपालिका कर्मचारियों को उनके द्वारा किये जा रहे कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। आपको बता दे कि नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन प्रदेश में बेहतरीन तरीके से कार्य कर रहा है। नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन का मुख्य उद्देश्य बाल मजदूरी एवं बाल विवाह पर रोक लगाकर जागरूकता फैलाना,समाज मे व्याप्त भ्रष्टाचार को रोकना,पीड़ित,असहाय,गरीब व्यक्ति की हर सम्भव मदद करना,पर्यावरण संरक्षण करना एवं जागरूक करना,लोगो को मानवाधिकारो के बारे में जागरूक करना,जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना।

वैश्विक आपदा में भी मसोरा टोल के कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन

- सिद्धी इंफोटेक ने मसोरा टोल के कर्मियों के वेतन मामले पर साधी चुप्पी

नवप्रदेश संवाददाता

कोंडागॉव। कोरोना आपदा में भी मसोरा टोल के प्रबंधक द्वारा कार्यरत कर्मचारियों को बीते माह वेतन नही मिलने की बात सामने आई है।वहीं जानकारी मांगने पर टोल प्रबन्धन कुछ भी कहने से बचने की कोशिस कर चुप्पी साधे है।

कोरोना-19 के लोकडाउन के दौर में भी टोल कर्मी दिन-रात अपनी सेवाएं दे रहे हैं,लेकिन फिर भी आर्थिक तंगी से गुजर रहे है।

रिद्धि सिद्धी इंफ़ोटेक द्वारा मसोरा टोल बंद के बाद पुनः खुलने पर पिछले महीने की पगार /वेतन देने को लेकर प्रबंधक एवं टोल प्रभारी चुप्पी साधे बैठे है, जिससे टोल में कार्यरत कर्मियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।

महिला शहर अध्यक्ष ने जानकारी मिलते ही टोल प्रबंधन की कलेक्टर से की शिकायत: जानकारी मिलने पर महिला शहर अध्यक्ष तबस्सुम बनो भी टोल नाका पहुंच टोल कर्मियों से मिल वस्तुस्थिति से अवगत हो,मामले की लिखित शिकायत कलेक्टर कोंडागाँव से की गई है ।

मिली जानकारी के अनुशार बताया गया की 32कर्मचारी टोल में पदस्त है, जिनमे से स्थाई कर्मियों को अब तक वेतन नही मिला हैं और नौकरी से निकाल देने के डर से कर्मियों ने किसी को शिकायत भी नही कर पा रहे हैं। शहर अध्यक्ष तबस्सुम बनो को जानकारी मिलने पर टोल जाकर पुछने पर सभी ने लिखित एवं हस्ताक्षर कर अपना पक्ष रखा ।

पत्र के मध्यम से तबसूम ने कलेक्टर को गृह मंत्रालय की तरफसे 29 मार्च 2020 को जारी सरकारी आदेश निर्देश जारी किया जिसमें आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत किसी भी कर्मियों की पगार ना काटने का निर्देश दिया हैं।अब देखने वाली बात है कि दिन रात मेहनत करने वाले टोल कर्मियों को वेतन कब तक मिल पाता है।

सांसद दीपक बैज ने 5 करोड़ 80 लाख रुपये के कार्यों का किया भूमिपूजन

बीजापुर। सांसद बस्तर दीपक बैज ने आज बीजापुर जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान जिले में लगभग 05 करोड 80लाख की लागत के विभिन्न सड़कों का भूमिपूजन किया। जिसमें पापनपाल से पटेलपारा तक डामरीकरण के लिए लगभग 80 लाख रूपये की लागत, कोतापाल स्कूलपारा से नागुलपारा 01.50 किमी डामरीकरण के लिए 80 लाख रूपये की लागत एवं रेडड़ी में किकलेर से रेडडी 05 किमी तक सीसी सड़क निर्माण कार्य के लिए 04 करोड़ 20 लाख लागत का सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। सांसद दीपक बैज ने नेलसनार से कोडोली पहुचकर ग्राम पंचायत अंतर्गत महात्मा गांधी

योजनान्तर्गत जल संसाधन विभाग के नहर लाइनिंग कार्य का निरीक्षण किया। सांसद बैज ने कार्य करने वाले मजदूरों की भुगतान से संबंधी जानकारी ली। मजदूरों ने बताया कि इसका भुगतान नगद मिले ताकि बैंक में जाना न पड़े। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पुरे देश में कोरोना वायरस महामारी चल रहा है। इसके चलते जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोराना वायरस महमारी से सतर्क रहने व सोशल डिस्टेंस का पालन करने, हमेशा हाथ साफ रखने और अपने आसपास साफ-सफाई का आवश्यक ध्यान देने को कहा। बैज ने कोडोली में निर्मित होने वाली नहर लाइनिग कार्य को प्राथमिकता से कार्य करने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। जिले में सिंचाई परियोजनाओं की जानकारी देते हुए बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक विक्रम शाह मण्डावी ने बताया कि जिले में 24 सिंचाई तालाब है। जिसका जीर्णोद्धार कर क्षेत्र के सिंचाई सुविधाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। उसके पश्चात पापनपाल, कोतापाल व रेडडी में सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया। साथ ही पापनपाल, कोतापाल एवं रेडडी के जनता को सम्बोधित करते हुए दीपक बैज ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा है कि प्रदेश सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ गांव के सभी नागरिकों तक पहुचे सके उसके लिए प्रदेश सरकार ने बेहतर से बेहतर कार्य कर रहा है।

बस्तर सांसद के प्रवास के दौरान बीजापुर जिले में लॉक डॉउन के नियमों का उल्लंघन - श्रीनिवास मुदलियार

बीजापुर। वैश्विक महामारी करोना के संक्रमण से बचाव और नियंत्रण हेतु इस वक्त संपूर्ण देश व प्रदेश लॉकडॉउन में है। और केंद्र व राज्य सरकार ने इस वक्त नागरिकों को लॉक डॉउन के नियमों का पालन/परिपालन करने आवश्यक दिशा निर्देश प्रशासन के माध्यम से दी जा रही है। वहीं बस्तर सांसद माननीय दीपक बैज के एक दिवसीय बीजापुर जिले के प्रवास दौरान क्षेत्रीय विधायक और प्रशासन के आला अधिकारी की मौजूदगी में क्षेत्र के विकास कार्यों का भूमि पूजन के नाम से लॉकडॉउन के नियमों की धज्जियां उड़ाई गई। जबकि इस वक्त सभी

जिम्मेदार जनप्रतिनिधिगण व प्रशासनिक अधिकारीगण एवं नागरिकों को लॉकडॉउन नियमों का पालन में सामाजिक दूरी, फेस कवर, सेनेटाइजर,आदि का इस्तेमाल आवश्यक है। परंतु क्षेत्र के सांसद/ विधायक एवं जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी जब स्वयं सामाजिक दूरी का पालन नहीं करते तो इनके खिलाफ भी राज्य सरकार द्वारा संज्ञान में लेकर लॉकडॉउन के नियमों के उल्लंघन की कार्रवाई की जानी चाहिए। सत्ता दल के सांसद विधायक निर्माण कार्यों का भूमि पूजन लॉकडॉउन के नियमों को ताक में रखकर की गई। क्षेत्र के लिए विकास जितना आवश्यक है ,उतना ही आवश्यक इस वक्त नागरिकों की सुरक्षा की चिंताभी करना तथा विकास के कार्य पूर्ण सुरक्षा के साथ हो किंतु सांसद /विधायक विकास के नाम पर भूमि पूजन कर वाहवाही लूटने में लगे है , क्षेत्र के नागरिकों की जीवन की सुरक्षा का उन्हें कोई चिंता नहीं है और ऐसे समय जब कोरोना महामारी का प्रकोप सामाजिक दूरी मास्क कवर ,सेनेटाइजर के उपयोग इत्यादि के पालन से ही नियंत्रण किया जा सकता है।

बाल विवाह रोकने में गठित समिति हुई कामयाब

मुंगेली। राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने जिले मे बाल विवाह रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई और पुलिस विभाग के अधिकारियो की संयुक्त टीम का गठन किया है। बाल विवाह की रोकथाम हेतु गठित टीम द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री राजेन्द्र कश्यप के मार्ग दर्शन मे लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी कडी मे गठित टीम को विगत दिनो जिले के हरदी गांव के मंदिर में दो बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त हुई । सूचना मिलते ही संयुक्त टीम विवाह स्थल पहुॅचे । बाल विवाह की रोकथाम हेतु गठित टीम के द्वारा कार्यवाही करते हुए बालिका एवं बालक का उम्र सत्यापन संबंधी दस्तावेज शैक्षणित अंकसूची की जांच की गई । दस्तावेज के आधार पर बालिका की आयु 17 वर्ष तथा बालक की आयु 20 वर्ष होना पाया गया। जो बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अनुसार बालिका एवं बालक का उम्र विवाह योग्य नही था। जिस पर संयुक्त टीम द्वारा बाल विवाह को रोका गया । इस अवसर पर टीम द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी दी गई । उन्होने बालिका एवं बालक के परिजनों को बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अनुसार लडकी की आयु 18 वर्ष से कम व लड़का का आयु 21 वर्ष से कम उम्र के विवाह को प्रतिबंधित किया है। बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानून अपराध भी है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता , सगे संबंधी, बाराती यहां तक की विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। इस अधिनियम का उल्लंघन करने पर 2 साल तक के कठोर कारावास या 1 लाख रूपये तक जुर्माना दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

कलेक्टर की अपील: आस पड़ोस में बाहर से कोई आया हो तो प्रशासन को दें सूचना

- बाहर से आने वालों को 14 दिन तक रहना होगा संस्थागत क्वारेंटाइन में
- एक सौ ग्यारह सेंटरों में जिला प्रशासन की तैयारियां पूरी, जानकारी छुपाने पर हो सकेगी कार्यवाही

कोरबा । यदि आपके आस पास, घर-पड़ोस में देश के अन्य प्रान्तों या अन्य जिलों से कोई भी व्यक्ति कोरबा आया हो तो उसकी जानकारी जिला प्रशासन या स्वास्थ्य विभाग को फोन नंबर 07759-224827 और 228548 पर देवें। कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने जिले में बड़ी संख्या में बाहर से आ रहे प्रवासी श्रमिकों और लोगों से

कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए यह अपील जिला वासियों से की है। कोरबा जिले में बाहर कहीं से भी आने वाले किसी भी श्रमिक, विद्यार्थी, तीर्थ यात्री, पर्यटक या अन्य किसी भी कारण से आने वाले लोगों की जानकारी जिला प्रशासन को देना अनिवार्य किया गया है। रेलों, बसों, पैदल या किसी भी तरीके से बाहर से आने वाले सभी लोगों को 14 दिनों तक प्रशासन द्वारा बनाये गये क्वारेंटाइन सेंटरों में रखा जायेगा। ऐसे लोगों की जानकारी छुपाने और उनसे कोरोना संक्रमण होने पर संबंधित लोगों के विरूद्ध प्रशासन द्वारा महामारी नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही भी की जा सकेगी। अन्य जिलों में बाहर से आये प्रवासी मजदूरों और लोगों में से जांच के दौरान कोरोना संक्रमित लोगों की पहचान होने के बाद कलेक्टर श्रीमती कौशल ने कोरबा जिले के लिए ऐसी व्यवस्था की है।

इस बारे में कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने आज अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर जरूरी निर्देश दिए। श्रीमती कौशल ने बताया कि बाहर से आने वाले लोगों को सीधे उनके घर जाने से रोककर 14 दिन के लिए क्वारेंटाइन में रखा जायेगा। कलेक्टर ने बताया कि जिला वासियों में कोरोना संक्रमण को रोकने और स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर उनकी बेहतरी के लिए ही यह व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था से बाहर से आये लोगों का सीधे घर न जाकर 14 दिन अलग क्वारेंटाइन सेंटर में रहने से उनके परिजनों के साथ-साथ आसपास के लोगों में भी कोरोना के संक्रमण को रोका जा सकेगा।

मदद | एसडीएम प्रकाश कुमार भारद्वाज की पहल पर जिला कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने पीड़ितों को तत्काल प्रभाव से दी आर्थिक सहायता

बाजार आगजनी घटना के प्रभावितों को 24 घण्टे के भीतर मिली आर्थिक सहायता

बचेली। लौह नगरी किरन्दुल के बाजार में बीते दिन हुई आगजनी घटना के प्रभावितों को 24 घण्टे के भीतर आर्थिक सहायता प्रदान किया गया है। कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने लाकडाउन के दौरान आगजनी से प्रभावित इन व्यावसायियों को संवेदनशीलता के साथ त्वरित मदद देने पहल कर आर्थिक सहायता अनुदान की राशि स्वीकृत करने सहित तत्काल भुगतान सुनिश्चित कराया गया है। उक्त आगजनी से प्रभावित 9 व्यावसायियों को कुल एक लाख 70 हजार रुपये की आर्थिक सहायता चेक के माध्यम से प्रदान किया गया है।

गुरुवार की सुबह करीब 3 बजे मेन मार्केट किरंदुल में अज्ञात कारणों से आग लग गई थी आगजनी में जूते ,कपड़े ,फल ,सब्जियों की दुकानें जलकर खाक हो गई थी ।

कोरोना संकट में छोटे व्यापारियों की हालत खराब थी ऊपर से आगजनी ने इनकी कमर तोड़ दी थी ।

कोरोना काल मे एसडीएम प्रकाश कुमार भारद्वाज ने व्यापारियों के दर्द को समझा और त्वरित कार्यवाही करते हुए मुआवजा राशि 24 घंटे में पीड़ित व्यवसायी को वितरण की ।

कोरोना संकट में आगजनी की घटना ने सभी के माथे पर सिकन ला दी थी ।आगजनी की खबर लगते ही सुबह सुबह 3 बजे के आसपास पार्षद संदीप निधि जायसवाल ने आग पर काबू पाने की भरसक कोशिश की तो नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय भी घटना स्थल पहुचकर आग पर काबू पाने के लिए जरूरी कदम उठाए वही नगर पालिका सीएमओ आर पी नेताम भी तत्काल घटना स्थल में पहुचकर अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देते नजर आए ।

वही आगजनी के बाद तहसीलदार पी आर पात्रे ने पटवारी के साथ सुबह ही आगजनी में हुए नुकसान का आंकलन कर तुरन्त रिपोर्ट एसडीएम प्रकाश कुमार भारद्वाज को दिया और एसडीएम ने कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा को रिपोर्ट सौपी फिर कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने लाकडाउन के दौरान त्वरित मदद देने की संवेदनशील पहल की। आगजनी के बाद अध्यक्ष ,पार्षद ,सीएमओ ,पटवारी तहसीलदार ,एसडीएम एवं कलेक्टर ने कोरोना संकट में लॉकडाउन के समय आगजनी की घटना से पीड़ित व्यापारियों के दर्द को समझा और तत्काल अपनी अपनी भूमिका को समझते हुए फौरन राहत राशि आंबटित किया जिसके कारण आगजनी की वजह से पीड़ित दुकानदारों को कुछ तो राहत तो जरूर मिली ।

घंटा-ताली बजाने, बत्ती बुझाने दिया जलाने के बावजूद करोना संक्रमण की गति ज्यादा तेज

- **लॉक डाउन 3 भी खत्म होने को आ गया है लेकिन केंद्र सरकार के पास कोई योजना ही नहीं है**
- **भारत में संक्रमण की दर चीन से भी तेज: मोहन मरकाम**

कोंडागॉव। देश में करोना संक्रमितों की संख्या 86000 हो जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि चीन में 80000 संक्रमण संख्या में 176 दिन लगे थे जबकि भारत में 106 दिनों में ही 86 हजार से अधिक संक्रमण हो चुके हैं। चीन की आबादी भारत से अधिक है उसके बावजूद भारत में संक्रमण की दर अधिक होना बहुत ही चिंता और दुख का विषय है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि 24 मार्च से शुरू हुए लाभ डाउन की घोषणा करते हुये करोना के खिलाफलड़ाई 21 दिन में जीतने का प्रधान जी ने दावा किया था। वो 21 दिन तो कबके बीत गये। कल 17 मई को लॉकडाउन 3 समाप्त होने जा रहा है और आज आंकड़ा 86000 पहुंच रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि निटीआयोग के सदस्य डॉ एके राय ने कहा था कि 16 मई को भारत में करोना प्रभावितों की संख्या शून्य हो जायेगी। आज भारत में करोना संक्रमित की संख्या की संख्या पचासी के आगे 3 शून्य अर्थात 85000 को पार कर रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि आज तक देश ने वह सब किया जो प्रधानमंत्री जी ने कहा। लॉक डाउन वन लॉक डाउन 2 लॉक डाउन 3 देश ने प्रधानमंत्री जी के कहने पर किया। घंटियां बजायीं, थालिया बजायीं, बत्तियां बुझाई और दीए जलाये। सब कुछ तो किया देश ने। घंटा बजाने थाली बजाने बत्ती बुझाने दिया जलाने÷ के बावजूद हमारे देश में करोना संक्रमण की गति ज्यादा तेज है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि देश के मजदूरों को भूखप्यास बेबसी रहने की जगह का संकट बच्चों के मुंह के निवाले का संकट इलाज की समस्या खेलने के साथ-साथ औरंगाबाद गुना मुजफ्फरनगर और अब औरैया जैसी दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। मजदूर नौकरी पेशा लोग छोटे व्यापारी सब की जमा पूंजी खत्म हो गई है। करोना के परिणामस्वरूप देश का व्यापार छोटे उद्योग धंधे ठेले वाले खोमचे वाले फुटकर व्यापारी लोहार बढ़ई जैसे छोटे-छोटे काम करने वाले सब तबाह हो गये लेकिन केंद्र सरकार आमजन मजदूरों किसानो मध्यमवर्ग को सिर्फ घोषणाओं और भाषणबाजी से बरगला रही और इन सभी वर्गों को राहत के नाम पे दिवास्वप्न दिखा रही है।

अज्ञात युवक का मिला शव

बीजापुर। अज्ञात युवक का मिला शव। हत्या कर फेंका गया है शव। खून से लथपथ पड़ा है मृतक का शव। मृतक की नहीं हो पाई शिनाख्त। पुलिस को सूचना देने ग्रामीण पहुंचे हैं थाने। घटना स्थल के लिए पुलिस बल हुआ रवाना। भैरमगढ़ थानाक्षेत्र के चिहका गांव की घटना। एसपी कमलोचन कश्यप ने दी मामले की जानकारी।

भवन निर्माण सामग्री में भारी पर रोक लगाने शिवसेना मूल्य वृद्धि वापस लेने की मांग किया

काँकेर। शिवसेना प्रदेश महासचिव चंद्रमौली मिश्र ने मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ प्रदेश में भवन निर्माण सामग्री सीमेंट लोहा , रेत के मूल्य में हुए भारी वृद्धि पर रोक लगाते हुए मूल्य

वृद्धि को वापस लेने की मांग किया है उन्होंने पत्र में लिखा है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश एक प्रचुर खनिज संपदा वाला राज्य है और सीमेंट ,लोहा के निर्माण हेतु यहां पर प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा है और निर्माण कंपनियों को बेहद कम दाम में कच्चा लोहा एवं सीमेंट निर्माण हेतु चुना पत्थर भी सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाता है उसके बाद भी छत्तीसगढ़ प्रदेश में हुए सीमेंट और लोहा के मूल्य वृद्धि के पीछे शिवसेना को भारी साजिश का संदेह है शिवसेना प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री से मांग करती है कि प्रदेश में अविलंब सीमेंट कंपनियों लोहा कंपनियों पर नकेल कसते हुए आम जनता हेतु सीमेंट एवं लोहा के हुए मूल्य वृद्धि पर रोक लगवाने का कष्ट करेंगे। जिससे कि इस विषम परिस्थिति में भी आम जनता अपना निजी आवास निर्माण का सपना पूरा कर सके। और कोरोना संकट के कारण छत्तीसगढ़ राज्य में बाहर से आए हुए हमारे मजदूर भाइयों को भी प्रचुर मात्रा में काम मिल सके।

अब तक 22452.775 मानक बोरा तेन्दूपत्ता की खरीदी - नितिन पोटाई

कांकेर। जिला वनोपज सहकारी संघ कांकेर के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने बताया कि अब तक कुल 22079.385 हजार मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण कार्य पूर्ण हो चुका है जिसके लिये

प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के खाते में 72584000 करोड़ रूपये की राषि हस्तांरित की जा चुकी है। जिला वनोपज सहकारी समितियों के 24 लाटो में से 22 लाटो को ठेकेदारों के द्वारा खरीदी की गई है जबकि दो लाट चारामा 'अ' एवं चारामा 'ब' की खरीदी वनोपज संघ द्वारा की जा रही है जिसके तहत दोनों ही लाटों में अबतक 373.390 मानक बोरा तेन्दूपत्ता खरीदी की जा चुकी है जिसके लिए 3289600 लाख रूपये की राषि प्राथमिक समिति डाल दी गई है। जिला वनोपज संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई द्वारा निरंतर तेन्दूपत्ता खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर प्रगति प्रतिवेदन लिया जा रहा है, निरीक्षण के दौरान संग्राहक परिवार बातचीत बीमा, बोनस एवं संग्राहक परिवारों के सदस्यों को मिलने वाले छात्रवृति के बारे में जानकारी के साथ साथ राज्य लघु वनोपज संघ की योजनाओं को संग्राहक परिवारों तक कार्य किया जा रहा है। जिला वनोपज संघ के विभिन्न तेन्दूपत्ता लाटो को खरीदने वाले ठेकेदार एवं उनके एजेंट पहुंच चुके है कहीं कहीं बाहर से आने वाले ठेकेदारों को कोरोना संकट के चलते 14 दिन के होम क्वांटाईन में रखा गया है लेकिन इससे तेन्दूपत्ता खरीदी कार्य में किसी प्रकार का कोई दिक्क्त नहीं हो रहा है क्योंकि उनके स्थानीय प्रतिनिधि तेन्दूपत्ता खरीदी पर ध्यान दें रहे हैं।

पॉजिटिव मरीज मिलने के बाद उठाए गए कड़े कदम

- **निगम पार्षद/विधायक प्रतिनिधि के साथ कुल 56 लोगो को डीएवी पब्लिक स्कुल बरतुंगा में किया कोरेंटाईन**
- **3 बच्चें भी शामिल, रैपिट टेस्ट में सभी सेफ ब्लड सैम्पल रायपुर भेजा गया**

इलाके को किया जाएगा सील

कोरोना पॉजिटिव मरीज के मिलने के बाद प्रशासन द्वारा इलाके को सील किए जाने की तैयारी रात्रि से चल रही है जहा अब पूरे छेत्र को पूरी तरह सील कर दिया गया है गौरतलब है कि सरगुजा संभाग के सूरजपुर के जजावल शिविर कैंप में करीब आधा दर्जन कोरोना पॉजिटिव मजदूरों, पंचायत सचिव, पुलिसकर्मी व रसोइया के मिलने के बाद कोरिया जिले में यह पहला मामला है।

बैकुंठपुर। छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में एक युवक कोरोना पॉजिटिव मिला है। शुक्रवार की शाम रायपुर एम्स से आई रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। कोरोना पॉजिटिव युवक के मिलने से क्षेत्र में हडकंप मच गया है। जहा रात्रि में पीड़ित युवक को अम्बिकापुर के रास्ते रायपुर भेजने की व्यवस्था की गई वही इसके बाद इसके संपर्क में आये 56 लोगों को डीएवी पब्लिक स्कूल में कोरेंटाइन किया गया। इनमें 3 बच्चें भी शामिल है। इन सभी लोगो का रैपिट टेस्ट किया गया और सभी के टेस्ट रिपोर्ट नेगेटिव आये है। फिलहाल इस सभी 56 लोगों के ब्लड सैम्पल रायपुर भेजें गए है, जिनके रिपोर्ट आने में 3 दिवस लगेंगे। और सभी को चिरमिरी के डीएवी पब्लिक स्कुल बरतुंगा में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है वही अभी इस पीड़ित युवक के संपर्क में आये लोगो की संख्या बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा क्यो की पीड़ित युवक के संपर्क में मनेन्द्रगढ़ विधायक प्रतिनिधि भी रहे वही पीड़ित युवक की सैलून दुकान भी खुली जिससे कहि न कही कोरोनटाईन युवक को इस तरह सहर में घूमने देने व दुकान खोलने की अनुमति देने के लिये कहि न कहि जिला प्रशासन भी जिम्मेदार है यह कहना भी गलत नही होगा।

> मामले में चर्चा के दौरान बताया कि दूसरे राज्य से आये हुए व्यक्ति को होम कोरन टाईन करना बड़ी लापरवाही है जिसकी जांच चल रही है जाँच रिपोर्ट के बाद कार्यवाई की जाएगी। सुरक्षा ही चिरमिरी का बचाव है। सभी 56 लोगो के सैम्पल को जाँच के लिए भेजा गया है।
>
> **डॉ प्रसून टोप्पो,** नोडल अधिकारी स्वस्थ्य विभाग चिरमिरी

दूसरे राज्य से आये व्यक्ति को दी आजादी बना कारण -बता दे कि लगातार दूसरे राज्यों से लोग जिले में आ रहे है और प्रशासन उनकी जांच नही कर पा रही है। जो चिंता का विषय है। जब कि हल्दीबाड़ी निवासी मरीज को बीते दिवस रेड जोन से आने के कारण होम कोरेंटाईन किया गया था। जो उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले से होकर आया था दिनाँक 08/05/2020 को। जिसको खुली आजादी देकर स्थानीय स्वस्थ्य विभाग, पुलिस विभाग , नगर निगम की बड़ी लापरवाही को उजागर करती है।

निगम के द्वारा निर्मित स्विमिंग पूल में होने वाला बर्थडे पार्टी, हुआ निरस्त

- **अधिकारी, कर्मचारी और सुरक्षाकर्मी द्वारा धारा 144 का उड़ाई गई जमकर धज्जियां**

कोरबा। एक तरह जहां कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए सरकार ने लॉकडाउन लागू कर लोगों को इसका पालन करने के लिए कहा है तो वहीं दूसरी तरफ नगर निगम कोरबा के कुछ कर्मचारी लॉकडाउन के नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे

हैं।ताजा मामला नगर निगम का है जहां किसी अधिकारी का लॉकडाउन के बीच अपना जन्मदिन की पार्टी मनाने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर स्थित स्विमिंग पूल को बेलून से सजाया गया साथ ही खाने से लेकर पूरी ब्यवस्था कर डाली गई। इस आयोजन में निगम के कुछ कर्मचारियों द्वारा शहर के कई लोगों को भी बुलाया गया था। शहर के कुछ लोगो को जब इस बारे में पता लगा तो मौके पर पहुंच फ़ोटो खीच वाट्सअप ग्रूप में डाल दिया गया। फिर क्या था लॉकडाउन का उल्लंघन का मामला सामने उजागर होता देख कर्मचारी को यह पार्टी निरस्त करना पड़ा।

वही अभाविप के पूर्व संयोजक युवा भाजपा नेता बद्री अग्रवाल ने भी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इस समय पूरा देश कोरोना जैसी महामारी से लड़ रहा है। वैश्विक महामारी से बचाव के लिए लॉकडाउन लगा हुआ है। जिले में इस समय धारा 144 जारी है। साथ ही कोरबा जिला ऑरेंज जोन में है, इसके बावजूद कुछ रईसजादों को इससे कोई सरोकार नहीं है, तभी तो ऐसे लोग गाहे-बगाहे जहां अवसर मिला महफिल सजाने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही एक वाकया शुक्रवार की रात टीपी नगर स्थित इंदिरा स्टेडियम के स्वीमिंग पुल में नजर आया। जहां स्वीमिंग पुल के प्रवेश द्वार से लेकर भीतरी भाग को गुब्बारों से डेकोरेट कर महफिल सजाई गई थी। बताया जा रहा है कि यह महफ़िल में नगर निगम कोरबा के एक अधिकारी का जन्मदिन पर उनके एक चहेते ठेकेदार द्वारा सजाई गई थी।

सम्पूर्ण लाकडाउन का पालन नही करने वाले 16 दुकानों पर पालिका की छापेमारी

- **16 दुकानों से 14 हजार की वसूली**
- **लाकडाउन का पालन नही करने वालो व पुनः दुकान खुली पाए जाने पर होगी सीलबंद कार्यवाही - सीएमओं**

काँकेर। कोविड 19 को लेकर राज्य सरकार ग्रीन जोन की दुकानों को पांच दिन तक सुबह 10 से 5 खोलने का फैसला सुनाया है।और बाकी दो दिन सम्पूर्ण लाकडाउन का आदेश ज़ारी किया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा लाकडाउन के दौरान सोमवार से शुक्रवार को खुलने वाली दुकानो को शनिवार और रविवार ज़रूरी दुकान छोड़कर बाकी दुकानों को सम्पूर्ण लाकडाउन किए जाने के दुसरे हफ्ते में 16 मई को कलेक्टर के निर्देशानुसार नगरपालिका अधिकारी सौरभ तिवारी के नेतृत्व में पालिका की टीम ने शहर के भीतर लाकडाउन का पालन नही करते हुए दुकान खोलकर व्यापार करते हुए पाए गए। लाकडाउन का उल्लंघन किए जाने पर 16 लोगो का चालान काटकर जुर्माना वसूला गया।

बता दे की भीड़ को देखते शनिवार रविवार काँकेर जिले को सम्पूर्ण लाकडाउन करने का फ़ैसला लिया गया है।इस दौरान शहर में ज़रूरी सामान जैसे पेट्रोल अस्पताल मेडिकल दुध जैसी आवश्यक चीजो की दुकानों को खोलने जिला प्रशासन द्वारा अनुमति दिया गया है।

> सम्पूर्ण लाकडाउन के आदेश की अवहेलना किए जाने पर 16 दुकान संचालकों के खिलाफ चलानी कार्यवाही किया गया है।और सख्ती से हिदायत देकर समझाइश दी गई है।पुन: दुकान खोलने पर सीलबंद की कार्यवाही किया जाएगा
>
> **सौरभ तिवारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी**

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग कोरिया

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-1508/NIT-1/2020-2021/वलेलि दिनांक 13/05/2020

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 22/05/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 01/06/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 02/06/2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
1	2	3
1 T0004	जिला उपभोक्ता फोरम बैकुण्ठपुर जिला कोरिया के प्रथम तल का शेष निर्माण कार्य	10.00 7500.00 150000.00
1 T0005	20-21 उपसंभाग जनकपुर में गिट्टी सप्लाई 45 मिमी 22.4 मिमी 11.2 6.7 मिमी कार्य	10.00 7500.00 150000.00
1 T0006	20-21 उपसंभाग मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत प्रमुख मार्ग में डब्ल्यू.बी एम पैच मरम्मत हेतु गिट्टी मुरूम प्रदाय कार्य	10.00 7500.00 150000.00
1 T0007	20-21 उपसंभाग बैकुण्ठपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में 45 मिमी 22.4 मिमी 11.2 मिमी 6.7 मिमी मेटल प्रदाय का कार्य	10.00 7500.00 150000.00
1 T0008	खड़गवां जिला कोरिया में आईटआई भवन एवं छात्रावास भवन का निर्माण (कार्य वर्ष 2-14-15)	5.24 3930.00 78600.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है। निविदा मूल्य 750/- प्रति कार्य होगा T004 से T007 03 माह वर्षा ऋतु सहित एवं T008 02 माह वर्षा ऋतु सहित है।

जी-80763/2

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग कोरिया
मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)

प्रथम पृष्ठ का शेष...

आय और रोजगार के साधन...

और उनकी मार्केटिंग तथा वैल्यू एडिशन का भी एक सिस्टम तैयार किया जाना चाहिए, जिससे अधिक से अधिक लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सके। जंगलों, सड़कों के किनारे और राम वन गमन पथ के किनारे आम, बरगद, पीपल, नीम जैसी प्रजातियों के पौधे भी लगाए जाएं।

300 किलोमीटर में रोपेंगे पौधे

सीएम बघेल ने बैठक में निर्देश दिए कि वृक्षारोपण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए स्थानीय लोगों और वनवासियों को अधिकाधिक जोड़ा जाए। राज्य में चालू वर्ष में रायपुर से जगदलपुर तक 300 किलो मीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग में दोनों ओर वृक्षारोपण किया जाएगा। साथ ही प्रदेश में 1300 किलो मीटर लम्बाई के राम वन गमन पथ के 75 विभिन्न स्थलों में आम, बरगद, पीपल, नीम तथा आंवला आदि फलदार प्रजाति के पौधों का रोपण किया जाएगा। श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश में बनाए जा रहे गौठानों में अभियान चलाकर जुलाई माह में लघु वनोपजों के 50 लाख पौधों का रोपण किया जाए। उन्होंने बैठक में वृक्षारोपण के तहत रोपित पौधों की सुरक्षा के लिए प्रदेश में स्व-सहायता समूहों द्वारा बांस ट्री गार्ड के निर्माण की प्रशंसा की और इसे बढ़ावा देने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

समूहों को 16 करोड़ रूपए की आमदनी

वर्तमान में समूहों द्वारा एक लाख बांस ट्री गार्ड का निर्माण हो चुका है तथा तीन लाख और बांस ट्री गार्ड का निर्माण जारी है। इससे समूहों को 16 करोड़ रूपए की आमदनी होगी। श्री बघेल ने आवर्ती चराई योजना के तहत वन क्षेत्रों में पशुओं के लिए चारागाह घेरने, शेड निर्माण और वहां वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन के साथ-साथ देशी मुर्गी पालन तथा बतख और सूकर पालन जैसे गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। इसके तहत वर्तमान में स्वीकृत 590 कार्यों में से 324 कार्य प्रगति पर है। नरवा विकास कार्यक्रम के तहत वन विभाग द्वारा चालू वर्ष में 210 करोड़ रूपए की राशि के 302 नालों में जल संवर्धन संबंधित कार्य कराए जा रहे हैं। इसके अलावा वनांचल में 137 बड़े-बड़े तालाबों के निर्माण के लिए प्रस्ताव स्वीकृति की कार्यवाही प्रगति पर है। बैठक में बताया गया कि कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए वन प्रबंधन समितियों और महिला स्व सहायता समूहों की लगभग एक हजार महिलाओं द्वारा 50 लाख मास्क का निर्माण किया जा चुका है। इससे इन महिलाओं को डेढ करोड़ रूपए की आमदनी होगी।

ग्रोथ को बढ़ाने...

बढ़ाकर 74 पर्सेंट किया जा रहा है।

एयरपोर्ट्स पर सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफइंडिया ने 3 एयरपोर्ट पीपीपी मॉडल पर मेंटिनेंस के लिए दिया गया है। ऐसे 6 और एयरपोर्ट की पहचान की गई है और नीलामी के जरिए इन्हें प्राइवेट सेक्टर को सौंपा जाएगा। पहले और दूसरे चरण में 12 एयरपोर्ट्स में निजी सेक्टर 13 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

देश में होगा एयरक्राफ्ट ओवरहॉल का काम

इसके अलावा एयरक्राफ्ट मेंटनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल (एमआरओ) का ग्लोबल हब बनाया जाएगा। इससे नागरिक और सैन्य विमानों की मरम्मत के लिए इन्हें विदेश ले जाना नहीं पड़ेगा। अब इनकी मरम्मत की व्यवस्था देश में ही की जाएगी। बड़े इंजन निर्माता भारत में यूनिट लगाएंगे। इससे सभी एयरलाइंस के लिए खर्च में कटौती होगी।

बिजली क्षेत्र में सुधार

केंद्र शासित प्रदेशों में बिजली वितरण कंपनियों का निजीकरण किया जाएगा। इसके अलावा टैरिफ पॉलिसी में सुधार किए जाएंगे। इससे उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा होगी। उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराना होगा। विद्युत उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। बिजली उत्पादन करने वाली कंपनियों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। सब्सिडी डीबीटी के माध्यम से दिया जाएगा और स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। वित्त मंत्री ने उम्मीद जताई कि इन सुधारों को राज्य सरकारें भी लागू करेंगी।

सात घंटे में दो...

की बोरियों के नीचे 24 श्रमिकों के दबने से उनकी मौत हो गई। अन्य 35 श्रमकि गंभीर जख्मी हुए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

छतरपुर : लोहे से भरे ट्रक में जा रहे थे मजदूर

छतरपुर हादसे को लेकर पुलिस सूत्रों ने कहा कि सुबह भोपाल से उत्तर प्रदेश की ओर जा रहा लोहे से भरा ट्रक छतरपुर जिले के बक्स्वाहा थाना क्षेत्र के सेमरा पुल के पास पलट गया। दुर्घटना में ट्रक सवार छह श्रमिकों में पांच की घटना स्थल पर तथा 17 वर्षीय एक लड़की की सागर जिले के बंडा के अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। वहीं, दुर्घटना में घायल दो दर्जन से अधिक मजदूरों को बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि सभी मजदूर उत्तर प्रदेश के निवासी है, जो अलग अलग स्थानों पर जा रहे थे।

गरीबों-मजदूरों के खाते...

प्रवासी मजदूरों, किसानों की जेब में पैसा डालने पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। राहुल गांधी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाददाताओं से कहा, 'जो पैकेज होना चाहिए था वो कर्ज का पैकेज नहीं होना चाहिए था। इसको लेकर मेरी निराशा है। आज किसानों, मजदूरों और गरीबों के खाते में सीधे पैसे डालने की जरूरत है।' उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को लॉकडाउन को समझदारी एवं सावधानी के साथ खोलने की जरूरत है और बुजुर्गों एवं गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा, 'आप (सरकार) कर्ज दीजिए, लेकिन भारत माता को अपने बच्चों के साथ साहूकार का काम नहीं करना चाहिए, सीधे उनकी जेब में पैसे देना चाहिए। इस वक्त गरीबों, किसानों और मजदूरों को कर्ज की जरूरत नहीं, पैसे की जरूरत है।

शॉपिंग मॉल, ऑटो-रिक्शा...

या रविवार तक घोषित किए जाने वाले नए दिशानिर्देशों में कोई ढील नहीं होगी, लेकिन कंटेनमेंट जोन में कुछ विशिष्टताओं की संभावना है। कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए तीन चरणों में 54 दिनों का राष्ट्रव्यापी बंद 17 मई को समाप्त होने वाला है।

लॉकडाउन के विस्तार का समर्थन किया

सूत्र ने कहा, हालांकि कुछ राज्यों ने जहां लॉकडाउन के विस्तार का समर्थन किया है, वहीं अधिकांश ने प्रतिबंधों में ढील देने के साथ-साथ रेड, ग्रीन, ऑरेंज जोन के रूप में क्षेत्रों के सीमांकन का निर्णय लेने में अधिक स्वायत्तता के लिए कहा है, जो अब तक केंद्र द्वारा निर्धारित किया गया है। महाराष्ट्र चाहता है कि मुंबई, पुणे, सोलापुर, औरंगाबाद और मालेगांव जैसे विभिन्न शहरों में 31 मई तक सख्त लॉकडाउन के उपाय किए जाएं, ताकि मामलों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण किया जा सके। दरअसल महाराष्ट्र में सबसे अधिक कोरोनोवायरस मामले सामने हैं और वायरस से काफी मौतें हो चुकी हैं।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग संभाग कोरिया, मनेन्द्रगढ़

क्रमांक 1546/2020-21/व.ले.लि./ मनेन्द्रगढ़, दिनांक 14/05/2020

:: निविदा विज्ञप्ति संशोधन ::

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा विज्ञप्ति क्रमांक **4/2019-20**/व.ले.लि./मनेन्द्रगढ़, दिनांक **06/03/2020** द्वारा बुलाई गई थी। उक्त निविदा विज्ञप्ति की ठेकेदार को कोरे निविदा प्रदाय तिथि 23.03.2020 थी वर्तमान में अपरिहार्य कारणों के कारण निविदा विज्ञप्ति क्रमांक **4/2019-20** की कोरे निविदा प्रदाय तिथि 21.05.2020 निर्धारित की जाती है एवं ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदा प्राप्त करने की तिथि 28.05.2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक एवं निविदा खुलने की तिथि 29.05.2020 होगी।

अन्य शर्तें निम्नानुसार रहेंगी।

पूर्व 202003009262 जी. नं.-77791/3

जी-80781/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग कोरिया संभाग
मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

दिहाड़ी मजदूरों की मदद के लिये अपनी प्यारी चीज नीलाम करेंगी सोनाक्षी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की दबंग गर्ल सोनाक्षी सिन्हा दिहाड़ी मजदूरों की मदद के लिये अपनी प्यारी चीज नीलाम करने जा रही हैं।

सोनाक्षी ने दिहाड़ी मजदूरों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। वह अपनी सबसे खास चीज नीलाम करने जा रही हैं। इससे जुटने वाला सारा पैसा वह दिहाड़ी मजदूरों की सहायता में दान कर देंगी। सोनाक्षी सिन्हा अपने आर्टवर्क की ऑनलाइन नीलामी कराने जा रही हैं। इनमें सोनाक्षी के डिजिटल प्रिंट, स्केच और कैनवास पेंटिंग्स शामिल हैं। सोनाक्षी ने इस बारे में खुद ट्वीट कर के जानकारी है। उन्होंने अपने एक ट्वीट में खुद की बनाई हुई पेंटिंग के साथ अपनी फोटो शेयर करते हुए लिखा, ÷यदि हम दूसरों के लिए कुछ नहीं कर सकते तो किस बात के अच्छे हैं. मेरा ऑर्ट वर्क मुझे सोचने समझने की शक्ति को बढ़ाता है. मुझे ये सब कर के बहुत खुशी मिलती है. लेकिन अब इसका इस्तमाल दूसरों के लिए कर के मुझे और ज्यादा राहत मिलेगी। सोनाक्षी ने कहा ,÷रोजाना दिहाड़ी पर पैसे कमाने वालों के लिए लॉकडाउन की मार सबसे ज्यादा भारी पड़ रही है। दिहाड़ी मजदूरों के लिए ये लॉकडाउन एक भयानक सपने की तरह आया है। वो इतने बेहाल हो गए हैं कि उनके पास खुद के लिए और अपने परिवार को खिलाने के लिए खाना तक नहीं है। यह दुखदाई है। इसलिए मैंने फ्नकाइंड के साथ जुड़कर अपने आर्टवर्क की नीलामी का फैसला किया है. इसमें कैनवास पेंटिंग्स और स्केच का एक मिक्स होगा।इनको मैंने अपने दिल से बनाया है। अब इनकी नीलामी से आने वाले पैसों को उन दिहाड़ी मजदूरों की मदद में दिया जाएगा जो अपने लिए खाना तक नहीं जुटा पा रहे हैं।

'जिहाद' का वर्ल्ड प्रीमियर होगा नेटफिलिक्स पर

मुंबई (वार्ता)। अंतराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में परचम लहरा चुकी निर्देशक- अभिनेता हैदर काजमी की फिल्म 'जिहाद' का वर्ल्ड प्रीमियर जल्द ही नेटफिलिक्स पर होगा। हैदर काजमी की फिल्म जिहाद कांस समेत कई फिल्म फेस्टिवल में सराही गई है और कई अवार्ड जीतने में भी कामयाब रही है। इस फिल्म का निर्माण दो साल पहले हुआ था और अब यह रिलीज होने वाली थी। लेकिन उससे पहले कोविड 19 की तबाही ने इसे सिनेमाघरों में रिलीज होने से रोक दिया, जिसके बाद फिल्म के निर्माता- निर्देशक हैदर काजमी ने इसका वर्ल्ड प्रीमियर नेटफिलिक्स पर करने का फैसला किया है। इस बारे में उन्होंने बताया कि फिल्म सत्य घटना पर आधारित है और यह दुनिया भी के कई फिल्म फेस्ट में अपना जलवा बिखेर चुकी है। फिल्म जम्मू कश्मीर में आतंकवाद बेस्ड है। इसकी स्क्रीनिंग 2018 में कांस में हो चुकी है। हैदर काजमी की एक और फिल्म की तैयारी में जोर-शोर से जुटे हैं। फिल्म का नाम 'बैंडिट शकुंतला' है, जो बिहार की एक दस्यु की कहानी है। इस फिल्म की खास बात यह है कि इसमें शकुंतला खुद लीड रोल प्ले कर रही हैं। फिल्म की शूटिंग जहानाबाद में हुई है। इस फिल्म को अगले साल जनवरी में रिलीज करने की योजना है। हैदर काजमी ने बताया कि उन्होंने इस फिल्म के लिए एक साल तक रिसर्च किया।



अक्षय को बड़ा भाई मानते हैं सिद्धार्थ

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा, अक्षय कुमार को अपना बड़ा भाई मानते हैं।

सिद्धार्थ ने हाल ही में ट्विटर पर अपने फैंस के साथ एक इंटरैक्टिव सेशन का आयोजन किया था। इसी दौरान जब एक यूजर ने उन्हें अक्षय संग उनके रिश्ते के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा कि अक्षय उनके 'बड़े भाई' जैसे हैं।इसके साथ ही सिद्धार्थ ने अपनी प्रतिक्रिया में एक रेड हार्ट ईमोजी भी शेयर किया। गौरतलब है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और अक्षय कुमार फिल्म 'ब्रदर्स' में साथ काम कर चुके हैं। करण मल्होत्रा निर्देशित यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म 'वॉरियर्स' का ऑफिशियल हिंदी रीमेक है। सिद्धार्थ फिल्म 'शेरशाह' में काम कर रहे हैं। यह फिल्म परम वीर चक्र से सम्मानित विक्रम बत्रा की जिंदगी पर आधारित है।

घर को कविता-कहानी की तरह मानती है सीरत कपूर

मुंबई (वार्ता)। टॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री सीरत कपूर घर की सफाई का महत्व बताते हुये कहा कि घर कविता-कहानी की तरह होती है।

कोरोना वायरस महामारी से बचने का केवल एक मूल मंत्र है स्वच्छ रहना और साथ ही अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखना। सीरत कपूर हाल ही में घर के कामों में व्यस्त देखी गई है। सीरत कपूर घर के वातावरण को स्वच्छ और साफकरती हुई नज़र आई। जिसका वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया में शेयर किया। इस वीडियो में सीरत घर के कोने कोने से धूल साफकरते हुए नज़र आ रही है। सीरत ने वीडियो को इंस्टाग्राम में शेयर करते हुए लिखा, ÷घर एक कविता कहानी की तरह होता है ,जिसके चीज़ो को आप खुद संजोते हो , उन चीज़ से जिसे आप पसंद करते हो। हर कोना , हर एक दीवार आपके अपने हाथो से सजाई हुई। जो आपकी सालो की कहानी को बया करती है। मेरा हर एक कमरा जीवंत लगे , इसके लिए मैं हर बार अपनी तरह से और पुरे मन से सजाती हूँ। जिसमे पूरी तरह से लिप्त हो जाती हूँ। अपने छोटे भाई के बारे में सोचते हुए।÷

कोरियोग्राफर से अभिनेत्री बनी सीरत कपूर अपने आने वाले दो फिल्मो के लिए पूरी तरह से तैयार है, 'कृष्णा एंड हिज़ लीला 'और ' मां विनता गाधा विनुमा'। दोनों फिल्मों का पोस्ट प्रोडक्शन पूरा हो चुका है। लॉकडाउन के कारण फिल्मो की रिलीज़ डेट की नई तारीख आने तक के लिए स्थगित कर दिया गया है, एक बार लॉकडाउन और इस महामारी को पूर्ण विराम लग जाये। तब इन फिल्मो के बारे में नई घोषणा हो सकती है।

अभय की 'द ऑड्स' का टीजर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड में अपने संजीदा अभिनय के लिये मशहूर अभय देओल की आने वाली वेब सीरीज फिल्म द ऑड्स का टीजर रिलीज हो गया है। अभय देओल को इंडस्ट्री में उनके फिल्म सेलेक्शन के लिए जाना जाता है।अभय देओल फिल्मों से अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर भी काफी सक्रिय हैं।इन्हीं में से एक फिल्म है द ऑड्स। इस फिल्म में अभय देओल एक टीनएज लड़की के साथ इश्क फरमाते नजर आएंगे। वेब सीरीज का टीजर रिलीज हो गया है। अभय देओल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर द ऑड्स का टीजर शेयर किया है। टीजर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा ,÷ऐसा हमेशा देखने को मिला है कि एक 40 साल का शख्स हमेशा एक टीनएज लड़की से प्यार करता है।

क्वारेंटीन सेंटर में तब्दील होगा वानखेड़े स्टेडियम

मुंबई (वार्ता)। बृहनमुंबई नगरपालिका के आदेश पर मुंबई का ऐतिहासिक वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम क्वारेंटीन सेंटर में तब्दील किया जाएगा।

कोरोना वायरस का महाराष्ट्र में सर्वाधिक प्रकोप है जिसके कारण मरीज की संख्या को बढ़ते देख वानखेड़े स्टेडियम को क्वारेंटीन सेंटर के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए लिया जा रहा है। बृहनमुंबई नगरपालिका के ए वार्ड के सहायक उपायुक्त के पत्र में कहा गया है, ÷आप लोगों को होटल/ क्लब/ कॉलेज/ मैरिज/ हॉल/ जिम/ बेंक्वेट हॉल को तत्काल आदेश से नगरपालिका को सौंपने का आदेश दिया जाता है। इसका इस्तेमाल कोरोना मरीज से संपर्क में आए लोगों के क्वारेंटीन सेंटर के तौर पर किया जाएगा।

आदेश में कहा गया है, ÷अगर आप इस आदेश का पालन नहीं करेंगे तो आप पर भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी। मुंबई के धारावी में कोरोना का सबसे ज्यादा प्रकोप देखने को मिला है। यहां अब तक कोरोना के 1145 मामले सामने आए हैं और 53 लोगों की मौत हुई है। मुंबई में स्थिति से निपटने के लिए 2646 क्वारेंटीन सेंटर बनाए गए हैं। महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों में 1576 नये मामले सामने आये हैं, जिसके बाद यहां कुल संक्रमितों की संख्या 29100 हो गयी है तथा कुल 1068 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 6564 लोग इसके संक्रमण से ठीक भी हुए हैं।

इससे पहले बंगाल क्रिकेट संघ ने भी पश्चिम बंगाल सरकार से ईडन गार्डन को क्वारेंटीन सेंटर में तब्दील करने का प्रस्ताव दिया था।

अभी नहीं कहा जा सकता कैसा होगा अगला ओलिंपिक: आईओसी

जेनेवा/ नई दिल्ली (वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा है कि जापान की राजधानी टोक्यो में अगले वर्ष जुलाई में होने वाले अगले ओलंपिक का स्वरूप कैसा होगा इसके बारे में अभी से कुछ नहीं कहा जा सकता। टोक्यो ओलंपिक इस साल 24 जुलाई से 9 अगस्त तक होना था, लेकिन कोरोना वायरस 'कोविड-19' के मद्देनजर अगले साल तक के लिए स्थगित कर दिया गया। अब इसका आयोजन 23 जुलाई से 8 अगस्त 2021 तक किया जाएगा।

आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि यह पहली बार है जब शांतिकाल में ओलंपिक खेलों का आयोजन टाला गया है। यह ओलंपिक मानवता और एकजुटता का उत्सव होगा। बाक ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, खेलों का आयोजन सुरक्षित माहौल में करना जरूरी है। अभी इसमें एक साल और दो महीने का समय है। सुरक्षित ओलंपिक के आयोजन के लिए क्या कदम उठाने होंगे इसका अभी से कयास लगाना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि ओलंपिक खेलों के सुरक्षित आयोजन के लिए एक संयुक्त कार्यसमिति का गठन किया गया है। डब्ल्यूएचओ के विशेषज्ञ भी उसका हिस्सा हैं।

मुंह की लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगना चाहिए: प्रसाद

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय टीम के पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद का मानना है कि कोरोना से उत्पन्न मौजूदा स्थिति में गेंदबाजों के गेंद पर मुंह की लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए।

कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए गेंदबाजों के गेंद पर मुंह की लार का इस्तेमाल करने को लेकर बहस छिड़ी हुई है। कई गेंदबाजों की भी इस बारे में राय भिन्न है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) मुंह की लार की जगह कृत्रिम पदार्थ के इस्तेमाल पर चर्चा कर रहा है लेकिन इस संबंध में अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। प्रसाद ने स्टार स्पोर्टर्स के तेलुगू शो क्रिकेट कनेक्टेड में कहा, ÷खेल का नियम तो यह कहता है कि गेंद को चमकाने के लिए आप बाहर से किसी भी पदार्थ का इस्तेमाल नहीं कर सकते क्योंकि ऐसा करना गेंद से छेड़छाड़ माना जाता है। उन्होंने कहा, ÷खिलाड़ी इसलिए कई बार गेंद को चमकाने के लिए पसीने और मुंह की लार का इस्तेमाल करते हैं।

डब्ल्यूटीए ने जुलाई में होने वाले चार टूर्नामेंट स्थगित किए

वाशिंगटन (वार्ता)। महिला टेनिस की शीर्ष संस्था डब्ल्यूटीए ने जुलाई में होने वाले अपने चार टूर्नामेंटों को कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए शुक्रवार को स्थगित करने का फैसला किया।

कोरोना वायरस को देखते हुए दुनियाभर में टेनिस सहित सभी खेल गतिविधियां ठप्प पड़ी हुई हैं। डब्ल्यूटीए के प्रवक्ता ने कहा, ÷डब्ल्यूटीए के 12 जुलाई से बस्ताद, लुसाने, बुकरेस्ट और जुर्माला में होने वाले टूर्नामेंट कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए निलंबित किए जाते हैं। प्रवक्ता ने कहा, ÷हमें यह बताते हुए दुख हो रहा है लेकिन हम मेडिकल विशेषज्ञों के साथ लगातार चर्चा करते रहेंगे और डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट कराने की हरसंभव कोशिश करेंगे। हम लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

जून- जुलाई 2021 में होंगे ओलम्पिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट

जेनेवा (वार्ता)। अगले साल होने वाले टोक्यो ओलम्पिक के लिए पुरुष ओलम्पिक क्वालीफाइंग बास्केटबॉल टूर्नामेंट 29 जून से 4 जुलाई तक खेले जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (फीबा) ने अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) के साथ विचार विमर्श के बाद इन तारीखों की घोषणा की है। चार क्वालीफाइंग टूर्नामेंट कनाडा, क्रोएशिया, लिथुआनिया और सर्बिया में खेले जाएंगे।

विराट कोहली के आंकड़े स्टीव स्मिथ सचिन तेंडुलकर से आगे: पीटरसन

नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने कहा है कि वह भारतीय कप्तान विराट कोहली को ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ के अलावा भारत के दिग्गज सचिन तेंडुलकर से आगे रखेंगे। पीटरसन ने जिम्बाब्वे के पूर्व तेज गेंदबाज और कॉमेंटेटर पॉमी एमबांग्वा के साथ इंस्टाग्राम पर बात करते हुए कहा कि लक्ष्य की पीछा करते हुए कोहली के आंकड़े उन्हें इन दोनों बल्लेबाजों से आगे रखते हैं।

पीटरसन ने कहा, 'कोहली बेहतरीन बल्लेबाज हैं। दबाव में रहते हुए उन्होंने जितनी बार लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को जीत दिलाई है उसकी तुलना में स्मिथ तो उनके आस-पास भी नहीं हैं।' पीटरसन ने कहा कि इसलिए ही उन्होंने अपनी किताब में कोहली को सचिन से ज्यादा तवज्जो दी है। पीटरसन ने कहा, 'विराट लक्ष्य का पीछा करने के आंकड़ों के कारण आगे हैं। उनके यह आंकड़े शानदार हैं, उनका औसत इस दौरान 80 से ज्यादा है। वह भारत को लगातार मैच जिताते हैं। वह इन आंकड़ों को लगातार बदल रहे हैं। मेरे लिए देश को जिताना ज्यादा मायने रखता है।' कोहली को लक्ष्य का पीछा करने में एक तरह से महारत हासिल है और इसलिए उन्हें चेज मास्टर भी कहा जाता है। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए सचिन का औसत 42.33 है तो वहीं कोहली का औसत 68.33 है। वहां टेस्ट में स्मिथ के आंकड़े कोहली से बेहतर हैं।

बांग्लादेश एकमात्र जगह जहां नहीं मिलता टीम इंडिया को सपॉर्ट- रोहित

नई दिल्ली। टीम इंडिया के धाकड़ बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा है कि बांग्लादेश दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां भारतीय पक्ष को किसी भी प्रकार का समर्थन नहीं मिलता है। रोहित बांग्लादेश के बल्लेबाज तमीम इकबाल के साथ फेसबुक पर लाइव चैट कर रहे थे। रोहित ने कहा, 'भारत और बांग्लादेश में क्रिकेट को चाहने वाले लोग हैं। जब हम गलतियां करते हैं, तो दुनिया के हर कोने से हमारी आलोचना होती है। मुझे पता है कि बांग्लादेश में भी ऐसा ही है। बांग्लादेश में काफी जुनूनी प्रशंसक मिल सकते हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'जब हम मैच खेलने के लिए मैदान में उतरते हैं तो भारत को बिना दर्शकों के सपॉर्ट के खेलने की आदत भी नहीं है। बांग्लादेश एकमात्र ऐसी जगह है जहां हमें इस तरह का कोई समर्थन नहीं मिलता है।' रोहित ने तमीम से कहा, 'हम जहां भी जाते हैं, हमें सपॉर्ट मिलता है। दर्शक भी समर्थन देते हैं लेकिन बांग्लादेश में ऐसा नहीं होता। मैं जानता हूं कि बांग्लादेश के फैंस वास्तव में आपके पीछे हैं। यह अब पूरी तरह से अलग बांग्लादेश है। आपको अब उत्सुकता नजर आती है। हर कोई यही कहता है और हमने 2019 विश्व कप के दौरान आपके बेहतरीन प्रदर्शन को देखा है।

हेमिल्टन ब्रिटेन के सबसे अमीर खिलाड़ी

लंदन (वार्ता)। कोरोना वायरस के कारण भले ही फॉर्मूला वन ग्रां प्री की इस सत्र में अब तक शुरुआत नहीं हो पायी हो हो लेकिन इस बीच छह बार के विश्व चैंपियन लुइस हेमिल्टन ब्रिटेन के सबसे अमीर खिलाड़ी बन गए हैं। संडे टाइम्स ने शुक्रवार को ब्रिटेन के सबसे अमीर लोगों की सूची जारी की और इसमें हेमिल्टन देश के सबसे अमीर खिलाड़ी बने। हेमिल्टन की कुल संपत्ति 22 करोड़ 40 लाख पौंड है। ऐसा माना जा रहा है कि 35 वर्षीय स्टार रेसर ने पिछले साल 37 करोड़ पौंड की कमाई की है और मर्सिडीज के साथ संभावित करार बढ़ने से भविष्य में उनकी संपत्ति में और इजाफा हो सकता है। गोल्फ खिलाड़ी रोरी मैक्लरॉय एकमात्र अन्य खिलाड़ी है जो शीर्ष 1000 की सूची में शामिल हैं। उनकी संपत्ति 17 करोड़ पौंड है। मुक्केबाज एंथनी जोशुआ 10 करोड़ 70 लाख पौंड की संपत्ति के साथ एक अन्य एथलीट है जो युवा अमीरों की सूची में शामिल हैं जिनकी आय 10 करोड़ पौंड से अधिक है। मैनचेस्टर यूनाइटेड के नाइजीरियाई फॉरवर्ड ओडियन इघालो सहित पांच खिलाड़ी इस सूची में शामिल हैं।

शहर की खीर से गांव की खिचड़ी अच्छी, पलायन से लौट कह रहे मजदूर

■ किसी राह में, किसी मोड़ पर, तुम चल ना देना यू छोड़कर

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। मजदूर आज अपने घर पहुंचने के लिए संघर्ष के उस दौर से गुजर रहा है। जहां उन्हें किसी भी स्थिति में जैसी भी सुविधा मिले, न मिले, वह बस घरों तक पहुंचना चाहते हैं। लगातार हो रहे हादसों से चिंता और बढ़ गई है। तो इसके साथ ही कई मजदूरों को ऐसा भी देखा गया है,जो अपने जीवन साथी के साथ सिर पर बोझ रखे पैदल ही चल रहे हैं, तो कोई साइकिल से अपने हम सफर के साथ सैकड़ों किलोमीटर की दूरी को तय करने आत्मविश्वास के साथ चल रहे है। और इन मजदूरो को कहना भी है कि वें जरूर अपने घर तक पहुंचेंगे।

ज्ञात हो कि देश के अलग-अलग हिस्सों से लगातार मजदूर अपने घरों तक पहुंचने के लिए कोई पैदल, तो कोई साइकिल से निकल पड़े हैं। तो इसके साथ ही आज की स्थिति में तेज गर्मी के चलते जहां लोग घरों से निकलना पसंद नहीं कर रहे हैं। वही मजदूर 42 डिग्री तापमान में भी साइकिल या पैदल ही अपने ग्रामों की ओर लौट रहे हैं । शुक्रवार को पोड़ी के पास मजदूरों का एक परिवार लखनऊ से लौटकर कांपादाह की ओर जाने के लिए बैठे हुए थे। जब उनसे चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि वे लगभग डेढ़ सौ किलोमीटर का पैदल सफर किया। तथा कहीं वाहन मिला, तो उसका सहारा लेकर वह अपने ग्राम की ओर लौट रहे हैं। बात करते समय जहां इन मजदूरों की आंखें नम हुई। वहीं इन मजदूरों में एक महिला का कहना था कि शहर के खीर से गांव की खिचड़ी अच्छी है। दोबारा हम पलायन नहीं करेंगे। अपने ग्राम में ही खेती किसानी या मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर लेंगे पर अब शहरों के चकाचैंध में कमाने खाने नहीं जाएंगे। मजदूरों की यह दशा है कि वे किसी भी स्थिति में अपने घर को लौटने लगे हुए हैं। इसके साथ ही सहसपुर लोहारा क्षेत्र में भी भरी दुपहरी को मजदूर साइकिल से अपने ग्रामों की ओर निकल पड़े थे। इन मजदूरों के हाथ में थैला सहित राशन की सामग्री रखे हुए थे। मजदूरों का कहना था कि सफर बहुत लंबा है और वे रुकते रुकआते जैसे तैसे कर अपनी मंजिल तक पहुंचने मजबूर हैं। बेमेतरा जिले के साजा से 22 मजदूर जो उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं वह साजा क्षेत्र के गुण फैक्ट्री में काम करने उत्तर प्रदेश से छत्तीसगढ़ आए हुए थे, और वे लॉकडाउन में फंसे रहे। मजदूरों ने बताया कि गुण फैक्ट्री में काम बंद हो जाने से उनके सामने रोजी रोटी की बड़ी समस्या खडी हो गई। वहीं आर्थिक तंगी के चलते उन्हें भूखे पेट भी रात काटना पड़ रहा था। आखिरकार इन मजदूरों ने अब अपने घर वापस लौटने का फैसला लिया तथा साइकिल से ही निकल पड़े। मजदूरों ने बताया कि सभी मजदूर ने जो कुछ पैसे बचाकर रखे थे उन पैसों से साइकिल खरीदा और कुछ राशन खरीदें तथा उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के लिए निकल पडे। मजदूरों ने बताया कि वें 6 से 7 दिनों में अपने ग्राम मेरठ तक पहुंच जाएंगे। मजदूरों में गजब का एक आत्मविश्वास भी बना हुआ है कि वे साइकिल से ही सैकड़ों किलोमीटर की दूरी 7 दिन में तय कर अपने घरों तक पहुंच जाएंगे। वर्तमान स्थिति में इस महामारी के चलते सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना मजदूरों को ही करना पड़ रहा है। रोजी रोटी की तलाश में जहां यह मजदूर अपने ग्रामों से पलायन कर अन्य प्रदेश में गए हुए थे, उन्हें अब घर पहुंचने की चिंता सता रही है, तो इसके साथ ही बहुत से मजदूर अब पलायन को लेकर तौबा कर रहे हैं। उनका कहना है कि अब किसी भी स्थिति में वे पलायन नहीं करेंगे। अपने ग्राम में ही रहकर जो कुछ काम मिलेगा वह उससे ही गुजारा करेंगे। लेकिन अब शहर की ओर रुख नहीं करेंगे खैर जो भी हो अभी वर्तमान स्थिति में तो सुबह से मजदूरों को बड़ी संख्या में देखा जा सकता है जो अपनी ग्रामों की ओर लौट रहे हैं।

न्यूज गैलरी

पंचालफड़की एवं उसरीबोड़ में बच्चों को सीखा रहे है रंगीन कागज के खिलौने और चित्रकारी

राजनांदगांव। मानपुर विकासखंड के आंगनबाड़ी केन्द्र पंचालफड़की और दिघवाड़ी में बच्चों को रंगीन कागज से खिलौने बनाना सिखाया जा रहा है। उसरीबोड़-1 सेक्टर सिंघोला परियोजना राजनांदगांव ग्रामीण में आंगनबाड़ी कार्यक्रर्ता द्वारा बच्चों को चित्रकारी सिखाया जा रहा है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा अन्नप्रासन एवं गोदभराई का आयोजन किया गया

राजनांदगांव। सुपोषण चौपाल के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा हितग्राहियों के घर जाकर अन्नप्रासन, गोदभराई का आयोजन किया गया और उन्हें आवश्यक जानकारी दी गई। सुकुलदैहान सेक्टर में भी गर्भवती माताओं के घर जाकर गोदभराई की गई और 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों के घर जाकर उपरी आहार देने कहा गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गर्भवती माताओं को पौष्टिक आहार लेने, एएनसी चेकअप कराने, संस्थागत प्रसव कराने की सलाह दी जा रही है। उन्हें कोविड-19 के सुरक्षा उपायों की भी जानकारी दी जा रही है।

कलेक्टर ने राजनांदगाँव जिले की सीमा पर प्रवासी यात्रियों के अत्यधिक दबाव एवं संक्रमण की संभावना को देखते हुए मुख्य सचिव को लिखा पत्र

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने राजनांदगाँव जिले की सीमा पर प्रवासी यात्रियों के अत्यधिक दबाव एवं संक्रमण की संभावना को देखते हुए मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल को पत्र लिखा है। राजनांदगांव जिले की महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के साथ लंबी सीमा लगती है। जिले में कुल 6 चेक पोस्ट स्थित है, जिसमें मुख्यतया बागनदी चेक पोस्ट में वाहनों का आवागमन अधिक होता है। बागनदी चेकपोस्ट राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 6 (मुंबई से हजीरा) में स्थित है। इस चेक पोस्ट में प्रतिदिन अनुमानित 10 हजार से 15 हजार लोग प्रवेश कर रहे हैं, विगत तीन-चार दिनों में ही इनकी संख्या बहुत अधिक बढ़ी है, भविष्य में इनकी संख्या और अधिक बढ़ने की संभावना है। मेरे संज्ञान में यह आया है कि महाराष्ट्र और गुजरात परिवहन विभाग की बसों एवं उन राज्यों से आने वाले ट्रकों के माध्यम से बड़ी संख्या में यात्रियों को बागनदी चेक पोस्ट के समीप उतार दिया जाता है, जिससे लगातार बागनदी चेक पोस्ट पर हजारों लोगों की भीड़ एकत्र हो रही है, जिससे राजनांदगाँव जिले में संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। सीमा पर आने वाले यात्री छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल के निवासी है। जिसमें केवल 20 प्रतिशत यात्री ही छत्तीसगढ़ के निवासी हैं इन प्रवासी यात्रियों के सुरक्षित परिवहन हेतु संबंधित राज्य सरकारों के साथ समन्वय की आवश्यकता है। इन प्रवासी यात्रियों के परिवहन हेतु बड़ी संख्या में बसों की आवश्यकता होगी, जिसका भार राज्य सरकार पर आएगा। उचित होगा कि अन्य राज्यों के निवासियों के परिवहन व्यय का भार संबंधित राज्य सरकारें वाहन करें कृपया उक्त संबंध में उचित कार्यवाही कर पर्याप्त संख्या में बस उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध है।

सर्वसम्मति से ईश्वरी गंधर्व बने जिलाध्यक्ष

कवर्धा। छत्तीसगढ़ जनसेवा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष एवं महासचिव द्वारा पार्टी मीटिंग में दिनांक 20 मार्च 2020 को सर्वसम्मति से ईशवरी कुमार गंधर्व को जिला कवर्धा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ जन सेवा पार्टी गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए मदद करता है। गरीब परिवार की कन्याओं के विवाह के लिए सहयोग करता है निशक्त वृद्धजनों आवश्यकताओं के लिए मदद करता है। राह से भटके लोगों को सही मार्ग दिखाना और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग प्रदान करना वृद्धाश्रम की आवश्यकताओं की पूर्ति करना हमारा मकसद सेवा भाव है।

कोरोना मरीज मिलने के बाद फ्रंट लाइन में आया स्वास्थ्य विभाग

■ कोरोना संक्रमित पांच मरीजों को कोविड 19 अस्साल में किया दाखिल

■ विधायक ने स्वास्थ्य विभागअधिकारियों से की चर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। जांजगीर चापा जिले में अहमदाबाद से लाये पांच श्रमिकों में कोरोना के संक्रमण पॉजिटिव पाये गये है जिन्हें कल देर बिलासपुर कोविड-19 अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराय गया है। जिनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। कोरोना जैसे गम्भीर वायरस से लड़ने फ्रंट लाइन में स्वास्थ्य विभाग और पूरा अमला डटा हुआ है परंतु 1 करोड़ 60 लाख की लागत से बनी कोविड-19 में उपचार की बुनियादी सुविधाएं किस स्तर पर है ।

यह जिम्मेदार ही बाखूबी जानते है सवाल यह है कि क्या एम्स की तरह उपचार की वह सारी व्यवस्था उपलब्ध है जिससे कोरोना मरीज का बेहतर इलाज हो सके अबतक जो भी संक्रमित पाये गये थे उनका इलाज अपोलो और एम्स में हुआ है। अहमदाबाद से लौटे संक्रमित मरीजों को कल जिला जिला अस्पताल में बने कोविड 19 में दाखिल किया गया।

जिनका उपचार किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग को एक बड़ी जिम्मेदारी मिली है। आज क्षेत्रीय विधायक शैलेष पांडेय ने इस संदर्भ में जिले के स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रमोद महाजन, विजय सिंह और उनकी टीम से विस्तार पूर्वक चर्चा की इस बैठक के दौरान कोरोना हॉस्पिटल की इंचार्ज डॉ मधुलिका सिंह मौजूद नही थी जिनसे से फोन पर बुनियादी सुविधाएं और मरीजो के इलाजी में रह संभव हाई अलर्ट रहने के निर्देश दिये। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में मरीजों के इलाज के लिये तीन डॉक्टर , डॉ. मनोज सिंह , डॉ. अनिल गुप्ता और सिम्स के मेडिकल स्पेशल लिस्ट की मरीजों का इलाज कर रहे हैं फिल हाल पांचों मरीजों की स्थिति सामान्य है जिन्हें औपचारिक दवाई दी जा रही है।

'प्रान खाता ले रहा शिक्षकों का प्राण, संविलियन के बाद में वेतन मिलने में होगी परेशानी'

कवर्धा। प्रदेश संयोजक, संविलियन अधिकार मंच के विवेक दुबे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि शासकीय कर्मचारियों की अंशदायी पेंशन योजना की राशि को जिस खाते में रखा जाता है उसे प्रान अकाउंट कहते हैं जो ऐसे तो कर्मचारियों के लिए राहत देने वाला है लेकिन प्रदेश के हजारों शिक्षकों के लिए यह फ़िलहाल मुसीबत का कारण बना हुआ है, वजह यह है कि कई बार आवेदन देने के बावजूद स्थानीय कार्यालयों कि लापरवाही और निरंकुशता के चलते शिक्षकों का प्रान अकाउंट बन ही नहीं पाया है और जिन शिक्षकों का प्रान अकाउंट बन भी गया है उनके खाते में भी नियमित तौर पर पैसे नहीं डाले जा रहे हैं जबकि शिक्षकों के अकाउंट से नियमित तौर पर हर माह पैसे काटे जा रहे हैं कुल मिलाकर यह पैसों का बंदरबांट है जिसकी कीमत अंत में शिक्षक को ही चुकानी पड़ रही है। 1 जुलाई 2020 को जिन शिक्षकों का संविलियन होना है वह इसे लेकर सबसे ज्यादा परेशान है क्योंकि प्रान अकाउंट न होने की स्थिति में शिक्षकों को समय पर वेतन नहीं मिल पाएगा और 1 जनवरी 2020 को संविलियन हुए शिक्षकों ने इस समस्या को खूब झेला है और कई शिक्षकों को तो अभी तक वेतन नहीं मिला है ।

शासन की योजना के अनुसार कर्मचारियों के वेतन से 10 प्रतिशत की राशि की कटौती होती है और इतनी ही राशि सरकार अपने हिस्से से प्रान अकाउंट में डालती है । अब जिन शिक्षकों का प्रान अकाउंट बना ही नहीं है उनके खाते से न तो कटौती हो रही है और न उन्हें सरकार वाला हिस्सा मिल रहा है जो सीधे तौर पर उनका बड़ा नुकसान है इसी प्रकार जिन शिक्षकों का प्रान अकाउंट बन गया है और उनके खाते में पैसे नहीं डाले जा रहे हैं जबकि वेतन से उनके हर माह कटौती हो रही है उन्हें सीधे सीधे ब्याज का नुकसान हो रहा है।

बैंड संचालकों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर की आर्थिक सहायता की मांग

डोंगरगढ़ । छत्तीसगढ़ की आराध्य नगरी डोंगरगढ में बैंड संचालको ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम ज्ञापन सौपकर आर्थिक सहायता की मांग की है। बैंड संचालकों ने एसडीएम की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार रश्मि दुबे को ज्ञापन सौंपा तथा उन्हें बताया कि शादी विवाह के अवसर पर बैंड बजाकर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं लेकिन कोरोना महामारी के कारण इस वर्ष शादी विवाह के आयोजन पर प्रतिबंध लगा हुआ है जिसके चलते उनका व्यवसाय इस वर्ष पूरी तरह ठप्प हो गया है और उनके सामने परिवार पालने की समस्या खड़ी हो गई है इसलिए उन्होंने मुख्यमंत्री से आर्थिक सहायता की मांग की है। ज्ञापन सौपते समय न्यू भारत बैंड पार्टी के संचालक खेमराज गोरले, राजू गोरले, पारस गोरले, साईं बाबा बैंड पार्टी के संचालक महादेव व संतोष मौजूद थे। खेमराज गोरले ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया है कि अधिकतर शादी विवाह का सीजन मार्च, अप्रैल, मई व जून माह में ही होता है इन चार माह में ही काम करके बरसात व अन्य दिनों में स्वंम व हमारे बैंड में काम करने वाले कारागिरों के परिवारों का पालन पोषण होता है लेकिन इस वर्ष कोरोना महामारी के चलते लगातार मार्च व अप्रैल माह में लाकडॉउन् लगा हुआ है ।

साहू संघ ने दिए राहत कोष में 31000 रूपए

कवर्धा। कोविड-19 संक्रमण के बचाव हेतु मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री राहत कोष में जिला साहू संघ कबीरधाम के जिलाध्यक्ष शीतल साहू के मार्गदर्शन एवं श्रवण साहू तहसील अध्यक्ष पंडरिया के नेतृत्व में 31000 रुपये की दानराशि(15500 रुपए प्रधानमंत्री राहत कोष में तथा मुख्यमंत्री राहत कोष में 15500 रुपए) तहसील साहू संघ पंडरिया के द्वारा संजय विश्वकर्मा तहसीलदार को डी.डी.सौपा गया। 'इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शीतल साहू, महामंत्री डॉ बालाराम साहू, धर्मराज साहू उपाध्यक्ष, गौतम साहू संगठन मंत्री, श्रवण कुमार साहू अध्यक्ष तहसील पंडरिया,तहसील महामंत्री भागीरथी साहू राजकुमार साहू उपस्थिति रहे। साहू समाज के लोग संकट काल में प्रदेश व देश में व्याप्त कोविड-19 के संक्रमण को हराने के लिए मजबूती के साथ डटे हुए हैं। राहत कोष के लिए धन एकत्रित करने के कार्य में विष्णु साहू, घनश्याम साहू,सावित्री शत्रोहन साहू,घनश्याम साहू,होरीलाल साहू, जीवन साहू, नारायण साहू ,गजपाल साहू,संतोष साहू जल्लू साहू ,राधेश्याम साहू ,नरेश साहू, जोतराम, सौपत साहू, गोवर्धन साहू, परस साहू ,.पाल साहू, ईश्वरी साहू, अशोक साहू, राजेन्द्र साहू,लतेल साहू, सूधेराम साहू, श्यामलाल साहू ,कीर्तन साहू ,तुलसी,नर्मदा साहू, रमेश साहू ,राजेंद्र साहू, सीताराम साहू,बलदाऊ साहू, प्रकाश साहू ,संतराम, पुहुप राम साहू,कली राम साहू ,उतरा गोकुल साहू, फूलचंद साहू ,राकेश साहू, तोरण साहू,मनीराम साहू,शंकर लाल साहू, जेठू राम साहू,नरेश साहू ,थानुराम साहू, उमेश साहू,सिद्धराम साहू,जलेश्वर साहू, रामदुलारी साहू,जगदीश साहू, शान्तानन्द साहू,कोमल साहू,जगन्नाथ साहू जगदीश साहू,जैजैराम साहू,दुलीचंद साहू, संतोष साहू,रामेश्वर साहू,रामविजय साहू,नेमचंद साहू नरोत्तम साहू,संदीप साहू ,गोविंद साहू,गणेश साहू,उमाशंकर साहू जी एवं तहसील साहू समाज के समस्त पदाधिकारीगण पंडरिया के विशेष सहयोग प्राप्त हुए हैं।

कर्ज माफी के तहत माफ की गई राशि को पुन: वापस मांगना शर्मनाक – रवि

कवर्धा। ब्लॉक अध्यक्ष छ.ग. संयुक्त किसान मोर्चा के रवि चन्द्रवंशी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार अपने वादों से मुकरते हुए किसानों के साथ फिर से छलावा करने लगी हैं। 2018 चुनावी वायदे के मुताबिक कुछ प्रतिशत ऋण माफकरने वाले सरकारी वायदे के मुताबिक माफकी गई राशि को बैंक के माध्यम से जमा कराया जा रहा है।

बैंक में जब किसान अपने खाते पर पुनः राशि जमा करने व कर्ज माफी की बात को लेकर अधिकारियों से चर्चा करते हैं तो बैंक अधिकारियों द्वारा तरह तरह की बाते व नियम बताकर पुनः राशि जमा करने का दबाव बना रहे हैं व ऐसा नही करने पर उनके खाते पर ऋण दिखाने की बात कह कर किसानों को परेशान कर रहे हैं।

स्पस्ट रूप से जब छत्तीसगढ़ की सरकार द्वारा जगह जगह किसानों की कर्ज माफी का डंका पीटा जा रहा है तो फिर दूसरी ओर छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के द्वारा आखिर राशि जमा करने को मजबूर क्यों किया जा रहा है?

रवि चंद्रवंशी ने छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन से अनुरोध करते हुए यह कहा कि किसानों के ऊपर आई इस भयानक परिस्थिति का तत्काल निराकरण करते हुए किसान को राहत प्रदान करने की मांग की। यदि आने वाले समय में किसान की समस्याओं का समाधान उचित रूप से नही किया गया तो मजबूरी में किसान के साथ उग्र आंदोलन करने बाध्य होगा।

समस्या बैगा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के लोगों ने की सांसद से शिकायत, सांसद संतोश पांडे ने कहा दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

जनपद पंचायत के अधिकारी व ठेकेदार लगा रहे 'प्रधानमंत्री आवास' को पलीता

बोड़ला। कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल के बैगा आदिवासी बाहुल्य विकासखंड बोड़ला के वनांचल क्षेत्रों में गरीबों के हितों के लिए बनाई गई केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना में जनपद पंचायत व ठेकेदारें के माध्यम से पलीता लगाए जाने का खेल चल रहा है। आवास योजना में गड़बड़ी की शिकायत की जांच पर सांसद संतोश पांडे विकासखंड के दलदली क्षेत्र में शुक्रवार को पहुंच ग्रामीणों से रूबरू हुए। श्री पांडे के साथ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे,मंडल अध्यक्ष बरसाती राम वर्मा,पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकिंकर वर्मा, दलदली से तिहारी राम, मनोज नायक,सलगी से भरत,सुरेश सरपंच केशमरदा,हीरा यादव सरपंच दलदली,विश्वनाथ सरपंच तरेगांव उपस्थित थे।

जनपद सदस्यों ने की थी शिकायत

इस विशय में जानकारी देते हुए जनपद सदस्य नरेश चंद्रवंशी ने बताया कि विकासखंड के दलदली एंव अनेक वनांचल क्षेत्र के गांव में आवास योजना मे व्यापक धांधली की शिकायतें ग्रामीणों द्वारा मिल रही थी, गांव में जाकर गांव वालों से चर्चा में कई चैकाने वाले तथ्यों का खुलासा हुआ जिसमे पता चला कि जनपद पंचायत के कार्यपालन अधिकारी के कहने पर ग्रामवासियों हितग्राहियों के खाते का पैसा सीधे बोड़ला का ठेकेदार जोकि मुख्य कार्यपालन अधिकारी का खास है सीधे बैंक से उसे दे दिया गया। इस बात की जानकारी मिलने पर साथी जनपद सदस्यों जिनमें कुमारी काशी उइके,बजरहा पटेल,रजवंतिन मोहन आदि ने इस गड़बड़ी की शिकायत कर जांच में केशमरदा आने की मांग की जिस पर संज्ञान लेते हए सांसद श्री पांडे जांच हेतु पंहुचे। मामले की उच्च स्तरीय शिकायत की बात कहते हुए जनपद सदस्यों एंव ग्रामीणें ने ठेकेदार एंव संबधित अधिकारी पर कड़ी कार्यवाही की मांग शासन प्रशासन से की है मामले में कड़ी कार्यवाही नहीं किए जाने पर श्री चंद्रवंशी एंव साथियों ने लाकडाउन के बाद उग्र आंदोलन करने की बात कही।

सांसद ने दिया कार्यवाही का भरोसा

आवास निर्माण में ठेकेदार व जनपद सी.इ.ओं के विरूद्व हितग्राहियों जिनमें ग्राम बोदई के बैगा बुधराम वल्द फागनू,गेलही वल्द केजहा,चंदर सिंह वल्द देवान,नानबाई पति जेठू,मोहित वल्द सूनाराम आदि ने बताया कि जनपद के अधिकारियों द्वारा बोड़ला के ठेकेदार गुरदास को एक वर्श पहले एक एक लाख रूपए दे दिया गया था,जिसके बाद ठेकेदार गुरदास द्वारा केवल नींव लेवल तक स्तरहीन गुणवत्ताहीन कार्य कर काम बंद कर दिया है। सांसद श्री पांडे ने केंद्र सरकार के हितग्राहीमूलक कार्य में अनियमतता बरतने पर वंहा मौजूद आवास षाखा के कर्मचारी को तलब कर जानकरी लिया उसने भी उच्च अधिकारियों का हवाला देते हुए आवास निर्माण में ठेकेदार को काम देने की बात कही।आवास निर्माण में अधिकारी व ठेकेदार की संलिप्तता पर सांसद ने सवाल उठाते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच का भरोसा देते हुए दोशियों पर कड़ी कार्यवाही करने की बात ग्रामीणों से कही।

न्यूज गैलरी

सभी फल और सब्जियां ऑपरेशन ग्रीन्स में शामिल

नई दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुये सभी फलों एवं सब्जियों को ऑपरेशन ग्रीन्स में शामिल करने का फैसला किया है जिससे इनके संरक्षण, प्रसंस्करण तथा बिक्री के बुनियादी ढाँचों को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने बताया कि अब तक ऑपरेशन ग्रीन्स में सिर्फ आलू, प्याज और टमाटर आते थे। अब सभी फलों एवं सब्जियों को शामिल करने का निर्णय लिया गया है जिससे इनकी कीमतों में स्थिरता भी सुनिश्चित हो सकेगी। प्रयोग के तौर पर अभी छह महीने के लिए अन्य फल-सब्जियों को इस मिशन का हिस्सा बनाया गया है। इसके लिए 500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन किया जायेगा। ऑपरेशन ग्रीन्स में कृषि लॉजिस्टिक्स के विकास, प्रसंस्करण सुविधा और पेशेवर प्रबंधन पर ध्यान दिया जाता है।

लावा मोबाइल चीन से भारत लाएगी अपना कारोबार

नई दिल्ली। मोबाइल उपकरण बनाने वाली घरेलू कंपनी लावा इंटरनेशनल ने शुक्रवार (15 मई) को कहा कि वह चीन से अपना कारोबार समेट कर भारत ला रही है। भारत में हाल में किए गए नीतिगत बदलावों के बाद कंपनी ने यह कदम उठाने का फैसला किया है। कंपनी ने अपने मोबाइल फोन विकास और विनिर्माण परिचालन को बढ़ाने के लिए अगले पांच साल के दौरान 800 करोड़ रुपए निवेश की योजना बनाई है। लावा इंटरनेशनल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हरी ओम राय ने कहा, ''उत्पाद डिजाइन के क्षेत्र में चीन में हमारे कम से कम 600 से 650 कर्मचारी हैं। हमने अब डिजाइनिंग का काम भारत में स्थानांतरित कर दिया है। भारत में हमारी बिक्री जरूरतों को स्थानीय कारखाने से पूरा किया जा रहा है।

एशियन पेंट्स बढ़ाएगा अपने स्टाफ का वेतन

नई दिल्ली। पूरी दुनिया के साथ ही भारत भी इस वक्त वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) से घिरा है। वायरस को फैलने से रोकने के लिए देशव्यापी लॉकडाउन लगा है, जिसकी वजह से कई कंपनियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है और ऐसे में कंपनियों ने अपने स्टाफके वेतन में न सिर्फ कटौती की है, बल्कि साल में होने वाले वेतन वृद्धि (इन्क्रीमेंट) को भी रोक दिया है। यहां तक कि कई कंपनियों से छंटनी की खबरें भी आई हैं। वहीं, एशियन पेंट्स ने कहा है कि वह अपने सालाना इन्क्रीमेंट को जारी रखेगी। कंपनी एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि भी की है। अधिकारी ने कहा, ऐसे समय कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए हम हमेशा की तरह इस साल भी वेतन वृद्धि के साथ आगे बढ़ेंगे।

निवेश लाकर रोजगार बढ़ाना है - वित्त मंत्री

सरकार का फोकस इज ऑफ डूइंग बिजनेस और डीबीटी पर

नई दिल्ली। कोविड-19 संकट के बीच मोदी सरकार की तरफ से घोषणा किए गए 20 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज की चौथी किश्त का ऐलान करने के लिए आई वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री का सुधारों को लेकर बेहतरीन रिकॉर्ड रहा है। उन्होंने कहा कि हमें कॉम्पटीशन के लिए तैयार रहना है। निर्मला ने कहा कि सरकार का फोकस इज ऑफ डूइंग पर है और डीबीटी, जीएसटी सुधार की दिशा में अहम हैं। उन्होंने कहा कि हमें देश में निवेश भी लाने हैं और रोजगार भी बढ़ाने हैं। विदेशी निवेश के लिए भारत में अच्छा अवसर है। वित्त मंत्री ने कहा कि कई सेक्टर आज भारी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि हमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयारी रहना चाहिए। जब हम आत्मनिर्भर भारत की बात करते हैं तो हम इसके अंदर नहीं देख रहे, यह अलगाववादी नीति नहीं है, इसमें भारत को अपनी ताकत पर भरोसा करना है, वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना है।

उन्होंने आगे कहा कई क्षेत्रों में नीतियों को सरल बनाने की आवश्यकता है, ताकि लोगों को यह समझना सरल हो कि इस क्षेत्र से क्या मिल सकता है, लोगों की भागेदारी बढ़े और पारदर्शिता आ सके। हम ऐसा करके किसी क्षेत्र के विकास और नौकरियों को बढ़ावा दे सकते हैं। न्यू चैंपियन सेक्टरों के संवर्धन के लिए प्रोत्साहन योजनाएं शुरू की जाएंगी जैसे सोलर पीवी विनिर्माण, उन्नत सेल बैटरी भंडारण आदि क्षेत्रों में रक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए बड़ा कदम उठाया है। वित्तमंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने के लिए मेक इन इंडिया पर जोर दिया जाएगा। सेना को आधुनिक हथियारों की जरूरत है। उन्होंने कहा रक्षा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा 49 फीसदी से बढ़ाकर 75 फीसदी की जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड का निगमीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही कुछ हथियारों के आयात पर बैन लगाया जाएगा और उनकी लिस्ट बनेगी। उन्होने कहा कि साल दर साल भारत में ही हथियारों का उत्पादन बढ़ाया जाएगा और जो पुर्जे आयात करने पड़ते हैं उनका भी उत्पादन देश में ही किया जाएगा। इसके लिए अलग से बजट दिया जाएगा। इससे रक्षा आयात खर्च होगा और उन कंपनियों को लाभ होगा जो भारत में सेना के लिए हथियार बनाएंगी। ऑर्डिनेंस फैक्ट्री ऑर्गनाइजेशन को निगमीकृत किया जाएगा। वित्त मंत्री ने जोर दिया कि कामकाज में सुधार के लिए निगमीकृत किया जाएगा, निजीकरण नहीं किया जाएगा। इसे शेयर बाजार में सूचीबद्ध किया जाएगा। आम लोग इसके शेयर खरीद सकेंगे।

पीपीपी मॉडल पर एयरपोर्ट का विकास

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पब्लिक प्राइवेट मॉडल पर एयरपोर्ट का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 6 एयरपोर्ट की नीलामी की जाएगी और एयर स्पेस को बढ़ाया जाएगा। एयरस्पेस बढ़ाने से 1 हजार कोड़ बचेंगे। पीपीपी मॉडल से 6 एयरपोर्ट विकसित किए जाएंगे। अभी 60 फीसदी एयरस्पेस खुला हुआ है।

12 लाख लोगों ने पकड़ी शेयर बाजार की राह

मुंबई। कोरोना वायरस लॉकडाउन के दौरान अधिकतर लोगों के कामकाज बंद हो गए। दुकान, व्यापार, नौकरी जैसे आमदनी के अधिकतर रास्ते कोरोना की वजह से बाधित रहे। हालांकि, इस बीच 10 लाख से अधिक लोगों ने कमाई के लिए शेयर बाजार का रास्ता पकड़ा है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च और अप्रैल के दौरान सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज ने 12 लाख नए खाते खोले हैं, जबकि साल के पहले दो महीनों जनवरी और फरवरी में कुल 9 लाख लोगों ने खाते खोले थे। यानी लॉकडाउन में शेयर बाजार में निवेशकों की संख्या पहले के मुकाबले तेजी से बढ़ी है।

कोरोना वायरस लॉकडाउन की वजह से शेयर बाजार कई सालों के निचले स्तर पर चला गया। शेयरों की कीमतें कम हो गईं। नए निवेशकों ने इस मौके का फायदा उठाते हुए कम कीमत पर शेयर खरीदे हैं। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का बीएसई सेंसेक्स जनवरी के सर्वोच्च स्तर से 26 पर्सेंट नीचे है। दिल्ली में कपड़े की दुकान चलाने वाले रौनक सिंह ने कहा कि उन्होंने लॉकडाउन में शेयर बाजार में एंट्री मारी है। 27 वर्षीय रौनक सिंह ने कहा, ''मैं पिछले कई महीनों से इसके बारे में सोच रहा था, लेकिन बहुत व्यस्त रहने की वजह से यह नहीं कर पा रहा था।'' उन्होंने पिछले दो महीनों में 1 लाख 60 हजार रुपए निवेश किए हैं।

आरआईएल का राइट इश्यू 20 मई से तीन जून तक खुलेगा

मुंबई (वार्ता)। देश के धनकुबेर मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) का राइट इश्यू 20 मई को खुलेगा और तीन जून को बंद होगा। कंपनी ने नियामक संस्था प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और शेयर बाजारों को 15 मई को इसकी जानकारी भेजी है। आरआईएल ने 30 अप्रैल को तिमाही परिणाम घोषित करते हुए राइट इश्यू का ऐलान किया था। आरआईएल के निदेशक मंडल की राइट इश्यू समिति की 15 मई को हुई बैठक में इसे हरी झंडी दी गई। यह देश का सबसे बड़ी रकम का राइट इश्यू है।

Reliance Industries Limited

कंपनी का तीन दशकों में यह पहला राइट इश्यू है। आरआईएल के 15 शेयरों पर एक शेयर राइट इश्यू के तहत दिया जायेगा। कंपनी दस रुपये का शेयर 1247 रुपये प्रीमियम पर कुल 1257 रुपए पर देगी। राइट इश्यू की रिकॉर्ड तिथि 14 मई है। इश्यू के आवेदन के समय आवेदकों को 25 प्रतिशत राशि देनी होगी। इसमें ढाई रुपया फेसवैल्यू का और 311.75 रुपये प्रीमियम का कुल 314.25 रुपए देना होगा। शेष 942.75 रुपये की राशि एकमुश्त या किस्तों में ली जायेगी इसका निर्णय निदेशक मंडल करेगा। शुक्रवार 15 मई को कारोबार बंद होने के समय आरआईएल के शेयर की कीमत 1453.20 रुपए थी।

लॉकडाउन की वजह से अप्रैल में देश का निर्यात 60 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली। कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन की वजह से अप्रैल में देश का निर्यात 60.28 प्रतिशत घटकर 10.36 अरब डॉलर पर आ गया। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल महीने में आयात भी 58.65 प्रतिशत घटकर 17.12 अरब डॉलर रह गया। एक साल पहले समान महीने में यह 41.4 अरब डॉलर था। आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में व्यापार घाटा कम होकर 6.76 अरब डॉलर रह गया, जो एक साल पहले 2019 के इसी महीने में 15.33 अरब डॉलर था। मार्च, 2020 में देश का निर्यात 34.57 प्रतिशत घटा था। मंत्रालय ने बयान में कहा, ''निर्यात में गिरावट की प्रमुख वजह मौजूदा वैश्विक सुस्ती है।

बैंक ऑफ बडौदा के सदस्यों ने किया राहत कोष में अंशदान

रायपुर। देश इस समय कोविड 19 जैसी वैश्विक महामारी का सामना कर रहा है. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बैंक ऑफ बडौदा, रायपुर क्षेत्र के स्टाफ सदस्यों ने मिलकर मुख्यमंत्री राहत कोश में 5 लाख रूपये का अंशदान किया है।

मानीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी से उनके निवास कार्यालय में बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की और उन्हें मुख्यमंत्री सहायता कोष में बैंक के कर्मचारियों द्वारा एकत्रित 5 लाख रुपये का चेक सौंपा. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बैंक ऑफ बड़ौदा के इस योगदान की सराहना करते हुए कहाः छत्तीसगढ़ का कॉरपोरेट जगत कोविड-19 वैश्विक महामारी में खिलाफ जंग में अपने सामाजिक दायित्वों का उचित निर्वहन कर रहा है. इस सहयोग से हमारे प्रयासों को बल को मिलेगा. इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा, रायपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख रंजीत कुमार मंडल एवं अधिकारीगण श्री बलजीत सिंह, श्री हेमन्त ठाकुर उपस्थित थे.

मंडल ने माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यबक्त, करते हुए सूचित किया कि हमें अत्यंषत हर्ष एवं गर्व है माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ एवं इसके निवासी इस संकट की घडी में भी पूर्णतः स्वुस्थय एवं सुरक्षित हैं।

ट्रेड वार — इस प्रतिबंध से और खराब हो सकता है दोनों देशों के बीच का रिश्ता

अमेरिका ने हुवावेई पर लगाए नए प्रतिबंध

बोस्टन। अमेरिका सरकार ने चीन की टेक्नॉलजी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी हुवावेई पर कुछ नए प्रतिबंध लगाए हैं। इसके तहत हुवावेई की अमेरिकी टेक्नॉलजी का इस्तेमाल करने की क्षमता पर अंकुश लगाया गया है। इससे उद्योग विकास और सुरक्षा के मुद्दे पर अमेरिका-चीन विवाद और बढ़ सकता है। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री विल्बर रॉस ने शुक्रवार को कहा कि हुवावेई पर विदेशों में सेमीकंडक्टर के डिजाइन और उत्पादन के लिए अमेरिकी टेक्नॉलजी के इस्तेमाल को लेकर पूर्व में प्रतिबंध लगाए गए थे। अमेरिका चाहता है कि हुवावई पूर्व में लगाए गए अंकुशों से बच नहीं पाए।

रॉस ने 'फॉक्स बिजनेस से कहा कि एक काफी उच्चस्तर की तकनीकी खामी है जिसके जरिये हुवावेई अमेरिकी टेक्नॉलजी को प्रभावित करने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि हम कभी नहीं चाहते थे कि इस तरह की खामी रहे। हुवावेई टेक्नोलॉजीज चीन का पहला वैश्विक टेक्नॉलजी ब्रांड है और यह कंपनी नेटवर्क उपकरण और स्मार्टफोन बनाती है। हुवावेई अमेरिका-चीन विवाद का प्रमुख मुद्दा है। अमेरिकी अधिकारी कहते रहे हैं कि हुवावई सुरक्षा के लिए खतरा है।

हालांकि, कंपनी ने इन आरोपों को नकारा है। वहीं चीन का कहना है कि अमेरिका सुरक्षा चेतावनी का दुरुपयोग कर अमेरिकी टेक्नॉलजी कंपनियों लिए चुनौती बन रही हुवावेई को नुकसान पहुंचाना चाहता है। नए नियमों के तहत विदेशी सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को हुवावेई द्वारा डिजाइन सेमीकंडक्टर जिनका निर्माण अमेरिकी प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर किया गया है, को चीन की कंपनी को भेजने के लिए अमेरिकी लाइसेंस हासिल करना होगा।

चीन ने अमेरिकी कंपनियों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। दुनिया के सेमीकंडक्टर संयंत्रों में इस्तेमाल होने वाले चिप डिजाइन और विनिर्माण उपकरण ज्यादातर अमेरिका में बनते हैं। ऐसे में नए नए उन विदेशी उत्पादकों को प्रभावित करेंगे जो हुवावेई को बिक्री करते हैं।

चीन से आयात पर निर्भरता कम करने की मुहिम में जुटी यूपी सरकार

लखनऊ। कोरोना संक्रमण के खिलाफ जंग के साथ अब आत्मनिर्भर बनने का अभियान तेज हो गया है। चीन से आयात पर निर्भरता पर कम करने के लिए उत्तर प्रदेश अपनी विशेष मुहिम में जुट गया है। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इसका संकेत दिया है। अब चीन में बने लक्ष्मी गणेश,चाइनीज दिए,झालर व अगरबत्ती का स्थान स्वदेशी सामान लेंगे। इलेक्ट्रानिक्स गुड्स, इलेक्ट्रिकल सामान, रसायन, हैंडलूम, आदि सामान का उत्पादन इतना बढ़ाया जाएगा ताकि देश को इन सामानों को चीन से मंगाने की जरूरत न पड़े।

ईसी कानून में संशोधनों का एफएसआईआई ने किया स्वागत

नई दिल्ली (वार्ता)। फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफएसआईआई) इस मुश्किल चुनौती के समय कृषि सेक्टर को बढ़ावा देने एवं किसानों के उत्थान के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों का स्वागत किया है।

संगठन के अध्यक्ष एम रामासामी ने कृषि क्षेत्र को लेकर आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत की जा रही घोषणाओं का स्वागत करते हुये कहा कि फार्म-गेट इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए एक लाख करोड़ रुपये के एग्रीकल्चर इन्फ्रा फंड की स्थापना एवं माईक्रो फूड इंटरप्राईज़ेस के औपचारीकरण के लिए 10,000 करोड़ रुपये की योजना तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम में संशोधन कृषि एवं किसानों के कल्याण को बढ़ावा देगा। एफएसआईआई के महानिदेशक राम कौंडिन्य ने कहा कि आवश्यक वस्तु अधिनियम में संशोधन का इंतजार लंबे समय से किया जा रहा था। यह कृषि बाजार में अनेक लोगों के प्रवेश की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसे कृषि बाजार में प्रतिस्पर्धात्मकता आएगी और किसानों को अपने उत्पाद का बेहतर मूल्य मिलेगा। अनाज, खाद्य तेल, तिलहन, दाल, प्याज व आलू जैसे कृषि उत्पादों के विनियमन से बाजार पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। कृषि मार्केटिंग में सुधार लागू करने के नियम से किसानों को चयन के ज्यादा विकल्प मिलेंगे, खासकर तब, जब उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म का सहयोग होगा।

एफएसआईआई के कार्यकारी निदेशक डॉ शिवेंद्र बजाज ने कहा कि कृषि उत्पाद के मूल्यों एवं क्वालिटी एश्योरेंस पर किए गए केंद्रण स्वागत योग्य है।

आज का भविष्यफल

मेषः नए कार्यों का आयोजन आज सफल होगा। धन और मान-सम्मान में वृद्धि होगी। परिवार में आनंद का वातावरण छाया रहेगा और सरकारी कार्य संपन्न होंगे। कई लोगों के लिए दिन भर आलस्य का माहौल रहेगा।

वृषभः आज आप बौद्धिक तथा लेखन के कार्यों में सक्रिय रहेंगे। धार्मिक प्रवृत्ति मन को शांत रखेगी और विदेश में रह रहे किसी मित्र या स्नेहीजनों के समाचार मिलेंगे।

मिथुनः आज का दिन सावधानी से व्यतीत करें और नए कार्यों का प्रारंभ न करें एवं क्रोध पर संयम रखें। नए संबंध बनाने से पहले गंभीरता से विचार करें।

कर्कः आज आपका दिन सुखपूर्वक एवं आनंद से व्यतीत होगा। कुछ अलग हटकर करना आज के दिन की विशेषता रहेगी। उत्तम वैवाहिक सुख प्राप्त होगा। आज कोई रिस्क वाला कदम न उठाएं।

सिंहः आपके व्यापार में आज विस्तार होगा और नौकरी में सहकर्मियों की तरफ से सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुओं पर विजय मिलेगी और सरकारी कार्यों में भी सफलता मिलेगी।

कन्याः आज बौद्धिक चर्चा में भाग लेने का अवसर मिल सकता है, विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। लेखनकार्य या सृजनात्मक कृतियों की रचना करने के लिए दिन अच्छा है।

तुलाः आज स्थायी संपत्ति, वाहन आदि के खरीद-फरोख्त में विचार-विमर्श अवश्य करें, मां अथवा घर में किसी बुजुर्ग महिला के स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें।

वृश्चिकः आज नए कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी एवं नए कार्य प्रारंभ कर पाएंगे। आज आपके मन में परिवर्तन शीघ्र आएंगे। जिससे आपका मन कुछ दुविधायुक्त रहेगा। दिन के पहले हिस्से में मेहनत कुछ ज्यादा ही करनी होगी।

धनुः हाथ में आया हुआ अवसर सही निर्णय न लेने के कारण आप आज गंवा सकते हैं। वाणी द्वारा दूसरों को अपने प्रति आकर्षित करें तो लाभकारी रहेगा।

मकरः आज दिन की शुरुआत प्रसन्न मन और स्वस्थ चित्त से होगी। आर्थिक दृष्टि से भी आज का दिन लाभदायी होगा। मित्र या परिवार के सदस्यों का साथ मिलेगा।

कुंभः आज आप मानसिक अस्वस्थता का अनुभव कर सकते हैं। किसी एक निश्चय पर आप नहीं पहुंच पाएंगे और असमंजस के कारण मानसिक कष्ट हो सकता है।

मीनः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा, व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा, धनप्राप्ति के योग हैं, हाथ में आए अवसर का लाभ अवश्य उठाएं। बाहर फिजूलखर्ची करने के बजाय घरवालों के साथ समय गुजारें क्योंकि आज आपके खर्च वैसे ही ज्यादा होंगे।

सू- दोकू क्र.024

9		8		1		7		
4		6			7		5	
	3			6		8		9
		3			1		6	
5			6			9		
		9		5			3	
3			7		9			1
	5			2		3	9	
1		4			8		7	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.23 का हल

7	5	6	4	1	2	8	3	9
3	4	8	6	7	9	2	1	5
1	2	9	5	3	8	7	4	6
2	8	1	9	5	6	4	7	3
6	9	7	2	4	3	5	8	1
5	3	4	7	8	1	9	6	2
8	7	2	1	6	5	3	9	4
4	6	5	3	9	7	1	2	8
9	1	3	8	2	4	6	5	7

शब्द सामर्थ्य -024

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, वल्दी, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

ऊपर से नीचे

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानदंड, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 23 का हल

भू	कं	प	■	फा	य	दा	■	स
प	■	ल	ला	ट	■	य	ती	म
ति	ल	क	■	क	न	क	■	झ
■	क्ष	■	■	■	रे	■	■	■
ग	ण	क	■	सं	श	य	■	सौ
ह	■	या	च	क	■	म	न्न	त
रा	क्ष	स	■	र	क्ष	क	■	न
■	त्रि	■	■	■	मि	■	■	■
शा	य	री	■	का	त	र	■	गो

बागनदी सीमा न बन जाए कोरोना संक्रमण का रेड कॉरिडोर

बॉर्डर से लौटकर लक्ष्मण लोहिया

राजनांदगांव। आज छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र की बॉर्डर एनएच-06 बाघनदी बॉर्डर पर मौके पर नवप्रादेश के रिपोर्टर पहुंचने में पाया गया कि लाखों की संख्या में महाराष्ट्र, गुजरात से प्रवासी मजदूर छत्तीसगढ़ की बॉर्डर से होते हुए अपने प्रदेश बिहार, झारखंड, वेस्ट बंगाल और उड़ीसा के साथ ही छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों के लोग लगातार आ रहे हैं। और बिना रोक टोक के बार्डर पार कर जा रहे। इस कारण कहीं कोरोना संक्रमण का बन ना जाए बागनदी सीमा रेड कॉरिडोर।

जिले के महाराष्ट्र से सटे प्रदेश का प्रवेश द्वार राजनांदगांव जिले की बागनदी सीमा है। जहां प्रवासी यात्रियों के आवागमन की भीड़ लगी हुई है। प्रवासी यात्रियों जिसमें मजदूर, महिलाए, बच्चे बसों ट्रकों से और ई पास के जरिए अपने गंतव्य की ओर जाने वालों कि संख्या हजारों में है, महाराष्ट्र की बाकायदा स्टेट ट्रांसपोर्ट की बसो में भरकर बॉर्डर पार छत्तीसगढ़ लाया भी जा रहा है, इतनी भीड़ को देख प्रशासन भी दंग हो गया है। हजारों को संख्या में आने वाले छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों के ग्रामों में जाने वाले यात्री भी है। आज बॉर्डर पर यह देखने में आया कि जो मजदूर जिस साधन से आया है, उसे उसी साधन से बॉर्डर से आगे बढ़ा दिया जा रहा है। महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश के वाहनों से आने वाले प्रवासी मजदूरों को स्टेट ट्रांसपोर्ट की बसों से लाकर छत्तीसगढ़ की सीमा पर छोड़ दिया जा रहा है। इन मजदूरों की चिंता छत्तीसगढ़ शासन वह स्थानीय प्रशासन को करनी पड़ रही है।

यह भी देखने में यह आया है कि इन मजदूरों के लिए स्थानीय जिला प्रशासन ने वाहनों की व्यवस्था की है। छत्तीसगढ़ के प्रवासी मजदूरों को बसों के द्वारा उनके गंतव्य ग्राम छोड़ा जा रहा है, तो वहीं अन्य प्रदेशों के प्रवासी मजदूरों को खाली ट्रकों में बिठाकर उनके गंतव्य को रवाना कर रहे हैं, ताकि उनकी भीड़ का दबाव सीमा पर ना रहे भीड़ अगर इक्ठी होगी तो संक्रमण का खतरा यहां बना रहेगा।

मानवता को शर्मसार करने वाला चेहरा दिखा बॉर्डर पर

महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ से सटी हुई सीमा बाघनदी बॉर्डर पर मानवता को शर्मसार करती हुई तस्वीर भी सामने आई, देखने में आया कि छोटे-छोटे बच्चे, महिलाएं, प्रवासी मजदूरों के साथ वापस अपने घर लौटने के चक्कर में ट्रकों के ऊपर बैठकर जाने को मजबूर हैं। महाराष्ट्र सरकार कहीं पर भी इनकी रोक टोक नहीं कर रही है साथ ही अब छत्तीसगढ़ शासन भी इन्हें नहीं रोक रहा। जो जिस हालत में आया है उसी हालत में उसे आगे बढ़ा दिया जा रहा है। खासकर छोटे-छोटे बच्चे, महिलाएं कड़ी धूप में खुले ट्रकों में बैठकर जा रही हैं ना उनके पास खाने के लिए कुछ है ना ही पीने के लिए।

जिला दंडाधिकारी जयप्रकाश मौर्य ने मुख्य सचिव को किया पत्र प्रेषित

जिला दंडाधिकारी श्री जयप्रकाश मौर्य ने संक्रमण की संभावना को देखते हुए मुख्य सचिव श्री आरपी मण्डल को पत्र लिखा गया है, राजनांदगांव जिले की महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के साथ लंबी सीमा लगती है। जिले में कुल 6 चेक पोस्ट स्थित है, मेरे संज्ञान में यह आया है कि महाराष्ट्र और गुजरात परिवहन विभाग की बसों एवं उन राज्यों से आने वाले ट्रकों के माध्यम से बड़ी संख्या में यात्रियों को बागनदी चेक पोस्ट के समीप उतार दिया जाता है, जिससे लगातार बागनदी चेक पोस्ट पर हजारों लोगों की भीड़ एकत्र हो रही है, जिससे राजनांदगाँव जिले में संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। सीमा पर आने वाले यात्री छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल के निवासी है। जिसमें केवल 20 प्रतिशत यात्री ही छत्तीसगढ़ के निवासी हैं। इन प्रवासी यात्रियों के सुरक्षित परिवहन हेतु संबंधित राज्य सरकारों के साथ समन्वय की आवश्यकता है। इन प्रवासी यात्रियों के परिवहन हेतु बड़ी संख्या में बसों की आवश्यकता होगी, जिसका भार राज्य सरकार पर आएगा। उचित होगा कि अन्य राज्यों के निवासियों के परिवहन व्यय का भार संबंधित राज्य सरकारें वाहन करें। कृपया उक्त संबंध में उचित कार्यवाही कर पर्याप्त संख्या में बस उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध है।

बॉर्डर पर नहीं हो पा रहे टेस्ट

दूसरी ओर बॉर्डर में प्रवेश करने वाले प्रवासी यात्रियों का ना इंफ्ररेड ना ही रैपिड टेस्ट किया जा रहा है मौजूदा स्थिति को देखे तो वह प्रशासन के लिए संभव भी नहीं दिख रहा। जबकि होना यह चाहिए था कि बार्डर पर आने वाले सभी की मेडिकल जांच होने के बाद होने आगे जाने देना चाहिए था। किन्तु ऐसा हो नहीं रहा। एसडीएम डोगरगढ़ श्री अविनाश भोई का कहना है कि हजारों-हजारों की संख्यां में लोग आ रहे हैं अगर मेडिकल के लिए इन्हें यहां उतारा गया गया तो काफी भीड़ हो जावेगी, और फिर संक्रमण का खतरा बढ़ जावेगा।

स्टेशन पर उतरकर श्रमिकों ने अपनी धरती को किया नमन

शुक्रवार और शनिवार को लगातार दो दिनों में आये 2200 श्रमिक

नव प्रदेश संवाददाता

भाटापारा। अपना घर,अपना परिवार अपना गॉव अपना प्रदेश ये क्या होता है। आज मजदूरो ने ट्रैन से भाटापारा स्टेशन में उतरते ही समझ गए, कमाने खाने के लिए उत्तरपदेश के विभिन्न जिलो में कार्य करने वालो को उत्तरप्रदेश के लखनऊ से राज्य के मज़दूरों को लेकर विशेष रेलगाड़ी शुक्रवार की शाम साढे 6 बजे भाटापारा स्टेशन पहुंची। रेल से लगभग साढ़े 9 सौ 83 मज़दूर यहाँ उतरे। इनमें 885 बेमेतरा जिले से और 98 बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के थे । शनिवार को भी एक ट्रैन में 1200 यात्रियो को यहाँ उतारा जा रहा है। उन सबका स्वास्थ्य परीक्षण कराकर अपने गांव के आसपास के क्वारंटाइन सेन्टर के लिए रवाना किया गया।

लखनऊ से दोनों दिनों आई मजदूरो की ट्रैन में आये श्रमिक यहाँ उतरते ही काफी खुश नजर आये।उनकी खुशी का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है की प्लेटफार्म पर कदम रखते ही उन्होंने धरती माता को चूमकर अपनी सकुशल वापसी के लिए उनको नमन करते हुए अपनी ख़ुशी का इजहार किया,मानो उन्होंने कोई जंग जीत ली हो। वापस आये श्रमिको ने धरती माता को चूमते हुए बता दिया की अपना घर,अपना परिवार,अपना गॉव अपना प्रदेश क्या होता है । गाँव खपरी,थान खम्हरिया जिला बेमेतरा निवासी कृष्णा निर्मलकर उम्र 45 वर्ष ने बताया कि वह लखनऊ शहर में सालभर से मजदूरी का कार्य करता हूं। मेरे साथ मेरे पत्नी और 3 बच्चे भी लखनऊ में रहते है।जिसमें एक बड़ा बेटा मजदूरी में मेरे हाथ बटाता है। 2 बच्चे पढ़ाई करते है। लॉक डाउन से काम सब बंद हो गया था। हम वहां बहुत परेशान थे। हम वापस अपने गाँव आना चाहते थे। सरकार ने हमारी आवाज सुनी और ट्रेन की व्यवस्था कर हम सब मजदूरों की मदद किया। आज वापस घर आकर हमे शुकुन मिला हैं। हमे आने में कोई भी परेशानी नही हुआ। ग्राम सावतपुर बेमेतरा की रजनी ने बताया की अब वे काम करने बाहर नही जायेंगे यही रहकर रोजी मजदूरी कर अपने परिवार का लालन पालन करेंगे।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल और एसपी प्रशांत ठाकुर के नेतृत्व में सम्पूर्ण प्रक्रिया शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से सम्पन्न हुई। कुछ मज़दूरों का स्वाब नमूना भी कोरोना परीक्षण के लिए लिया गया। मज़दूरों के सुरक्षित और मुफ्त में घर वापसी के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया। जिला प्रशासन के नेतृत्व में स्टेशन में कई गई व्यवस्था की सराहना की है। स्टेशन में मज़दूरों की इम्युनिटी बढ़ाने के लिए आयर्वेद काढ़ा के पैकेट भी वितरित किये गए। जिला पंचायत की ओर से सभी श्रमिकों को छत्तीसगढ़ी मुर्रा-लाई के पैकेट दिया गया। छोटे बच्चों को चॉकलेट खिलाकर स्वागत किया गया। इस दौरान जिला प्रशाशन के अधिकारीयो के साथ साथ एसडीएम महेश राजपुत, तहसीलदार प्रवीण तिवारी, थानेदार महेश धुव, बीएमओ डॉ राजेश अवस्थी, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ टीआर कौशिक,विकाश खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह धृतलहरे, जिला यातायात प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह, आरपीएफ प्रभारी केपीएस गुर्जर स्टेशन अधीक्षक अजय कुमार सहित तमाम अधिकारी कर्मचारीगण सेवा में लगे रहे।

जरूरी सामानों के ट्रांसपोर्ट के लिए रेलवे चला रहा 4 स्पेशल पार्सल ट्रेन

अब 31 मई तक चलेंगी सभी ट्रेनें

बिलासपुर। आवश्यक वस्तुओं जैसे खाद्य सामग्री, दवाएं, चिकित्सा आपूर्ति, चिकित्सा उपकरण, खाद्य तेल, आदि आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करने हेतु रेलवे प्रशासन द्वारा पार्सल गाडियां चलाई जा रही है । इसी कडी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा 04 विशेष पार्सल ट्रेनों का परिचालन 15 मई तक किया जा रहा था ।जरूरी सामान भेजने वालों की सुविधा व मांग को ध्यान में रखते हुए इन गाड़ियों के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। अब ये गाड़ियां 31 मई तक चलाई जाएगी।

00873/00874 दुर्ग -अम्बिकापुर-दुर्ग के मध्य विशेष पार्सल ट्रेन- यह गाडी दुर्ग से 31 मई तक प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार व रविवार को तथा अम्बिकापुर से 31 मई तक प्रत्येक गुरुवार, शनिवार व सोमवार को चलेगी । इस गाड़ी का ठहराव दोनों दिशाओं में रायपुर, उसलापुर, पेण्ड्रारोड, अनूपपुर, बिजुरी, बैकुंठपुर रोड स्टेशनों में दिया गया है।

00871/00872 दुर्ग- कोरबा- दुर्ग के मध्य विशेष पार्सल ट्रेन ङ्क यह गाडी दुर्ग एवं कोरबा से दिनांक 31 मई तक प्रतिदिन चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव दोनों दिशाओं में रायपुर, तिल्दा, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा स्टेशनों में दिया गया है।

00881/00882 इतवारी - टाटानगर-टाटानगर के मध्य विशेष पार्सल ट्रेन ङ्क यह गाडी इतवारी से दिनांक 31 मई तक प्रतिदिन तथा टाटानगर से दिनांक 31 मई तक प्रतिदिन चलेगी । इस गाड़ी का ठहराव दोनों दिशाओं में गोंदिया, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, चांपा, रायगढ, झारसुगडा, राउरकेला, चक्रधरपुर स्टेशनों में दिया गया है

00875/00876 दुर्ग -छपरा ङ्क दुर्ग के मध्य विशेष पार्सल ट्रेन ङ्क यह गाडी दुर्ग से 30 मई तक प्रत्येक सोमवार ,बुधवार व शनिवार को तथा छपरा से 30 मई तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को चलेगी । इस गाड़ी का ठहराव दोनों दिशाओं में रायपुर, बिलासपुर, पेण्ड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज, वाराणसी स्टेशनों में दिया गया है।

एंड्राइड मोबाईल नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई में आ रही समस्या

देवभोग (नव प्रदेश)। सिर्फमोबाइल नंबर के आधार पर एंड्राइड मोबाइल होने का अंदेशा लगाते हुए सरकार की पढ़ाई तुम्हार द्वार योजना चलाई जा रही है। जबकि कई पालकों के पास एंड्राइड मोबाइल नहीं है। बल्कि अभी भी कीपैड मोबाइल से अपना काम चला रहे हैं इसके अलावा नोबेल कोरना की मार के चलते वर्तमान स्थिति इतनी अच्छी भी नहीं है, कि नया एंड्राइड मोबाइल लिया जा सके और ना इतनी आए होती है अधिकारियों के अनुसार हम व्यक्ति की आमदनी 361 रूपये बताया जाता है, लेकिन धरातल में उससे भी बहुत कम आमदनी बमुश्किल होती है, ऐसे में नया मोबाइल का जुगाड़ कर कैसे बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई कराया जा सकता है, जानकारी अनुसार बच्चों के प्रवेश एवं छात्रवृत्ति के समय मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड किया जाता है, और अधिकारियों द्वारा उसी नंबर को आधार मानते हुए एंड्राइड मोबाइल का अंदेशा से पढ़ाई तुम्हार योजना चला रहे हैं, जबकि जमीनी हकीकत अधिकारियों को तक नहीं मालूम है आर्थिक रूप से कमजोर पालको को थोड़ी बहुत राहत तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह द्वारा दिए गए मोबाइल से भी मिल जाता रहा लेकिन अब वह अधिकांश मोबाइल भी काम नहीं कर रहा है, इसके अलावा लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता लगने के कारण 3000 से अधिक मोबाइल देवभोग जनपद कार्यालय से वापस ले लिया गया और पूरे जिले का आंकड़ा से समझा जा सकता है, कि कितने गरीब परिवार के पास एंड्राइड मोबाइल नहीं है ऐसे में स्वाभाविक है, की पढ़ाई तुम्हर द्वार योजना धरातल में दम तोड़ देगी और गिने-चुने बच्चों के पालको या रिश्तेदारों के पास एंड्रॉयड मोबाइल है, भी तो नेटवर्क परेशानी के चलते ऑनलाइन पढ़ाई कर पाना मुश्किल होगा क्योंकि जंगली इलाके में नेटवर्क सिस्टम लगने के बाद भी पूरी नेटवर्क नहीं हो पाता?

> यह तो सही है की कई पालकों के पास एंड्राइड मोबाइल नहीं है फिर भी हमारी कोशिश है कि अधिकांश बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई करवाया जाए।

गोपाल तांडेय, जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद

न्याय योजना लागू होने से किसानों के खिले चेहरे

किसानों ने कहा जरूरत के समय पर सरकार की अच्छी पहल

नव प्रदेश संवाददाता

देवभोग। जो जमीन में उतर कर खेतों की खाक झानकर कड़ी मेहनत से किसानी करते हैं, वही किसान दूसरे किसान की परेशानी और दर्द को समझ सकता है, यही वजह है कि किसानों की जरूरतों को समझते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सही समय पर राजीव गांधी न्याय योजना के तहत लाखों किसानों को 21 मई से एनएसपी की पहली किस्त देने का निर्णय लिया है। जिससे हर किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। उक्त बातें कांग्रेस किसान संगठन प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा किसानों के हितों में फैसला लेने में कांग्रेस सरकार कभी पीछे नहीं होती यही कारण है कि प्राथमिकता के साथ खाद्य बीज उपलब्ध कराने के अलावा एमएसपी की पहली किस्त दिया जाएगा। क्योंकि किसानों को मई माह पर ही काफी ज्यादा पैसे की जरूरत होती है। जिसको मद्देनजर रखते हुए राजीव गांधी के पुण्य तिथि के दिन से न्याय योजना के तहत किसानों को एमएसपी की राशि देना शुरू किया जाएगा। चंद्रशेखर शुक्ला के अनुसार राज्य के 19 लाख किसानों को राजीव गांधी न्याय योजना के तहत 51 सौ करोड रुपए तक दियीा जाएगा मतलब चार किस्तों में दिए जाने वाला राशि की शुरुआत 21 मई से किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में किसानों का प्रति क्विंटल धान को 25 सौ रूपये में खरीदने का वादा किया लेकिन केंद्र सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य से ज्यादा कीमत पर खरीदने वाले धान को सेंटरपुल ने लेने से मना कर दिया जिसके चलते कांग्रेस सरकार किसानों के प्रति क्विंटल धान को 18 सौ 15 रूपये मैं धान खरीदा और अंतराल का पैसा को किस्त किस्त देने का फैसला किया है। इसी तर्ज पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अन्य अन्नदाताओं के श्रम का उचित लाभ देने के लिए राजीव गांधी योजना एमएसपी के तहत पहली किस्त के रूप में 19 लाख किसानों को 51 सौ करोड रूपये दिया जाएगा और वर्तमान स्थिति को देखते किसानों के लिए यह राशि काफी राहत होगी क्योंकि मई माह में खेत की जोताई बोआई साफ सफाई सहित तमाम कार्य किया जाता है, उन्हीं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने योजना के तहत किसानों को पैसा देने की कवायद शुरू कर दिया गया है, जो किसानों के लिए काफी हद तक सहूलियत मिलेगा सबसे ज्यादा राहत उन किसानों को मिलेगा जिनको कर्ज़ सही समय पर नहीं मिल पाता इसलिए राज्य के हर किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं, और इसके लिए चंद्रशेखर शुक्ला ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया है ।

11 कट्टा चावल के साथ युवक गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

सक्ती। ग्राम पंचायत हरेठी से पिकप में भरकर चॉवल सक्ती की ओर ला रहा था मुखबिर की सूचना पर हरेठी पुल के पास तहसीलदार बी.एक्का, नायब तहसीलदार शिव कुमार डनसेना के द्वारा पिकप वाहन क्रमांक सी.जी. 11 ए एफ 7717 को रोककर जांच पड़ताल की गई जिसमें 11 कट्टी चॉवल प्लास्टिक के बोरे में पाये गये। वही मौके पर चॉवल से संबंधित दस्तावेज एवं कागजात मांगे गये परंतु वाहन चालक तोरन पटेल पिता साहेब लाल पटेल निवासी वार्ड क्रमांक 4 सक्ती के द्वारा किसी भी प्रकार का चॉवल से संबंधित दस्तावेज नही है कि जानकारी दी गई।

जिस पर तहसीलदार के द्वारा सक्ती थाने में लाकर उचित कार्यवाही करने के लिये चॉवल से संबंधित जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि यह पीडीएस का चॉवल है और इस चॉवल की खरीदी बिक्री करने का सिलसिला कई लंबे वर्षो से चल रहा है परंतु आज अधिकारियों के द्वारा कार्यवाही गई है जबकि यह चॉवल पीडीएस के बोरो में भरा हुआ था जिसे चमन लाल अग्रवाल के द्वारा सादे प्लास्टिक के बोरे में भरकर पिकप के माध्यम से बेचा जा रहा था । हमारे गांव में राशन दुकान संचालक एवं ग्राम पंचायत सचिव के मिली भगत से प्रत्येक महीने राशन कार्ड के चॉवल की बिक्री हमेशा होते रहता है। इस संबंध में नायब तहसीलदार शिव कुमार डनसेना द्वारा बताया गया कि हमारे द्वारा हरेठी पुलिया के पास 11 कट्टी चॉवल से भरे पिकप को जप्ती बनाकर जांच पड़ताल के लिये थाना लाया गया है। ड्रायवर के कथानुसार हरेठी के चमन अग्रवाल से चॉवल को लेकर आषु अग्रवाल के यहां देने जाने की बात बतायी गई। इसकी जांच पड़ताल के बाद ही उचित कार्यवाही की जायेगी।